Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/48369
वर्ष 13 । अंक 81
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

मणिपुर संघर्ष के मूल मुद्दे को समझना अब भी बाकीः मुख्यमंत्री

# आयुध कारखाना विस्फोट में आठ लोगों की मौत



महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध कारखाने में विस्फोट के बाद बचाव अभियान चलाया गया।

**पीटीआई।** भंडारा

**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार सुबह एक आयुध कारखाने में विस्फोट होने से आठ लोगों की मौत हो गई। हालांकि, जिला अधिकारियों ने कुछ घंटों बाद बताया कि सात लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और बचाव कार्य अभी भी जारी है।

एक स्थानीय निवासी, जिसका 20 वर्षीय चचेरा भाई भी मृतकों में शामिल है, ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के तीन गांवों के निवासियों को धरती हिलती हुई महसूस हुई। विस्फोट के तुरंत बाद ली गई तस्वीरों में घटनास्थल के ऊपर धुएं का विशाल बादल उठता हुआ दिखाई दिया। गडकरी ने इससे पहले संवाददाताओं को बताया, ''प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विस्फोट में आठ लोग मारे गए और सात घायल हो गए।'' अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट सुबह करीब 10.30 बजे जवाहर नगर स्थित फैक्ट्री के एलटीपी सेक्शन में हुआ। जिला कलेक्टर संजय कोलते के अनुसार, उस समय यूनिट में 13 से 14 लोग काम कर रहे थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि विस्फोट के कारण आग लग गई और इमारत ढह गई, तथा बचाव अभियान के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को तुरंत तैनात किया गया। एनडीआरएफ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव अभियान के लिए विशेष उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है तथा इसमें शामिल सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह इस घटना से बहुत दुखी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध कारखाने में हुए विस्फोट के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएँ। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार की पहचान चंद्रशेखर गोस्वामी (59), मनोज मेश्राम (शेष पृष्ठ 9)

# मप्र के पवित्र शहरों में होगी शराबबंदी

**पायनियर समाचार सेवा।** खरगोन (मप्र)



**मध्यप्रदेश** के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने राज्य के धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण 17 शहरों में शराब की दुकानें बंद करने का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि खरगोन जिले के महेश्वर में मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। इन 17 शहरों में एक नगर निगम, छह नगर पालिकाएं, छह नगर परिषद और छह ग्राम पंचायतें शामिल हैं।मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, राज्य में शराब की लत को खत्म करने के लिए पहले कदम के तौर पर 17 पवित्र ॅशहरों में शराब की दुकानें बंद की जाएंगी। ये दुकानें किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित नहीं की जाएंगी। उज्जैन नगर निगम की सीमा में शराब की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। यादव ने कहा कि जिन क्षेत्रों में शराब की दुकानें बंद की जाएंगी वे दतिया, पन्ना, मंडला, मुलताई, मंदसौर और मैहर नगर पालिकाओं के साथ-साथ ओंकारेश्वर, महेश्वर, मंडलेश्वर, ओरछा, चित्रकूट और अमरकंटक नगर परिषदों का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन छह ग्राम पंचायतों में सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, कुंडलपुर, बांदकपुर और बरमान खुर्द शामिल हैं। यादव ने बताया कि नर्मदा नदी के पांच किलोमीटर के दायरे में शराब पर प्रतिबंध जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन छह ग्राम पंचायतों में सलकनपुर, बरमान कला, लिंगा, कुंडलपुर, बांदकपुर और बरमान खुर्द शामिल हैं। यादव ने बताया कि नर्मदा नदी के पांच किलोमीटर के दायरे में शराब पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

# केजरीवाल ने भाजपा पर वोटरों को घूस देने का लगाया आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी में चुनावी माहौल के बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा तीखा हमला बोला है। उन्होंने लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि जो आपका वोट पैसे या गिफ्ट से खरीदना चाहते हैं। उसे कभी वोट न देना। आपका वोट आपकी आवाज है। इसे पैसे या लालच में न बेच देना। भाजपा नेता जानते हैं कि वे चुनाव नहीं जीत सकते, इसलिए अब वे लोगों को पैसे से खरीदने का प्रयास कर रहे हैं।

अरविंद केजरीवाल ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अक्सर चुनावों में कहा जाता है कि चुनाव से पहले वाली रात कत्ल की रात होती है। उस रात को खूब शराब, पैसे और मुर्गा बंटता है लेकिन दिल्ली का यह चुनाव एक अलग ही चुनाव है। यहां चुनाव से डेढ़ महीने पहले से ही खुलेआम पैसे और सामान बंटना शुरू हो गया है। जूते बंट रहे हैं। 1100-1100 रुपए बांटे जा रहे हैं। किसी को कोई डर नहीं है कि कोई चुनाव आयोग है, कोई हमें रोकेगा। यह सब पुलिस के संरक्षण में बांटा जा रहा है। पुलिस बकायदा तरीके से लाइन लगवा रही है। पुलिस चेक कर रही है कि कोई वोटर है तो उसे ही सामान मिले। चादरें, साड़ियां, जूते, कंबल, जैकेट, राशन और सोने की चेन बंट रही है। यह देश के लिए बेहद खतरनाक है।

केजरीवाल ने कहा कि ये सारा सामान और पैसा सरकारी पैसे से नहीं बंटे रहे है। यह पैसा इन्होंने जनता को लूटकर कमाया है। ये जितना सामान और पैसा बांट रहे हैं, सब ले लो। चिंता मत करो। लेकिन अपना वोट मत बेचना। यह वोट देने का अधिकार बाबा साहब अंबेडकर ने दिया। जब संविधान बनाया जा रहा था तब संविधान सभा में चर्चा हुई। चर्चा में कुछ लोगों का कहना था कि अनपढ़ और गरीब लोगों को वोट देने का अधिकार नहीं होना चाहिए। इस पर बाबा साहब अड़ गए। उन्होंने कहा कि इस देश के हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार होना चाहिए। बाबा साहब ने जो आपके लिए जो संघर्ष किया और बाकियों से लड़कर आपको वोट देने का अधिकार दिलवाया। उस वोट को एक चादर, एक सा ?ी और रुपए में मत बिकने देना। इस जनतंत्र को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। केजरीवाल ने कहा कि जिसे मर्जी अपना वोट दे दो लेकिन जो आपके वोट खरीदने की कोशिश कर रहा है, उसे कतई वोट मत देना। वह एक नंबर का भ्रष्टाचारी, गद्दार और देश का दुश्मन है।

दिल्ली का फैसला

# विरोध के बाद वक्फ पैनल की बैठक खत्म

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**वक्फ** संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में शामिल 10 विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष जगदंबिका पाल के खिलाफ विरोध जताने तथा प्रक्रियाओं को लेकर मनमानी करने का आरोप लगाए जाने के बाद शुक्रवार को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

विपक्षी सदस्यों ने पाल पर कार्यवाही को एक तमाशा बनाने का आरोप लगाया और दावा किया कि वह सरकार के निर्देशों पर काम कर रहे थे। पाल ने बैठक को बाधित करने के उद्देश्य से उनके आचरण की आलोचना की।समिति के अध्यक्ष पाल ने तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी पर अपशब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। पाल ने कहा कि उन्होंने बैठक को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, इसे दो बार स्थगित किया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया। निलंबित सदस्यों में बनर्जी और नदीम-उल हक (तृणमूल कांग्रेस), मोहम्मद जावेद, इमरान मसूद और सैयद नासिर हुसैन (कांग्रेस), ए राजा और मोहम्मद अब्दुल्ला (द्रमुक), असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम), मोहिबुल्लाह (सपा) और अरविंद सावंत (शिवसेना-यूबीटी) शामिल हैं।विपक्षी सदस्यों का निलंबन उस दिन हुआ जब मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर का एक प्रतिनिधिमंडल वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के समक्ष मसौदा कानून के बारे में अपनी चिंताओं को साझा करने के लिए उपस्थित (शेष पृष्ठ 9)



कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक (बाएं) बांदीपोरा के मौलाना रहमतुल्लाह के साथ वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय पैनल के समक्ष पेश होने का इंतजार करते हुए।

# 350 करोड़ के क्रिप्टो घोटाले का पर्दाफाश

## सीबीआई ने सात लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सात लोगों के खिलाफ 350 करोड़ रुपये के क्रिप्टो-पोंजी घोटाले का मामला दर्ज करने के बाद सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति कथित तौर पर दिल्ली, हजारीबाग, बठिंडा, रतलाम, वलसाड, पुदुक्कोट्टई और चित्तौड़गढ़ शहरों में सात अलग-अलग मॉड्यूल चला रहे थे, जो क्रिप्टोकरेंसी में निवेश का वादा करके भोले-भाले निवेशकों से पैसे लेते थे।सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'इन पोंजी योजनाओं को कई सोशल मीडिया समूहों के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा था। बैंक खाता लेनदेन और क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट्स के विश्लेषण से पता चला है कि इन योजनाओं से प्राप्त अवैध आय को क्रिप्टोकरेंसी में परिवर्तित किया जा रहा था ताकि उनकी उत्पत्ति को छिपाया जा सके।'अधिकारियों ने बताया कि आरोप है कि इन योजनाओं में 350 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन किया गया।

बृहस्पतिवार को एजेंसी ने दिल्ली, झारखंड, पंजाब, मध्य प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की।तलाशी के दौरान, सीबीआई ने आरोपी व्यक्तियों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट्स में कुल 38,414 अमेरिकी डॉलर (लगभग) की डिजिटल आभासी संपत्ति जब्त की, जिसे जांच के लिए डिजिटल रूप से सुरक्षित कर लिया गया था।

तलाशी में करीब 34.2 लाख रुपये नकद बरामद हुए, साथ ही सात मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, तीन हार्ड डिस्क, 10 पेन ड्राइव, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, एटीएम सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए। बयान में कहा गया है, उनके पास से कई कार्ड, डेबिट कार्ड, ईमेल खाते और कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) के साथ धारा 420 (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया, क्योंकि यह एक चल रही जांच का हिस्सा था जो तीन साल पहले शुरू हुई थी। पिछले वर्ष नये आपराधिक कानून बनाये गये।आरोप लगाया गया है कि आरोपी व्यक्ति आपराधिक साजिश के तहत सक्रिय



रूप से विभिन्न पोंजी और धोखाधड़ी वाली योजनाएं चला रहे हैं, जिनमें क्रिप्टोकरेंसी निवेश के आधार पर उच्च रिटर्न का वादा किया गया है। उन पर निवेशकों को आकर्षित करने के लिए झूठी और भ्रामक जानकारी को बढ़ावा देने, वादा करने और प्रसारित करने का भी आरोप है। बयान में कहा गया है, ये अनियमित जमा योजनाएं हैं, जो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसे नियामक प्राधिकरणों से आवश्यक मंजूरी के बिना संचालित होती हैं।जांच में आरोपी सदस्यों के पास मौजूद कई बैंक खातों और क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों, जिनमें कॉइनडीसीएक्स, वजीरएक्स, जेबपे और बिटबीएनएस शामिल हैं, के साथ वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) वॉलेट का पता चला।सीबीआई ने कहा, दो वर्षों में इन खातों और वॉलेट्स में 350 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ। पीड़ितों को आरोपियों द्वारा ऑनलाइन ऋण, ऑनलाइन लकी ऑर्डर, यूपीआई धोखाधड़ी और इंटरनेट बैंकिंग घोटाले जैसे विभिन्न बहाने बनाकर कथित तौर पर धोखा दिया गया।

# 15 करोड़ के कोविड-19 वैक्सीन घोटाले में फरार ठग पकड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आर्थिक** अपराध शाखा ने 15 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में करीब तीन साल से फरार एक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान प्रफुल्ल कुमार नायक के रूप में हुई है। उसने खुद को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का अधिकारी बताकर महामारी के दौरान कोविड-19 रोधी टीका के परिवहन से संबंधित कार्य आदेश का वादा करके पीड़ितों को ड़तिों को ठगने में अहम भूमिका निभाई। यह मामला वर्ष 2022 में सुनील कौशिक नामक व्यक्ति की शिकायत के बाद शुरू हुआ। कौशिक ने आरोप लगाया था कि कोविड-19 रोधी टीका के परिवहन के लिए सरकारी अनुबंध हासिल करने के नाम पर उससे चार करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई थी।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमृता गुगुलोथ ने एक बयान में कहा, चार अतिरिक्त शिकायतों में भी इसी तरह की कार्यप्रणाली का खुलासा हुआ है, जिसमें आरोपियों ने पीड़ितों से सामूहिक रूप से 15 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की। जांच में पता चला कि मई 2021 में आरोपियों ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुख्यालय निर्माण भवन के परिसर में बैठकें आयोजित करके पीड़ितों को लालच दिया। साथ ही फर्जी कार्य आदेश जारी किए गए और मंत्रालय के भ्रष्ट कर्मचारी के माध्यम से सरकारी परिसर में अवैध पहुंच का लाभ उठाकर विश्वास हासिल किया गया। पुलिस ने बताया कि नायक को मंगलवार को ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया।

इससे पहले, सरगना हरमन सभरवाल समेत आठ अन्य आरोपियों को 2022 में गिरफ्तार किया गया था। एक रिसेप्शन अधिकारी और दो मल्टी-टास्किंग स्टाफ सदस्य सहित मंत्रालय के कर्मचारियों को संलिप्तता के आरोप में



पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दिल्ली के पांडव नगर निवासी और मूल रूप से ओडिशा के रहने वाले 48 वर्षीय नायक ने समूह को निर्माण भवन में प्रवेश कराने में मदद की। उसने खुद को मंत्रालय का अधिकारी भी बताया और गिरफ्तार आरोपियों में से एक पवन राय के नेतृत्व में दो अलग-अलग संगठनों के माध्यम से वित्तीय लेनदेन किया। मामले में आगे की जांच जारी है।

इस मामले में सभी पीड़ितों ने एक ही कार्यप्रणाली का खुलासा किया। ईओडब्ल्यू ने आईपीसी की धारा 420, 406, 467, 468, 471, 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया। चार अतिरिक्त शिकायतों में भी इसी तरह की कार्यप्रणाली का खुलासा हुआ, जिसमें आरोपियों ने सामूहिक रूप से पीड़ितों से 15 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की।

# अमूल ने देशभर में एक लीटर दूध के पैकेट के दाम एक रुपए घटाए

**पीटीआई।** नई दिल्ली

**अमूल** ब्रांड के तहत दुग्ध उत्पादों का विपणन करने वाले गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) ने देश भर में दूध की कीमतों में एक रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। हालांकि, कीमतों में यह कटौती केवल एक लीटर वाले पैकेट पर की गई है। जीसीएमएमएफ के प्रबंध निदेशक जएन मेहता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमने समूचे भारत में एक लीटर वाले पैकेट की कीमतों में एक रुपए प्रति लीटर की कटौती की है। उन्होंने कहा, इसका मकसद उपभोक्ताओं को दूध के बड़े पैकेट खरीदने के (शेष पृष्ठ 9)

# खेती का केंद्र बन गयी है असम की बारपेटा जिला जेल

**पीटीआई।** बारपेटा (असम)

पहली नज़र में यह एक आम जेल लग सकती है, लेकिन असम के बारपेटा जिला जेल परिसर में कदम रखते ही आपको यह एक कृषि केंद्र जैसा लगेगा, जहां कई तरह की फ़सलें उगाई जाती हैं।

निचले असम में स्थित इस जेल परिसर के खेत सरसों से भरे हुए हैं, साथ ही यहां फलों और सब्जियों से लदे पेड, पौधे, एक छोटा मधुमक्खी फार्म और यहां तक ??कि पौष्टिक सेब और जामुन जैसी दुर्लभ फसलें भी हैं।127 बीघा (लगभग 42 एकड़) में फैली बारपेटा जेल में 413 कैदियों को रखने की क्षमता है - जिनमें 368 पुरुष और 45 महिलाएं हैं। वर्तमान में इसमें 335 कैदी हैं, जिनमें 325 पुरुष और 10 महिलाएं हैं। बारपेटा जिला जेल अधीक्षक प्रांजल ने कहा, 'मैं और जेलर करीब एक साल पहले इस जेल में स्थानांतरित हुए थे। उस समय यहां सिर्फ धान की खेती होती थी। हमने साल भर जमीन का उपयोग करने के लिए बहु-फसल उगाने का फैसला किया।' कुमार शर्मा ने पीटीआई को बताया। उन्होंने बताया कि नई पहलों की बदौलत जेल ने पिछले वर्ष अप्रैल-दिसंबर की अवधि में अकेले कृषि उपज बेचकर सरकार के लिए एक लाख रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया।

उन्होंने कहा, राजस्व सृजन के अलावा, साल भर खेती की गतिविधियों को शुरू करने का एक और कारण था। कैदी हमेशा जेल में रहने और घर से दूर रहने के कारण मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहते हैं। हमने उन्हें उत्पादक कार्यों में लगाकर उनके तनाव के स्तर को कम करने की कोशिश की। सरमा ने कहा, वे खेतों में काम करते समय एक-दूसरे के साथ हंसते हैं और चुटकुले साझा करते हैं।उन्होंने कहा कि सभी उत्पाद पूर्णत: जैविक हैं तथा खेती में किसी भी रसायन या उर्वरक का उपयोग नहीं किया जाता है।

इस परिवर्तन को और भी विशेष बनाने वाली बात यह है कि कैदियों को परिसर के भीतर सभी कृषि गतिविधियों में शामिल किया जाता है, जिससे उनका मन लगा रहता है और



जेल से रिहाई के बाद जीवन के लिए नया कौशल सीखने में मदद मिलती है।जेलर नीलोत्पल काकती ने बताया कि बहु-फसलीय खेती पिछले वर्ष अप्रैल से शुरू हुई, जब अधिकारियों ने अनुपयोगी बंजर भूमि से खरपतवारों को साफ कर दिया और उसे कृषि योग्य बना दिया।

उन्होंने कहा, 'हम केवल 35-40 बीघा भूमि का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि हमारे पास जनशक्ति की कमी है। यद्यपि हमारे पास 300 से अधिक कैदी हैं, लेकिन कानूनी प्रतिबंधों के कारण हम केवल 20-25 कठोर कारावास की सजा काट रहे लोगों को ही काम पर रख सकते हैं। कानून बाकी लोगों को ऐसा करने की अनुमति नहीं देता है।' हालांकि, काकाती ने कहा कि जेल अधिकारी इस वर्ष कुछ और लोगों को शामिल करके खेती के क्षेत्र का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी। विपणन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अभी तक हमने बारपेटा के बाहर इसकी मार्केटिंग नहीं की है। स्थानीय विक्रेता आकर हमसे सब्जियां ले जाते हैं। पिछले साल जेल के कैदियों ने भी करीब 1,000 किलोग्राम सब्जियां खाईं, जिससे हमें बचत हुई।जेलर ने कहा कि उत्पादन के विस्तार और कुछ नकदी फसलों की शुरूआत के साथ, अधिकारी इस वर्ष के अंत में बाहरी बाजारों की संभावना तलाशेंगे। `ल परिसर में भिंडी, सरसों, अदरक, बैंगन, गोभी, लाल और कई क्रूसिफेरस सब्जियां उगाई जाती हैं, जिनमें बारहमासी भारतीय पसंदीदा फूलगोभी और पत्तागोभी भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में घरेलू उपभोग के लिए एक छोटा सा मत्स्य पालन केंद्र भी है। एक अन्य आकर्षण एक छोटा बेरी फार्म है, जिसमें लगभग 200 पेड़ हैं, जिनमें फलों की कई बहुमूल्य किस्में पैदा होती हैं - एप्पल बेरी, मिस इंडिया और थाईलैंड बेरी।काकाती ने यह भी दावा किया कि (शेष पृष्ठ 9)

# 'यूपी में विकास और विरासत का संगम'

उत्तर प्रदेश दिवस

● मंत्री बृजेश सिंह ने गौतम बुद्ध नगर के 70 युवाओं के खाते में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी पुरस्कार की रकम भेजे जाने का वादा किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने यूपी दिवस के अवसर पर छात्रा को सम्मानित करते हुए। साथ में डीएम मनीष व विधायक धीरेंद्र।

नोएडा हाट में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज विकास और विरासत का समावेश हो रहा है। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले प्रदेश अपनी विरासत से कट चुका था, लेकिन आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के रूप में इसे पुन: प्राप्त किया गया है।

मंत्री ने उत्तर प्रदेश को श्री राम, श्री कृष्ण और रानी लक्ष्मीबाई जैसी विभूतियों की भूमि बताते हुए इसे देश का सबसे सक्रिय राज्य कहा। लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को बेहतर अवसर देकर विकास की राह पर आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री बृजेश सिंह ने गौतम बुद्ध नगर के 70 युवाओं के खाते में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी पुरस्कार की रकम भेजे जाने का वादा किया।

साथ ही, खेल प्रतिभा के युवाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। जेवर विधायक ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कहा कि गंगा-जमुना जैसी नदियां प्रदेश को पावन बनाती हैं। उन्होंने बताया कि जेवर आने वाले समय में प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनेगा और इसका नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जाना जाएगा। उन्होंने 1857 की क्रांति का उल्लेख करते हुए गर्व व्यक्त किया कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश में हुआ है।

गौतम बुद्ध नगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से जिले में सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। समारोह में गौतम बुद्ध नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रसिद्ध रागनी गायक मास्टर ब्रह्मपाल सिंह नगर और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री गणेश जाटव, उमेश कुमार त्यागी और नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित जिले के प्रतिष्ठित उद्यमी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस: अर्द्धसैनिक बलों की 70 कंपनियां 15 हजार पुलिसकर्मी तैनात होंगे: दिल्ली पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



गणतंत्र दिवस समारोह के लिए राजधानी में अर्द्धसैनिक बलों की 70 से अधिक कंपनियों और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी और सीसीटीवी निगरानी तथा साइबर विशेषज्ञ अधिकारियों को संचालन की देखरेख के लिए तैनात किया जाएगा।

अधिकारी ने कहा, हमने पहले ही बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था स्थापित कर ली है। हमारे पास जांच और जामा तलाशी की छह स्तरीय व्यवस्था है। इसके अलावा, बहुस्तरीय बैरिकेडिंग होगी। हमने नई दिल्ली जिले में कई हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिनमें चेहरा पहचान प्रणाली (एफआरएस) वाले कैमरे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एफआरएस सिस्टम वाली गाड़ियां भी तैनात की जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि कैमरे डेटाबेस से जुड़े हैं, ताकि अपराधियों की तुरंत पहचान की जा सके। उन्होंने कहा, दिल्ली पुलिस किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की टीम कई सुरक्षा एजेंसियों के साथ अभ्यास कर रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए अर्द्धसैन्य बलों की 70 से अधिक कंपनियां और 15,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी जिलों के पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। पुलिस अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देंगे। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा उपायों के तहत नई दिल्ली, उत्तर और मध्य जिलों में लगभग 4,000 इमारतों की छतों को चिह्नित किया गया है। गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वालों को सुरक्षा स्टिकर मिलेंगे और मार्ग तथा आस-पास के इलाकों में एफआरएस के साथ लगभग 500 उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सक्षम कैमरे लगाए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा, नई दिल्ली, मध्य दिल्ली और उत्तरी दिल्ली के डीसीपी ने विस्तृत मार्ग सर्वेक्षण, विध्वंसकारी गतिविधियों की जांच और अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। विशेष मार्ग, ड्रोन निगरानी और सीसीटीवी निगरानी से कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि तैयारी सुनिश्चित करने के लिए होटलों और मॉल के सुरक्षा कर्मचारियों के साथ विशेष बैठक भी आयोजित की गई।

## तड़के तीन बजे से शुरू होंगी मेट्रो की सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को तड़के तीन बजे अपनी सेवाएं शुरू करेगी ताकि लोगों को कर्तव्य पथ तक पहुंचने में सुविधा हो। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के मुताबिक देश भर में गणतंत्र दिवस के उत्सव के बीच दिल्ली मेट्रो रविवार को सुबह तीन बजे सभी लाइनों पर अपनी सेवाएं शुरू कर देगी, ताकि लोग कर्त्तव्य पथ तक पहुंच सकें और वहां आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड और समारोह देख सकें। बयान के मुताबिक यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुबह छह बजे तक 30 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें चलेंगी, जिसके बाद शेष दिन के लिए नियमित समय सारिणी का पालन किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना तदनुसार बनाने तथा अंतिम समय में होने वाली किसी भी असुविधा से बचने के लिए सुबह की मेट्रो सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# स्कूल बैंड प्रतियोगिता बच्चों में गौरव, देशभक्ति की भावना बढ़ाएगी : रक्षा सचिव

● 466 स्कूली छात्रों की 16 टीमें हिस्सा ले रही

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

रक्षा सचिव आर. के. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बच्चों में एकता की भावना और देश के प्रति गौरव एवं देशभक्ति का जज्बा बढ़ाने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस समारोह से पहले यहां राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सिंह, मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम परिसर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां देश भर से चुने गए शीर्ष 16 स्कूल बैंड ग्रैंड फिनाले में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। रक्षा सचिव ने आयोजन स्थल पर प्रतिस्पर्धी टीमों के सदस्यों के रूप में भाग ले रहे छात्रों और अन्य को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ग्रैंड फिनाले में 466 स्कूली छात्रों की 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। वार्षिक परेड में सैन्य बैंड की भागीदारी का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों में सैन्य संगीत की बहुत जीवंत परंपरा है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा मनोबल बढ़ाती हैं, समारोहों को गरिमा प्रदान करती है और प्रतिभाशाली लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है। रक्षा सचिव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने गणतंत्र दिवस समारोहों में सह-प्रतिभागी बनने के लिए प्रतिभाशाली स्कूली बच्चों को शामिल और प्रोत्साहित करने के प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल बैंड का दस्ता बच्चों और वयस्कों में समान रूप से देशभक्ति का जुनून जगाता है, जिससे एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों में एकता, सामूहिक भावना तथा अपने स्कूल और देश के प्रति गौरव की गहरी भावना को बढ़ाना है, ताकि उन्हें देशभक्त और देश का उपयोगी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

# आप-भाजपा और कांग्रेस में बंट सकता हैं दलित वोट

● आम आदमी पार्टी ने अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित सभी 12 सीट जीती थीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) अपनी सियासी जमीन की रक्षा में जुटी है और विधानसभा चुनाव में दलित मतदाता बेहद अहम हैं। हालांकि विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आप को चुनौती दे रही हैं और इससे संभावना है कि तीनों दलों के बीच दलित मतों का बंटवारा हो जाए।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के समीकरण को लेकर विशेषज्ञों ने यह बात कही। अरविंद केजरीवाल नीत आप दिल्ली में सत्ता बरकरार रखने को लेकर पुरजोर प्रयास कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि आप को अतीत में दलित मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ है, लेकिन इस बार कुछ हद तक दलितों में निराशा भी है। वहीं, भाजपा ने दलितों के लिए कई वादे किए हैं और वह दलित बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में व्यापक संपर्क कार्यक्रम आयोजित कर रही है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी ने आप और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को भाजपा पर हमलावर होने का मौका दे दिया। इसके बाद बयानबाजी और तेज हुई, हालांकि, भाजपा ने इसका आक्रामक तरीके से जवाब दिया है।

वर्ष 2020 के दिल्ली चुनावों में, आप ने अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित सभी 12 सीट जीती थीं और काफी वोट हासिल किए थे, जिसकी मदद से पार्टी ने राजधानी में लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार वोट तीन तरफ बंट सकते हैं। स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक तथा सबाल्टर्न मीडिया फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक कुश आंबेडकरवादी ने कहा, हालांकि दलित मतदाता सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मौजूद हैं, लेकिन दिल्ली में कम से कम 30-35 सीट ऐसी हैं, जहां वे चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। आप को कुछ समर्थन खोने की आशंका है तथा दलित वोट तीन प्रमुख दलों के बीच बंटने की संभावना है।

आंबेडकरवादी ने कहा, केजरीवाल के कार्यालय में जो दो तस्वीरें हैं, वे बी आर अंबेडकर और भगत सिंह की हैं, क्योंकि दिल्ली के साथ-साथ पंजाब में भी दलित बड़ी संख्या में हैं। आप का चुनाव चिन्ह झाड़ू भी दलित मतदाताओं को आकर्षित करता है और वे इससे जुड़ाव महसूस कर सकते हैं।

दलित मतों का एक बड़ा हिस्सा पार्टी को गया था। लेकिन आज दलित समुदाय केजरीवाल से उतना खुश नहीं है, क्योंकि उनके जीवन में ज्यादा बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा, आप का समर्थन करता रहा दलित समुदाय इस बार नाखुश है। वाल्मीकि समुदाय की तरह, उसने सोचा कि आप का चुनाव चिह्न झाड़ू है इसलिए यह उनके लिए काम करेगी। हालांकि, वाल्मीकि समुदाय की मुख्य चिंताओं में से एक नगर निगम में संविदा पर नौकरी है, जिसे लेकर कुछ नहीं किया गया। आंबेडकरवादी ने कहा, बड़े-बड़े वादे किए गए थे कि लोगों को अब सीवेज की सफाई के लिए नालों में नहीं घुसना पड़ेगा और हाथ से मैला ढोने की प्रथा नहीं होगी। लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, रविदासिया समुदाय और जाटवों के बहुत सारे वोट बहुजन समाज पार्टी से खिसककर आप में चले गए हैं। लेकिन इन समुदायों के सभी प्रमुख आप नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है।

सबाल्टर्न मीडिया फाउंडेशन द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में करीब 1.23 करोड़ दलित मतदाता हैं। जाटवों समेत 24 लाख से अधिक सदस्य हैं और दिल्ली के सभी जिलों में उनकी मौजूदगी है। वाल्मीकि की संख्या 12 लाख से अधिक है, जबकि अन्य प्रमुख दलित समूहों में मल्ला शामिल हैं, जिनकी संख्या दो लाख से अधिक है। इसके अलावा 4.82 लाख से अधिक खटीक और 4.18 लाख से अधिक कोली हैं। अन्य प्रमुख दलित जाति समूहों में चोहरा, बाजीगर, बंजारा, धोबी, जुलाहा, मदारी, पासी, सपेरा और नट शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 व्यापारियों के खिलाफ केस दर्ज

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में रुकमणी मार्केट के बाहर अतिक्रमण हटाने के दौरान हुए विवाद में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र ने 24 व्यापारियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने का आरोप लगाया गया है। नगर पालिका और तहसील की संयुक्त टीम ने बुलडोजर से रुकमणी मार्केट के बाहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। व्यापारियों ने यहां टीन शेड लगाकर अस्थायी दुकानों को स्थायी रूप दे रखा था। कार्रवाई का विरोध करने के कारण अभियान अधूरा रह गया। मामले में मम्मू, ईश्वर, सुनील समेत 24 व्यापारियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने व्यापारियों से मुलाकात कर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं पालिका चेयरमैन ने व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील करते हुए मोदी मंदिर के सामने फल और अन्य सामान की रेहड़ी लगाने के लिए वैकल्पिक स्थान देने का वादा किया है। रिपोर्ट दर्ज होने की खबर से नामजद व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अपार्टमेंट की छत से कूद कर युवती ने दी जान

**नोएडा।** नोएडा में एक युवती ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। उस वक्त इंजीनियर पति घर से बाहर था। युवती 60 फीट ऊंचे अपार्टमेंट के पिछले हिस्से में छत पर बनी बाउंड्री पर पैर लटकाकर बैठी हुई थी। लोगों ने देखा तो शोर मचाया। कहा- पीछे हट जाओ, गिर जाओगी। लेकिन उसने अनसुना कर दिया और कूद गई। अपार्टमेंट के लोगों का कहना है, युवती डिप्रेशन में थी। उसका इलाज चल रहा था। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। हालांकि, अभी तक सुसाइड का कारण सामने नहीं आया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें युवती को कूदते हुए देखा गया। मामला थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव का है।

### चलती सिलेरियो कार में अचानक लगी आग

**गाजियाबाद।** नेशनल हाईवे-9 पर बुधवार को एक चलती कार में अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। जीवन अस्पताल के सामने हुए इस हादसे में मारुति सिलेरियो कार के अगले हिस्से में तेज लपटें उठती देखी गईं। हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार के कारण अन्य वाहन चालकों में दहशत का माहौल बन गया। दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के अनुसार, एक स्थानीय नागरिक की सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से तुरंत दमकल कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। हाईवे पर आग के कारण ट्रैफिक बाधित हो गया था। दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हौज पाइप के जरिए फायर फाइटिंग शुरू की और कुछ ही देर में आग पर पूर्ण नियंत्रण पा लिया।

### पशु तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़, दो धरे

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र में पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। घटना सलेमाबाद झाल गांव के पास की है, जहां पुलिस पशु तस्करों के साथ गोकशी में प्रयुक्त औजार बरामद करने गई थी। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, चार दिन पहले गांव में पशुओं के अवशेष मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच में हापुड़ के सिकंदर गेट निवासी फैज और अमन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया कि उन्होंने गोकशी में इस्तेमाल किए गए औजार सलेमाबाद के जंगल में छिपा रखे हैं।


सार्वजनिक सूचना

**सोभा लिमिटेड (CIN नंबर L45201KA1995PLC018475)**
**पंजीकृत कार्यालय:** सरजापुर, मार्थाहल्ली, आउटर रिंग रोड (ओआरआर), देवराबिसनाहल्ली, बेलंदूर पोस्ट, बेंगलुरू-560 103
**क्षेत्रीय कार्यालय:** 5वीं मंजिल, राइडर हाउस, प्लॉट नंबर-136पी, सेक्टर-44, गुरूग्राम-122 003, हरियाणा
**ई-मेल:** haryana.rera@sobha.com • **फोन:** 0124-4855-555

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स सोभा लिमिटेड, सोभा अल्टस के नाम से एक मिक्स्ड लैंड यूज़ प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही है, जो सेक्टर-106, पवाला खुसरूपुर, गुरूग्राम, हरियाणा में 5.51 एकड़ क्षेत्र में स्थित है। यह परियोजना हरियाणा के निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा 21.04.2023 को जारी लाइसेंस संख्या 91/2023 के तहत विकसित की जा रही है। इसके अलावा, इसका एचआरईआरए पंजीकरण संख्या RC/REP/HARERA/GGM/828/560/2024/55 दिनांक 27.05.2024 है।

मेसर्स सोभा लिमिटेड (यहां आगे "कंपनी" के रूप में संदर्भित) ने बैंक खाता परिवर्तन के लिए आवेदन किया है, जिसमें एक्सिस बैंक लिमिटेड से आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में खाता स्थानांतरण किया गया है। इसके लिए कंपनी ने हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, गुरूग्राम से प्रारंभिक स्वीकृति प्राप्त की है। अत: इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित/अवगत कराया जाता है कि बैंक खातों में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

| Particulars | Previous Bank Accounts | New Bank Accounts |
|---|---|---|
| Bank Name | Axis Bank Limited | ICICI Bank Limited |
| IFSC Code | UTIB0000009 | ICIC0000002 |
| Master Collection Account No. (100%) | 923020036596166 | 000205038972 |
| ERA Account No. (70%) | 923020036596182 | 000205038968 |
| Promoter Free Cash Flow Account No. (30%) | 923020036596344 | 000205038969 |

दिनांक: 25.01.2025
स्थान: गुरूग्राम
मेसर्स सोभा लिमिटेड



भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
NOTICE FOR LOCKER BREAK OPEN

Below mentioned locker holders are informed that the rent for their lockers held with P Block Connaught Place Branch (50303), New Delhi is overdue for more than three years:

| SN | CABINET NO. | LOCKER NO. | NAME | ADDRESS |
|---|---|---|---|---|
| 1 | G5030310 | 573 | RAN SINGH JASWAL AND DAMYANTI JASWAL | A 206 SECTOR 26 NOIDA, 201301 |
| 2 | G503036 | 404 | POOJA KHANNA AND VIKAS KHANNA | E-90 LAJPAT NAGAR NEW DELHI |
| 3 | 1537503039 | 326 | RANJU SETH | 17-SRI RAM ROAD CIVIL LINES NEW DELHI |
| 4 | G503035 | 305 | VIMAL PANT AND MANJU PANT | C-71 TARANG APPARTMENT PATPARGANJ NEW DELHI |
| 5 | G503035 | 277 | SMT MURTI AND SH RAM NATH | 1. 288 JANAK PURI NEW DELHI 2. 33, UB BHAMBHRA BUILDING JAWAHAR NAGAR NEW DELHI |
| 6 | 1537503039 | 271 | SATISH CHANDRA YADAV | A-2 POLICE STATION TILAK MARG NEW DELHI |
| 7 | 1537503038 | 215 | JAI DEV VIDYALANKAR INDIRA VIDYALANKAR | 3449 GALI BAJRANG CHAWRI BAZAR DELHI |
| 8 | G503034 | 166 | RITU MALHOTRA AND SHAILENDRA MALHOTRA | A-2/71 AZAD APPTT. SRI AUROBINDO ROAD NEW DELHI |
| 9 | 1537503037 | 112 | ASHOK DAVAR | CONNAUGHT CIRCUS NEW DELHI |
| 10 | P2 | 111 | MEENAKSHI DEVI BATRA AND VIJAY KUMAR | 39795 SCOTTSDALE DR. CANTON MI MICHIGAN 48188 UNITED STATES INDIA |
| 11 | P2 | 101 | JAGJIT SINGH, PUSHPA SINGH AND JYOTI SINGH | C/0 DR.VASUDEV J-196 SAKET NEW DELHI NEW DELHI |
| 12 | P2 | 98 | RENU SHARMA AND O N SHARMA | FLAT NO 127 POCKET A-1 SECTOR-VII ROHINI NEW DELHI-34 |
| 13 | P2 | 75 | SUSHIL KUMAR | STATE BANK OF PATIALA EAST PATEL NAGAR NEW DELHI |
| 14 | P2 | 67 | ASHOK KUMAR KAPILA | 1. 22 NO PHATAK BEHIND JAGGI SWEETS PATIALA 2. 77 UPKAR NAGAR, PATIALA |

A total of four notices have been served to you on your address available in our records. This is to notify that if the sum/rent due to Bank is not paid within 7 days of publication of this notice, the said lockers will be break open and the contents disposed off in accordance with your hiring agreement and you will be liable, in terms of the said agreement, for all the arrears of rent other cost incurred in this connection.

Authorised Signatory
date: 22.01.2025



सार्वजनिक सूचना

सभी संबन्धितों को नोटिस दिया जाता है एवं आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पर्यावरण मन्जूरी संख्या SEAC/HR/2024/057 और ईसी पहचान संख्या EC24C3801HR5806685N दिनांक 27.05.2024 को आयकर विभाग हेतु प्रस्तावित आवासीय परिसर, सेक्टर 53, गुरुग्राम, हरियाणा के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को पर्यावरण मंजूरी प्रदान की गई है।

निकासी पत्र की प्रति MOEFCC/SEIAA की वेबसाइट पर उपलब्ध है।



PUBLIC NOTICE

Reg: Entire Third Floor with roof/ terrace rights "said floor" built up on Property Bearing Plot No. 22, area measuring 232 sq. yds(193.98 sq. mtrs) out of Khasra No. 434/3, situated in the abadi of Krishan Nagar Extension, in the area of Village Ghondli, Illaqa Shahdara. New Delhi- 110051.; hereinafter referred to as "said property"

Be it known to all that our clients, Mr. Sudhir Singh & Smt. Kiran Singh (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said floor from Mr. Krishan Lal (hereinafter called the "Seller"). In this connection, the seller has informed the purchaser that he is the sole and absolute owner of the Upper Ground Floor and Third Floor with Roof Rights of the said property. The seller has further informed the purchaser that the said property was owned by Mrs. Satwant Kaur vide Sale Deeds registered as Document No.673 on 28.05.1973 and Sale Deed dated 05.07.1973. The said property was subsequently transferred to Mrs. Mayawati by means of POA documents viz., ATS dated 31.12.1973, GPA and Will dated 13.02.1974. Mrs. Mayawati expired and the said property was inherited by her legal heirs viz., (1) Ms Renu Sachdev, (2) Mr. Krishan Lal; and (3) Mr. Tilak Raj. Ms Renu Sachdev relinquished her undivided share in the said property in favour of Mr. Krishan Lal and Mr. Tilak Raj vide Relinquishment Deed registered as Document No. 2067on 18.04.2017. Later on, Vide Release Deed registered as Document No. 2024/18/I/9118 on 23.09.2024 (SRO-IV Vivek Vihar), Mr. Tilak Raj relinquished his half undivided share in the Upper Ground Floor and Third Floor with Roof/Terrace Rights of the said property. Thus, Mr. Krishan Lal became the sole and absolute owner of the Upper Ground Floor and of the Third Floor with Roof/Terrace Rights of the said property. The seller has also informed the purchaser that the said floor is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said floor.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the aforesaid floor is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller to the said floor shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our clients/Purchaser, in any manner whatsoever.

SHIVKANT ARORA, Advocate
M/s Intellective Law Offices
A-74, LGF, Defence Colony,
New Delhi -110024



सार्वजनिक सूचना

सामान्य जन को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रामरती पत्नी श्री रमेश चन्द्र उक्त संपत्ति House No. 785, area measuring 135 Sq. Yards, out of Khasra No. 4029/2889/2, situated at Ashok Vihar, Gurgaon, within limits of Municipal Corporation, Tehsil and District Gurgaon, Haryana की बिक्री विलेख दिनांक 06.12.2010 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 24998 के द्वारा मालिक है। उपरोक्त संपत्ति मेरे मुवक्किल यानि मेसर्स टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व से सम्बंधित मूल दस्तावेज़ जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी या मुख्तारनामा दिनांक 19.07.1995 पंजीकृत द्वारा दस्तावेज़ संख्या 464, मूल दस्तावेज़ बिक्री का समझौता या एग्रीमेंट ऑफ़ सेल दिनांक 19.07.1995 और मूल दस्तावेज़ वसीयत दिनांक 19.07.1995 कहीं खो गए है। इस सन्दर्भ में हरयाणा पुलिस को Application No. 132360502500134 को शिकायत दर्ज करवाई गई है। यदि मूल दस्तावेज़ किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त मूल संपत्ति दस्तावेजों के अनुसार विषय संपत्ति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-9266768808



PUBLIC NOTICE

Publicat large is hereby informed that Mr. Amarjeet Singh is the owner of Half Portion area measuring 150, sq. yds. (22-6 x 60-0) Adjoining to Property No. A-1, of the property bearing No. A-2, out of total Land area measuring 300, sq. yds.Situated at Lajpat Nagar-II, New Delhi-110024. Initially Conveyance Deed dated 22.09.2022 executed by POI through L & DO in favoiur of (1) Mrs. Rekha Varadani (2) Ms. Rina Shahani (3) Ms. Nita Varandani, (4) Mr. Jaikrishin Varandani (5) Mr. Ramesh Kumar Varandani (6) Mr. Suresh Varandani (7) Mrs. Padma Ambwani (8) Ms. Anita Mansharamani (9) Ms. SunitaAmbwani (10) Ms. Hema Panjwani (11) Ms. VeenuAmbwani (12) Ms. Sapna Ramani (13) Mr. Anil Ambwani (14) Mrs. Sarojini Narsinghani in respect of Property bearing No. A-2, area measuring 300, sq. yds. Doc No. 5706., Finally, Sale Deed dated 26.02.2024 executed by (1) Mrs. RekhaVaradani through SPA Mr. Deepak Ochaney (2) Ms. Rina Shahani through SPA Mr. Deepak Ochaney (3) Ms. Nita Varandani, through SPA Mr. Deepak Ochaney (4) Mr. Jaikrishin Varandani through SPA Sh. Anil Ambwani (5) Mr. Ramesh Kumar Varandani (6) Mr. Suresh Varandani (7) Mrs. Padma Ambwani (8) Ms. Anita Mansharamani through SPA Sh. Anil Ambwani (9) Ms.Sunita Ambwani through SPA Sh. Anil Ambwani (10) Ms. Hema Panjwani through SPA Sh. Anil Ambwani (11) Ms. Veenu Ambwani through SPA Sh. Anil Ambwani (12) Ms. Sapna Ramani through SPA Sh. Anil Ambwani (13) Mr. Anil Ambwani (14) Mrs. Sarojini Narsinghani in favour of Mr. Amarjeet Singh in respect of Half Portion area measuring 150, sq. yds. Property No. A-1, of property bearing No. A-2, Land area measuring 300, sq. yds. Doc no. 2024/9/I/1130, Vol No. 3082, Pages No. 1-64, SRO- East Defiance Colony., Finally, Sale Deed dated 27.02.2024 executed by (1) Mrs. Rekha Varadani through SPA Mr. Deepak Ochaney (2) Ms. Rina Shahani through SPA Mr. Deepak Ochaney (3) Ms. Nita Varandani, through SPA Mr. Deepak Ochaney (4) Mr. Jaikrishin Varandani through SPA Sh. Anil Ambwani (5) Mr. Ramesh Kumar Varandani (6) Mr. Suresh Varandani (7) Mrs. Padma Ambwani (8) Ms. Anita Mansharamani through SPA Sh. Anil Ambwani (9) Ms.Sunita Ambwani (Sunita Vikram Ambwani) through SPA Sh. Anil Ambwani (10) Ms. Hema Panjwani (Hema Vijay Panjwani) through SPA Sh. Anil Ambwani (11) Ms. Veenu Ambwani (Veenu Vikram Ambwani) through SPA Sh. Anil Ambwani (12) Ms. Sapna Ramani through SPA Sh. Anil Ambwani (13) Mr. Anil Ambwani (alias Anil Vikram Ambwani) (14) Mrs. Sarojini Narsinghani in favour of Ms. Kavya Dawarin respect of the said property. Doc No. 2024/9/I/1132, Vol No. 3082, Pages no. 95-158, SRO- East Defiance Colony. who intends to sell the said property to intending purchaser who shall mortgage the said Immovable property for bonafide requirements to HDFC BANK LTD. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

Pragyabhushan (Advocate) Office: L-27, G.F. Kailash Colony, New Delhi-48 M: 9968006418


# शाहदरा ड्रेन के दोनों और मेट्रो पिलर पर दिखेगी हरियाली

नोएडा। शहर में ग्रीनरी को बढ़ावा देने के लिए वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। इसके लिए 6 स्थानों को चिह्नित किया गया है। पहला शाहदरा ड्रेन का ब्रिज है। इस ब्रिज के दोनों ओर वर्टिकल गार्डन बनाया जाएगा। इस गार्डन में छोटे गमलों में पेड़ों को लगाया जाएगा। ये पेड़ कम पानी में आसानी से काफी महीनों तक जीवित रहेंगे। इसे अधिकांश झाड़ीनुमा पेड़ होंगे। जिससे सड़क के दोनों ओर हरियाली दिखाई दे। इसके अलावा सेक्टर-14 की रोड पर वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। वहीं सेक्टर-59,61, 62 और सेक्टर-63 मेट्रो पिलर पर वर्टिकल गार्डन बनाए जाएंगे। जिसमें गमले रखकर उनमें पेड़ लगाए जाएंगे। बता दे इससे पहले भी कई स्थानों पर प्राधिकरण ने वर्टिकल गार्डन बनाए थे। लेकिन रखरखाव के अभाव में या तो लोगों ने गमले चोरी कर लिए या फिर पेड़ पौधे सूख गए। ऐसे में जो कंपनी इन वर्टिकल गार्डन को बनाएगी। उसी कंपनी को दो साल तक इसका मेनटेनेंस भी करना होगा। इन छह स्थानों पर करीब 91 लाख 46 हजार रुपए में वर्टिकल गार्डन का निर्माण होगा।

# नमो भारत ट्रेन में स्मार्ट लॉकर की सुविधा शुरू

● साहिबाबाद-गाजियाबाद स्टेशन पर यात्री रख सकेंगे सामान, मंगवा सकेंगे ई-कॉमर्स पार्सल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों के लिए नई सुविधा की शुरुआत हो गई है। साहिबाबाद और गाजियाबाद स्टेशनों पर स्मार्ट लॉकर सेवा शुरू कर दी गई है, जिसका लाभ यात्री कम किराए पर उठा सकते हैं।

जल्द ही यह सुविधा नमो भारत के सभी स्टेशनों पर उपलब्ध होगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए लॉकर की डिजिटल स्क्रीन पर अपना एकाउंट बनाना होगा। स्टेशनों पर स्मॉल, मीडियम और लार्ज-एक्स्ट्रा लार्ज साइज के लॉकर उपलब्ध हैं। यात्री एक से छह घंटे तक के लिए लॉकर बुक कर सकते हैं। बुकिंग के लिए लॉकर का साइज और समय चुनना जरूरी है। भुगतान यूपीआई के माध्यम से किया जा सकता है। स्मार्ट लॉकर की खास बात यह है कि यात्री इसका इस्तेमाल न केवल अपना सामान रखने के लिए, बल्कि ई-कॉमर्स पार्सल प्राप्त करने के लिए भी कर सकते हैं। अगर कोई यात्री बुक किए गए समय से अधिक समय तक अपना सामान लॉकर में रखता है, तो उसे लॉकर के साइज के अनुसार प्रति घंटा अतिरिक्त शुल्क देना होगा। इसके साथ ही जल्द ही इस लॉकर को बुक करने की सुविधा नमो भारत कनेक्ट ऐप पर भी उपलब्ध होगी। इस लॉकर को बुक करने के लिए ऐप में यात्रियों को रेंट ए लॉकर का ऑप्शन दिया जाएगा। जिसकी मदद से वे इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस ऑप्शन पर क्लिक करने के बाद यात्री को उस स्टेशन के नाम और तारीख का चयन करना होगा जहां और जब वह लॉकर बुक करना चाहता है। इसके साथ ही यात्री को यह भी बताना होगा कि लॉकर की सुविधा कितने घंटे के लिए लेना है। प्रक्रिया के तहत यात्री को ऐप में यह भी बताना होगा की वह लॉकर की सुविधा का लाभ चयनित तिथि पर किस समय उठाना चाहते हैं। इस सुविधा के लिए यात्रियों को स्माल लॉकर के लिए 20 रुपए प्रति घंटा, मीडियम लॉकर के लिए 30 रुपए प्रति घंटा और लार्ज एक्स्ट्रा लार्ज लॉकर के लिए 40 रुपए प्रति घण्टा के हिसाब से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान करने बाद लॉकर बुक हो जाएगा। लॉकर के बुक होने पर उपभोक्ता को एक एक्सेस कोड मिलेगा। जिसे लॉकर को खोलने और बंद करने के लिए उपयोग किया जाएगा।



भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मंगोलपुरी में जनसभा को संबोधित करते हुए ।



कालाकजी विस सीट पर सीएम आतिशी महिला से समर्थन मांगती हुई।



बादली विधानसभा में जन संपर्क अभियान में बुजुर्ग महिला का आर्शीवाद लेते प्रदेश कांग्रेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव

# आम आदमी पार्टी महिला विरोधी है : ठाकुर

**● जनता में कांग्रेस के प्रति बढ़ता विश्वास, 8 फरवरी को करेगा भारी बदलाव : यादव**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव प्रचार में तेजी आने लगी है। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारक अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पिछले दो विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आमने-सामने की लड़ाई थी, लेकिन इस बार त्रिकोणीय मुकाबला के आसार बन रहे हैं।

इससे किसी भी पार्टी के लिए चुनावी लड़ाई आसान नहीं है। चुनाव प्रचार में इसकी झलक भी दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला करते हुए उसे महिला विरोधी करार दिया। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा जनता में बढ़ते विश्वास के बाद वह कह सकते हैं कि 8 फरवरी को चुनावों के नतीजे बदलाव के होंगे। नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ठाकुर ने आप सरकार पर महिला कल्याण की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ठाकुर ने कहा, उन्होंने महिलाओं को 1,000 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन ऐसा करने में विफल रहे। आप-दा सरकार ने स्वाति मालीवाल को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाया और उनके साथ मारपीट की।

उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की दुर्दशा को अनदेखा किया और उनके वेतन में वृद्धि का वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने आप सरकार की आलोचना करते हुए कहा, आतिशी दिल्ली की मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनका महिला विरोधी रुख स्पष्ट है क्योंकि पोस्टर और होर्डिंग से उनका चेहरा गायब है। भाजपा नेता ने कहा, दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसी परिवर्तनकारी योजनाएं शुरू की हैं, जिससे महत्वपूर्ण सकारात्मक बदलाव आए हैं। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। उधर देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को स्वरूप नगर एक्सटेंशन और के ब्लाक जहांगीर पुरी में जनसभाओं को संबोधित किया। देवेन्द्र यादव के चुनाव प्रचार के दौरान पंजाब फिरोजपुर सांसद शेर सिंह घुबाया, पूर्व सांसद खंडूर साहब, जसबीर सिंह डिंपा, होशियारपुर के पूर्व विधायक श्याम शुंदर अरोड़ा, पूर्व विधायक अमृतसर उत्तर सुनील दत्त मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि बादली की जनता कांग्रेस उम्मीदवार पर भरपूर प्यार बरसा रही है, जगह-जगह उनका सम्मान किया जा रहा है, महिलाएं खुलकर आम आदमी पार्टी के विरोध में उतर आई है और कांग्रेस को जीत का भरोसा दिला रही है।

यादव ने इलाके लोगों से अपील की कि 5 फरवरी को आपने क्षेत्र का विकास करने या हालत बरकार रहने का निर्णय करना है। मैंने विधायक रहते हुए क्षेत्र में जो विकास किया था पिछले 10 वर्षों में सत्ताधारी विधायकों ने पूरे क्षेत्र का सर्वनाश कर दिया है। यादव ने लोगों को बिजली बिल की मार से छुटकारा दिलाने के लिए कांग्रेस कूपन जारी किया।

## आप प्रमुख की हत्या की साजिश रच रही केद्र और पुलिस : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि पंजाब पुलिस द्वारा उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा बहाल किया जाए, जो वापस ले ली गई है। मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने आयोग को पत्र लिखकर पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप को समान अवसर देने, केजरीवाल को पंजाब पुलिस द्वारा दी गई सुरक्षा बहाल करने और उन पर जानलेवा हमलों की जांच करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश के अनुसार केजरीवाल पर कथित हमलों पर आंखें मूंद ली हैं।

# दिल्ली में कानून व्यवस्था ध्वस्त : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● बोले, दिल्ली में गैंगस्टरों के 11 बड़े समूह हैं, जो खुलेआम शहर को 11 हिस्सों में बांटकर अपनी गतिविधियां चला रहे है**

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल्ली में कानून-व्यवस्था सुधारने और गैंगस्टरों को समाप्त करने के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन करना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को दिल्ली में लगातार दो चुनावी रैलियों में कई मुद्दों को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा था और आरोप लगाया था कि आप ने ओखला और शहर के अन्य क्षेत्रों में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाया है।

केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि आदित्यनाथ ने दिल्ली में कहा था कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार किया है और गैंगस्टरों का सफाया कर दिया है। केजरीवाल ने कहा, योगी ने कल एक बहुत अच्छी बात कही थी कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। मैं उनसे सौ प्रतिशत सहमत हूं। दिल्ली में गैंगस्टरों के 11 बड़े समूह हैं, जो खुलेआम शहर को 11 हिस्सों में बांटकर अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि ए गिरोह खुलेआम व्यापारियों से करोड़ों रुपए की फिरौती मांग रहे हैं और महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हत्याएं, झपटमारी, महिलाओं और बच्चों के अपहरण की घटनाएं बड़े पैमाने पर हो रही हैं। उन्होंने दावा किया, पूरी दिल्ली भयभीत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अधीन है और शहर के लोगों को सुरक्षा प्रदान करना उनकी जिम्मेदारी है। यदि योगी कह रहे हैं कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार किया है, तो मैं उनसे कहूंगा कि वह शाह के साथ बैठें और उन्हें बताएं कि ऐसा कैसे किया जाता है और दिल्ली में क्या किया जाना चाहिए तथा दिल्ली में गैंगस्टर राज को कैसे समाप्त किया जाए। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि शाह के पास समय नहीं है क्योंकि वह देशभर में विधायकों को खरीदने, पार्टियों को तोड़ने और राज्य सरकारों को गिराने में व्यस्त हैं। केजरीवाल ने कहा कि योगी को शाह को यह भी बताना चाहिए कि कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ समय की जरूरत है और दिल्ली को अपराधियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

# कैग रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कोर्ट में खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को याचिकाकर्ता से दिल्ली के शासन और प्रशासन पर कैग रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग करने के अधिकार पर सवाल उठाया। मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय एवं न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने विधानमंडल में रिपोर्ट पेश करने के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 151 का संज्ञान लिया और कहा कि जनता को जानने का अधिकार है, लेकिन यह संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं हो सकता।

अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 151 एक आवश्यकता है और वर्तमान मामला महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ जानने की कोशिश कर रहे नागरिकों को संवैधानिक प्रावधान का सामना करना पड़ रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि नागरिकों को सूचना का अधिकार अधिनियम एवं संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत जानने का अधिकार है।

उन्होंने दिल्ली के मतदाताओं के इस अधिकार पर जोर दिया कि उन्हें पांच फरवरी को राजधानी में होने वाले मतदान से पहले रिपोर्ट की विषय-वस्तु जानने का अधिकार है। पीठ ने हालांकि वरिष्ठ वकील से कहा कि वे सामान्य तर्क न दें, बल्कि वह कानूनी प्रावधान दिखाएं जिसके आधार पर ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का अनुरोध किया गया। पीठ ने कहा, जनता को जानने का अधिकार है, लेकिन किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। यदि अनुरोध स्वीकार कर लिया जाता है, तो अनुच्छेद 151 का उल्लंघन होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा की बैठक बुलाने की याचिका को खारिज करने वाले एकल न्यायाधीश के फैसले का अध्ययन करने के लिए 27 जनवरी तक का समय मांगा।

अदालत ने कहा कि इस मामले में कई मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या कैग रिपोर्ट को आरटीआई अधिनियम के तहत पेश किए जाने से पहले सूचना माना जा सकता है। सुनवाई तीन फरवरी के लिए तय की गई है।

याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त लोक सेवक बृज मोहन ने कहा कि मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में वोट डालने से पहले राजधानी की स्थिति और उसकी वित्तीय स्थिति के बारे में अवश्य पता होना चाहिए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की कुछ नीतियों की आलोचना की थी, जिसमें अब रद्द कर दी गई आबकारी नीति भी शामिल है, जिसके कारण कथित तौर पर सरकारी खजाने को नुकसान हुआ था।

# पूर्वांचलियों के लिए बनाएंगे मंत्रालयः कांग्रेस

**● बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने पूरबिया लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर आप पर निशाना साधा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कांग्रेस ने कहा कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर पूर्वांचल के लोगों के लिए अलग मंत्रालय बनाने के साथ ही बजट का प्रावधान किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य, शिक्षा समेत उनकी तमाम समस्याओं का समाधान हो सके।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, पार्टी नेता कन्हैया कुमार और प्रणव झा ने पूर्वांचली लोगों से जुड़े मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा और अलग मंत्रालय का वादा किया। ये सभी नेता मूल रूप से पूर्वांचली हैं।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी और आप ने पूर्वांचलियों की अनदेखी की है। कांग्रेस ने कुछ दिनों पहले ही वादा किया था कि दिल्ली में उसकी सरकार बनने पर छठ का पर्व महाकुंभ की तर्ज पर मनाया जाएगा। अखिलेश प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कहा, एक तरफ केजरीवाल पूर्वांचल के लोगों को यह कहकर अपमानित करते हैं के वे 500 रुपए का टिकट कटाकर आते हैं।

## आप प्रमख जनता के सवालों का जवाब दे: सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कानून व्यवस्था पर केन्द्र से जवाब मांगने से पहले अरविंद केजरीवाल दिल्ली वालों के सवालों के जवाब दें।

लोग मानते हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के कृत्यों के कारण राष्ट्रीय राजधानी की छवि अनेक बार दागदार हूई है और बेहतर होगा आप प्रमुख जनता के सवालों का जवाब दें। अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे की गुंडाई पर। मकोका में गिरफ्तार विधायक पर। अपने घर पर अपनी महिला संसद को सचिव विभव से पिटवाया उसका जवाब दें। पिछले साल मानसून में जल जमाव से बच्चे मारे गए।

# सोशल मीडिया पर फर्जी बातों को ब्लॉक क्यों नहीं करते लोग: ईसीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सोशल मीडिया मंच आसानी से पहचाने जा सकने वाले फर्जी सामग्री को ब्लॉक या कम से कम उन्हें चिह्नित भी नहीं कर रहे हैं तथा खुद को बचाने के लिए तथ्यों की जांच-परख का काम चुनाव निकायों पर छोड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि यहां व्यापारिक हित काम कर रहे हैं।

कुमार का कहना था, यह पहले बीमारी फैलाने और फिर दवाएं बेचने जैसा है। इसका नुकसान निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र की शुचिता को होता है। चुनाव प्रबंधन निकायों के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों को बहुत देर हो जाने से पहले आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर फर्जी, असत्यापित और ऐसे भ्रामक विमर्श का साया नहीं होना चाहिए, जो बुनियादी रूप से विघटनकारी हैं।

यह सोशल मीडिया के हित में है कि बहुत देर होने से पहले फर्जी चीजों का पता लगाया जाए और उसे ब्लॉक किया जाए।

# आबकारी विभाग ने शराब की 20,000 बोतलें जब्त कीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आबकारी विभाग ने पिछले पखवाड़े में अवैध शराब की करीब 50 लाख रुपए कीमत की 20,000 बोतलें जब्त की हैं। विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि जब्त की गई अवैध शराब में 15,376 लीटर देशी और विदेशी शराब (आईएमएफएल) शामिल है। साथ ही लगभग 1.5 करोड़ की कीमत के 32 वाहन भी जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब जब्ती से संबंधित 52 मामले दर्ज किए गए है। आचार संहिता लागू होने के बाद से राजधानी में जब्त की गई शराब का यह 25 प्रतिशत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आबकारी खुफिया ब्यूरो की टीमें पड़ोसी राज्य हरियाणा से अवैध शराब की तस्करी करने वालों पर नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी हैं। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है और मतगणना 8 फरवरी को होगी। इन दोनों दिनों को दिल्ली में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। सात जनवरी को विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

# गणतंत्र दिवस परेड : जम्मू-कश्मीर की एकता लड़कियों की एनसीसी टुकड़ी का करेंगी नेतृत्व

**● देश सेवा का भाव उनके पिता, 12 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के कए सेवानिवृत्त सैनिक ने जगाया : बर्तवाल**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय कैडेट कोर की कैडेट एकता कुमारी रविवार को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर एनसीसी की लड़कियों की टुकड़ी का नेतृत्व करने वाली जम्मू-कश्मीर की पहली कैडेट होंगी। जम्मू जिले के अखनूर की रहने वाली एकता एनसीसी की पहली जम्मू-कश्मीर नौसेना इकाई की एक अग्रणी कैडेट हैं। वह गांधी नगर सरकारी महिला कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई कर रही हैं। रक्षा विभाग के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि एकता के खाते में दर्ज होने जा रही इस उपलब्धि ने जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को गौरवान्वित किया है। एकता में देश सेवा का भाव उनके पिता, 12 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के एक सेवानिवृत्त सैनिक ने जगाया। उन्होंने अखनूर के आर्मी पब्लिक स्कूल से शुरुआती पढ़ाई की और फिर सशस्त्र बलों में शामिल होने के अपने जुनून के चलते कॉलेज के दिनों में एनसीसी में शामिल हो गईं। बर्तवाल के मुताबिक, एनसीसी में पहले साल से ही एकता का दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट हो गई, जब उन्होंने सामाजिक कार्यों और साहसिक अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एकता ने कहा, कर्तव्य पथ पर अखिल भारतीय बालिका दल की परेड कमांडर बनना मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण पल है। यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि मेरे परिवार, मेरी यूनिट और पूरे जम्मू, कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र की है। एकता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने एसोसिएट एनसीसी अधिकारी और प्रशिक्षकों सहित अपने गुरुओं और प्रशिक्षकों को दिया, जिन्होंने तैयारी के दौरान उनका मार्गदर्शन किया। एकता ने कहा, मैं यूनिट कमांडिंग ऑफिसर, लेफ्टिनेंट कमांडर तेज राम, ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक सज्जनहार एसएम, अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल अनुपिंदर बेवली, कंटिंजेंट कमांडर कर्नल अमित भारद्वाज और एएनओ डॉ. नितिका से मिले अटूट समर्थन के लिए उनका भी शुक्रिया अदा करना चाहूंगी। बर्तवाल ने कहा, एकता की असाधारण उपलब्धि न केवल जम्मू-कश्मीर के युवाओं की क्षमता को उजागर करती है, बल्कि लोगों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के जरिए अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा भी देती है।

# बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर से किया मतदान



92 साल के के.के खन्ना मतदान के बाद अंगुली पर स्याही दिखाते हुए



103 साल के उमा शंकर भटनागर अपने मत का प्रयोग करते हुए।



**● 85 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन 4 फरवरी तक सुविधा का लाभ उठा सकतेः चुनाव आयोग**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को है। राजनीति पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार जोरशोर से कर रही हैं। उधर निर्वाचन आयोग भी अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित कर रहा है। इस कड़ी में आयोग पोस्टल बैलेट से लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वालों दिव्यांगजनों को घर से मतदान की सुविधा शुक्रवार से शुरू की है। यह प्रक्रिया 4 फरवरी तक चलेगी।

चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी के तिलक नगर, नांगलोई और जनकपुरी से घर से मतदान की सुविधा शुरू की है। शुक्रवार को आयोग की टीम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड एक 92 साल के बुजुर्ग केके खन्ना के घर उनका मतदान करने के लिए पहुंची, तब वह गद गद नजर आए। ऐसे में जो लोग मतदान वाले दिन वोट डालने के बजाए कहीं छुट्टी मनाने या मौजमस्ती के लिए घर से निकल जाते हैं, उन्हें इन बुजुर्ग से प्रेरणा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

घरेलू मतदान का प्रावधान एक प्रगतिशील उपाय है जिसका मकसद उन मतदाताओं को सशक्त बनाना है जो मतदान केन्द्रों पर चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने में किसी वजह से खुद को असहज महसूस करते हैं। आवश्यक दस्तावेज पूरा होने पर मतदाता के निवास स्थान से फॉर्म 12डी प्राप्त करने की जिम्मेदारी बूथ लेवल ऑफिसर की है। जवाबदेही और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उम्मीदवारों को इन मतदाताओं की एक सूची प्राप्त होती है। यदि वे चाहें तो प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक प्रतिनिधि चुन सकते हैं।

इसके बाद, सुरक्षा अधिकारियों के साथ मतदान अधिकारियों की एक समर्पित टीम मतदाताओं के वोट लेने के लिए उनके घर जाती है। ऐसे सभी मतदाताओं को समय पहले से सूचित किया जाता है, ताकि वो सुरक्षित और आरामदायक तरीके से मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकें।



# गणतंत्र दिवसः फुल ड्रेस रिहर्सल में बच्चों ने दिखाई संस्कृति की झलक

## गुरुग्राम में उपायुक्त ने मार्च पास्ट व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का अवलोकन किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल करते स्कूल छात्र-छात्राएं।

स्थानीय ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर फाइनल रिहर्सल का शुभारंभ किया।

शुक्रवार को सुबह सर्वप्रथम उपायुक्त ने स्थानीय सिविल लाइंस में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया। उसके बाद उन्होंने ताऊ देवीलाल स्टेडियम परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे झंडे को सलामी दी। एडीसी हितेश कुमार, डीसीपी अर्पित जैन, डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र विज, एसडीएम रविंद्र कुमार की उपस्थिति में आयोजित हुई इस फाइनल रिहर्सल में परेड कमांडर एसीपी प्रियांशु दीवान ने मार्च पास्ट का नेतृत्व किया। हरियाणा पुलिस जवानों की टुकड़ी की कमान एएसआई अरविंद, महिला पुलिस की कमान पीएसआई सुमन, ट्रैफिक पुलिस की टुकड़ी की अगुवाई पीएसआई अमित, गृहरक्षी दल का नेतृत्व एसआई सतपाल, एनसीसी ब्वायज की टुकड़ी का नेतृत्व हितेश दहिया, एनसीसी गर्ल्स की टुकड़ी को तक्कान्ना, एसपीसी का नेतृत्व हन्सी, हरियाणा सिविल डिफेंस का नेतृत्व निर्भय बेदी और प्रजातंत्र के प्रहरी टुकड़ी की अगुवाई प्रियांशी ने की।

इसके बाद सेंकड़ों स्कूली छात्र-छात्राओं ने एक लय-ताल में डंबल, लेजियम, योगा व पीटी शो का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 ने भारतीय संविधान, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-49 के विद्यार्थियों ने प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय अर्जुननगर की टीम ने महिषासुर मर्दिनी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़गांव गांव के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय जैकबपुरा ने पंजाब के लोहड़ी त्योहार तथा राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय सेक्टर-43 के विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। पूर्वाभ्यास के अंत में राजकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।





## फरीदाबाद में डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

फरीदाबाद। 76वें राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइल रिहर्सल गरिमामयी ढंग से संपन्न हुई। शुक्रवार को आयोजित फाइनल रिहर्सल में डीसी विक्रम सिंह ने तिरंगा फहराया व परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। समारोह की फाइनल रिहर्सल में रविवार, 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार आयोजित किए गए। गणतंत्र समारोह की सम्पूर्ण तैयारियों को पूरा करने को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। गौरतलब है कि जिले में रविवार, 26 जनवरी को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय होंगे। इसके साथ ही बल्लभगढ़ में आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा व बड़खल में विधायक धनेश अदलखा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

76वें गणतंत्र दिवस समारोह में गवर्नमेंट मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा, गवर्नमेंट मॉडर्न कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओल्ड, खालसा विद्यालय, अशोका मेमोरियल विद्यालय एवं के एल मेहता विद्यालय के बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा डॉग स्क्वायड की बेहतरीन प्रस्तुति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता, एडीसी साहिल गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## पलवल में डॉ. हरीश कुमार ने फहराया तिरंगा

दयाराम वशिष्ठ। पलवल



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल में उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बतौर मुख्यातिथि नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों को नमन किया। उन्होंने जिला सहित समस्त प्रदेश व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम बधाइयां दी। साथ ही उन्होंने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे राष्ट्रीय पर्व को एकजुट होकर हर्षोल्लास से मनाएं।

फुल ड्रेस रिहर्सल में उपायुक्त ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तदोपरांत उन्होंने समारोह में शामिल होते हुए देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया। इसके पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद परेड कमांडर डीएसपी नरेंद्र खटाना के नेतृत्व में की गई जोशीली परेड की सलामी ली। परेड में सबसे आगे हरियाणा पुलिस के जवानों की टुकड़ी पीएसआई सुमित के नेतृत्व में कदमताल कर रही थी। इनके पीछे पीएसआई अंजना के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस की महिला टुकड़ी, प्लाटून कमांडर विजय शर्मा की अगुवाई में होमगार्ड के जवान कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैंप की छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य- मेरे तीन रंग का लहारावे तिरंगा की प्रस्तुति से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने देश को विकसित बनाने का संदेश इस प्रकार दिया- विकसित देश बनाये मिलकर विकसित देश बनायें। एसएनडी स्कूल के विद्यार्थियों ने भारत माता को नमन करते हुए प्रस्तुति दी- दुल्हन चली हा पहन चली तीन रंग की चोली। इसके उपरांत नवोदय विद्यालय रसूलपुर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश अपनी प्रस्तुति से दिया-थाली बाजैगी बगड़ म्हैं थाली बाजैगी और अंत में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल सिटी की छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य की प्रस्तुति से हरियाणा के विकास की गाथा गाई- भारत के कोने-कोने म्हैं धूम मची हरियाणा की। तदोपरांत एईओ जसबीर सिंह के निर्देशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल बाल तथा राजकीय उच्च विद्यालय पलवल कैंप के विद्यार्थियों ने मास पीटी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल शहर, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल कैंप तथा राजकीय उच्च विद्यालय सल्लागढ़ की छात्राओं ने शानदार डंबल व लेजियम की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन, अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, एसडीएम ज्योति, शुगर मील के एमडी विकास यादव, नगराधीश अप्रतिम सिंह, डीईओ अशोक कुमार बघेल आदि अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान मंच का संचालन शिक्षक बलबीर सिंह व जसबीर सिंह ने कुशलतापूर्वक किया।

## पेटीएम क्यूआर कोड से चालान वसूलेगी पुलिस

- यह सुविधा देने वाला गुरुग्राम बना हरियाणा का पहला जिला
- कोर्ट में भेजे जा चुके चालानों का भुगतान नहीं होगा इस सुविधा से

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के पुलिस कार्यालयों में क्यूआर कोड लगाते यातायात पुलिसकर्मी।

यातायात के नियम तोड़ने पर अब चालान भरने के लिए किसी को परेशान नहीं होना पड़ेगा। यातायात पुलिस ने चालान भरने के लिए पेटीएम क्यूआर कोड जारी किया है। उसी पर अब लोग चालान भर सकते हैं।

पुलिस उपायुक्त यातायात विरेंद्र विज ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चालान भरने के लिए पेटीएम क्यूआर कोड का शुभारंभ किया। यह सुविधा उपलब्ध कराने वाला गुरुग्राम हरियाणा का पहला जिला बन गया। क्यूआर कोड की सहायता से चालान आसानी से भरे जा सकेंगे। अब से किसी को भी चालान भरने के लिए इधर-उधर दफ्तरों के चक्कर भी नहीं काटने पड़ेंगे। विरेंद्र विज ने कहा कि इससे अब न केवल लोगों का समय बचेगा, बल्कि पेटीएम क्यूआर कोड की सहायता से घर बैठे भी इसे स्कैन कर चालान का भुगतान किया जा सकेगा। क्षेत्र के सभी थानों, चौकियों, ट्रैफिक बूथों और सभी पुलिस कार्यालयों में यह क्यूआर कोड को चिपकाया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर सबसे पहले यह आपको हरियाणा ट्रैफिक पुलिस के पेज पर लॉगिन कराएगा। जिस पर आप चालान नम्बर या वाहन नम्बर डालें।

## अतिरिक्त निगमायुक्त ने सुनी जन शिकायतें

गुरुग्राम। नगर निगम द्वारा आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद ने नागरिकों की समस्याओं को सुना। अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एवेन्यू 69 आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने स्ट्रीट लाइट्स और सड़कों की मरम्मत संबंधी शिकायत दर्ज करवाई। वहीं, डीएलएफ फेज-2 निवासी शिवजीत सिंह ने प्रॉपर्टी टैक्स डाटा में सुधार की मांग को लेकर शिकायत की। अतिरिक्त निगमायुक्त महावीर प्रसाद ने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि ऐसे समाधान शिविरों का आयोजन नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## गुरुग्राम में हुई भाजपा कोर ग्रुप की अहम बैठक में संगठन विस्तार व नियुक्तियों पर मंथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



भाजपा कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार देर रात तक यहां भाजपा कार्यालय में चली। कोर कमेटी के नेताओं ने लगभग दो घंटे तक पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की योजना, संगठन विस्तार और संगठनात्मक नियुक्तियों पर मंथन किया। बैठक में दिल्ली विधानसभा चुनाव जिताने में हरियाणा के नेताओं द्वारा निभाई जा रही भूमिका पर भी बातचीत हुई। बैठक में सदस्यता अभियान, संगठनात्मक चुनाव की समीक्षा भी की गई।

बड़ौली ने बैठक के एजेंडों को रखा। फिर एक के बाद एक विषयों पर गहनता से चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी संगठन की चुनावी प्रक्रिया के बारे में बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने तय किए गए कार्यक्रम समय पर पूरा करने की उम्मीद जताई। बैठक में संविधान गौरव अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। यह अभियान पूरे एक वर्ष तक चलेगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजेपयी की जन्म शताब्दी पर चल रहे कार्यक्रम भी साल भर जारी रहेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि हरियाणा में अभी तक 44 लाख भाजपा के सदस्य बने हैं और 41 हजार सक्रिय सदस्य बना लिए गए हैं। बड़ौली ने कहा कि भाजपा वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर गंभीर है। इस विषय पर भी गंभीरता से चर्चा हुई है।

## दुनियाभर में बज रहा सनातन का डंकाः बड़ौली

- बालिका दिवस पर बोले, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। जब भी हमें शक्ति की जरूरत पड़ती है तो बेटियों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सनातन का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। बड़ौली शुक्रवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने 25 जनवरी को नायब सरकार के 100 दिन पूरे होने की बधाई भी दी।

बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेको योजनाएं चलाई हैं। लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं को जागरूक करने के लिए सरकार और सामाजिक संगठन लगातार आयोजन कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए देश की 140 करोड़ लोगों की जिम्मेदारी बनती है। हमारा देश महान तभी बनेगा जब देश में रहने वाले हर व्यक्ति महान होंगे।

## संक्षिप्त समाचार


डीएचबीवीएन कार्यालय में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते ए. श्रीनिवास।

### प्रबंध निदेशक श्रीनिवास ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

गुरुग्राम। सार्वजनिक स्थानों और कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ हरियाणा मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान को लेकर शुक्रवार को हिसार मंडल आयुक्त एवं प्रबंध निदेशक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ए. श्रीनिवास ने गुरुग्राम बिजली निगम कार्यालय में औचक निरीक्षण कर अभियान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा को साफ व स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है जिसके तहत सभी बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालयों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। प्रबंध निदेशक ने सभी अधिकारियों को कहा कि वे स्वच्छ हरियाणा मिशन के इस सफाई अभियान में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें। सभी के कार्यालय साफ स्वच्छ और सुंदर हों। कार्यालय परिसर एवं परिधि आदि को सुसज्जित किया जाए। किसी भी प्रकार की गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गैर जरूरी अप्रयुक्त सामान का निराकरण करें।

### दुर्घटना होती है तो उसे पोर्टल पर अपलोड करेंः डीसी

गुरुग्राम। भारत में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पायलट कैशलेस स्कीम का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को अग्रिम भुगतान की आवश्यकता के बिना तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। इस योजना के तहत घायल को इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए तक की कैशलेस आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उपायुक्त अजय कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुई राज्य परिवहन आयुक्त की वीडियो कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि पायलट कैशलेस स्कीम के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए व्यक्ति को एमपेनल्ड अस्पतालों में बिना किसी वित्तीय बोझ के उपचार प्राप्त होगा। इस पहल का उद्देश्य समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में देरी को कम करना और दुर्घटना पीड़ित के जीवित रहने की संभावनाओं को सुधारना है, ताकि उपचार तक त्वरित व कैशलेस आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी पिछले दिनों करनाल में प्रदेश के सभी डीसी और एसपी की मीटिंग में भी इस पायलट स्कीम को लेकर चर्चा की थी। कोई भी सड? दुर्घटना होती है तो उसे पुलिस कर्मचारी ए-डार पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति की ट्रांजेक्शन मैनेज आईडी अर्थात टीएमएस बनाई जाएगी। यह सारा कार्य ऑनलाइन किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस को लेकर जिलाधीश ने जारी किए आदेश

फरीदाबाद। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी, 2025 को मनाया जाएगा जिला प्रमुख औद्योगिक शहर है। जिसके कारण यहां पर बाहर से आकर रहने वाले लोगो की संख्या बहुत ज्यादा है। जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए घरेलू नौकरों व किरायेदारों के आपराधिक रिकार्ड व आपराधिक प्रवृत्ति की जानकारी हासिल करने के लिए इनका पुलिस सत्यापन करवाया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा साइबर कैफे का भी लोगों द्वारा काफी इस्तेमाल किया जाता है, जिसके कारण साइबर अपराध की सम्भावना बनी रहती है।

## विकास के नए आयाम स्थापित होंगे गुरुग्राम मेंः नरबीर

- शुक्रवार को बादशाहपुर में धन्यवादी दौरे पर थे कैबिनेट मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बादशाहपुर हल्के में धन्यवाद कार्यक्रम में बोलते मंत्री राव नरबीर सिंह।

उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रही है। जिसमें नागरिक प्रथम की सार्थक सोच के साथ पारदर्शी, जवाबदेह, लोक-केंद्रित और तत्पर विश्वास-आधारित प्रशासन सुनिश्चित किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव पातली हाजीपुर, खेंटावास, साढ़राणा, चंदू व माकड़ोला में अपने धन्यवादी दौरे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने इस दौरान गांव पातली व हाजीपुर में दो अलग अलग स्थानों पर स्थापित नए सौ फुट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण भी किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आने वाले पांच सालों में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे जोकि हरियाणा के अब तक के विकास के सफर के स्वर्णिम पांच साल होंगे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा की जनता द्वारा तीसरी बार आशा व विश्वास से चुनी हुई सरकार के आज सौ दिन पूरे हुए हैं। इन बीते सौ दिनों में अगले पांच साल के विकास के सफर का खाकां तैयार कर लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि यह सर्वसमाज व 36 बिरादरी के साझे की चुनी हुई सरकार है। जिसमें बिना किसी पक्षपात के सभी वर्गों का समान दृष्टिकोण के साथ विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

राव ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए वित्त वर्ष में जनता की मांग के अनुरूप नियमों को पूरा करने वाले सभी विकास कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगें। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में शहरों की तर्ज पर गांवों में हुए समानांतर विकास से आज हरियाणा देश के अग्रणीय राज्यो में स्थान रखता है। ऐसे में उपरोक्त सूची में परफॉर्मेंस को और अधिक बेहतर करते हुए आगामी पांच सालों में विकास की गति को दुगना किया जाएगा।

## बालिका दिवस के उद्देश्य को साकार करती है भाजपा सरकारः परमार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


विजय परमार।

शुक्रवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बेटियों को शुभकामनाएं देते हुए नगर निगम के वार्ड-32 से भावी पार्षद उम्मीदवार एवं भाजपा नेता विजय परमार ने कहा कि इस दिवस के उद्देश्य को भाजपा सरकार ने साकार किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत वर्ष 2015 में की थी। तभी ये यह अभियान देशभर में प्रसिद्ध हुआ। हर आम और खास में बेटियों को बचाने, पढ़ाने के प्रति जागरुकता आई। जो हरियाणा बेटियों की भ्रूण हत्या के नाम से जाना जाता था, आज बेटियों को समाज में अहम स्थान देने के नाम से जाना जाता है। बेटियों ने हर स्तर पर नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम उज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनाना है। यह लड़कियों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए आवश्यक उपकरण और अवसर प्रदान करने के बारे में है।

## टाइल बिछाने का काम विधायक ने कराया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एनआईटी क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने शुक्रवार को 74 लाख रूपए की लागत से पर्वतीय कालोनी सारन स्कूल रोड की 19 गलियों में इंटरलॉकिंग टाईल सड़क निर्माण कार्य का क्षेत्रवासियों से शुभारंभ कराया। लोगों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए फागना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आर्शीवाद से एनआईटी क्षेत्र में चहुंमुखी विकास कार्य प्रारंभ हो चुका है। करोड़ों की लागत से 60 फुट रोड़ पर नालों के निर्माण कार्य का शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री द्वारा किया जा चुका है। वहीं एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सीवर सफाई का टेंडर पास हो चुका है।

## बादशाहपुर एसबीआई ने छात्राओं को दी साइकिल, बैग और वाटर कूलर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गांव घामड़ोज के राजकीय कन्या विद्यालय की 10 छात्राओं को साइकिल, 50 छात्राओं को स्कूली बैग और स्कूल के लिए एक वाटर कूलर एसबीआई बादशाहपुर ब्रांच की ओर से लगाया गया।

राजकीय कन्या विद्यालय घामड़ोज में एक कार्यक्रम आयोजित करके एसबीआई बादशाहपुर की ओर से सुविधाएं समर्पित की गई। बैंक मैनेजर सुमन कुमार ने कहा कि स्कूल के बच्चों के लिए उनकी सुविधा के लिए इस तरह की पहल की गई है। यह सारा सामान सीएसआर स्कीम के तहत दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगली साल इससे भी ज्यादा विद्यार्थियों को सामान दिया जाएगा, जिससे वह अपनी शिक्षा को और बेहतर तरीके से कर सके। सरपंच साधना राघव ने कहा कि बैंक इस पहल के लिए पूरे गांव की तरफ से उनका वह धन्यवाद करते हैं।

## यूक्रेन युद्ध
### ट्रंप की चेतावनी

**ट्रंप** ने यूक्रेन युद्ध पर सीधे-सीधे कहा है, 'युद्ध समाप्त करें या प्रतिबंध झेलें' जो इस टकराव में परिवर्तनकारी मोड़ हो सकता है। एक नाटकीय हस्तक्षेप के रूप में अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से कहा है कि वे यूक्रेन में जारी युद्ध तुरन्त समाप्त करें। टकराव को 'हास्यास्पद' बताते हुए ट्रंप ने रूस द्वारा शांति स्थापित करने में विफल रहने पर पुतिन को कठोर आर्थिक प्रतिबंधों और टैरिफ की चेतावनी दी है। यह धमकी ऐसे युद्ध पर ट्रंप की लफ्फाजी में उल्लेखनीय वृद्धि है जिसमें दोनों पक्षों के एक मिलियन से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं। 'ट्रुथ' सोशल प्लेटफार्म पर बोलते हुए ट्रंप ने पुन: रूसी जनता के साथ और पुतिन के सम्मान के प्रति अपना जुड़ाव प्रदर्शित किया, लेकिन वे खूनी संघर्ष को लंबा खींचने के कारण रूसी नेता की आलोचना से भी पीछे नहीं हटे। ट्रंप ने वर्तमान विभीषिका को समाप्त करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा, 'हम कभी नहीं भूलेंगे कि रूस ने दूसरा विश्व युद्ध जीतने में हमारी सहायता की थी और उसने इसमें अपने लगभग 60 मिलियन नागरिकों का बलिदान दिया था।' इस प्रकार ट्रंप का दृष्टिकोण कठोर आर्थिक धमकियों और राजनयिक संकेतों का मिश्रण है। अपनी सीधे संदेश से उन्होंने संकेत दिया है कि लंबे टकराव के आर्थिक नतीजे रूस के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि वे शांतिपूर्ण समाधानों को वरीयता देते हैं।



फरवरी, 2022 में रूस के हमले से शुरू यूक्रेन युद्ध लगभग तीन साल से जारी है। इस टकराव में लगभग एक मिलियन रूसी तथा 700,000 यूक्रेनी सैनिकों की जान जा चुकी है। ये भयानक आंकड़े युद्ध का विनाशकारी प्रभाव प्रदर्शित करते हैं जो 21वीं शताब्दी का सबसे भयानक संघर्ष बन गया है। इसके आर्थिक परिणाम भी खासकर रूस के लिए गंभीर रहे हैं। लंबी सैनिक कार्रवाइयों के कारण पड़ने वाले दबाव के साथ ही अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने रूसी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाला है और वह मुद्रास्फीति तथा गतिरोध से संघर्ष कर रही है। ट्रंप ने लाभ उठाने के लिए इन आर्थिक दबावों की ओर संकेत करते हुए संदेश दिया है कि शांति समझौता रूस के सर्वोत्तम हित में है। ट्रंप की धमकी उनके पहले के दृष्टिकोण से व्यापक परिवर्तन है जो इस युद्ध पर ज्यादा दुविधाग्रस्त था। ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से सीधे बात की है और ट्रंप स्वयं पुतिन से सीधे बात करना चाहते हैं। वे आर्थिक दबाव तथा राजनयिक संपर्क के माध्यम से अपना वादा पूरे करने पर दृढ़ हैं। युद्ध के गंभीर यथार्थ के बावजूद ट्रंप की टिप्पणी समस्या के जल्दी समाधान की दिशा में उम्मीद की किरण है। उन्होंने जोर दिया है कि जेलेन्स्की और पुतिन को समझौता करना चाहिए। इस प्रकार उन्होनें संकेत दिया है कि संघर्ष समाप्त करने में दोनों नेताओं की इच्छा केन्द्रीय भूमिका में होगी। पुतिन को ट्रंप की चेतावरी यूक्रेन युद्ध में परिवर्तनकारी मोड़ हो सकती है पर आगे का रास्ता अनिश्चितता से भरा है। वार्ता प्रेरित करने के लिए रूस पर आर्थिक दबाव कारगर हो सकता है, पर समस्या समाधान में गहरे राजनीतिक व क्षेत्रीय विवाद बाधा बन सकते हैं। इन विवादों ने ही युद्ध भड़काया है। ऐसे में सारी दुनिया ट्रंप के अगले कदमों की ओर देख रही है क्या प्रतिबंध लगाने से समझौता संभव होगा या सैथ्नक सहायता में परिवर्तन प्रभावी होगा। इनसे न केवल यूक्रेन युद्ध का भविष्य तय होगा, बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक परिदृश्य भी प्रभावित होगा। वर्तमान समय में एक चीज स्पष्ट है कि अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह युद्ध समाप्त कर इतिहास में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लेंगे जिसने दुनिया को असाधारण पीड़ा पहुंचाई है। इससे वे वैश्विक राजनीति को पुन: स्वरूप देने में भी सफल होंगे।

# बजट से किसानों व गांवों का कल्याण

### बजट को आजीविका संबंधी समस्याओं का समाधान करते हुए ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने के साथ ही शहरी-ग्रामीण खाई घटाने के रास्ते पर चलना चाहिए।



**ए एस मित्तल**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को 2025-26 का केन्द्रीय बजट पेश करने जा रही हैं। पूरा देश इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। जहां वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर चार साल में सबसे कम 6.4 प्रतिशत पर रहने की आशा है, वहीं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पुनर्जीवित करने पर सबका ध्यान है जो देश की उपभोग-आधारित प्रगति में केन्द्रीय भूमिका निभाती है। ऐसे में तत्काल कृषि सुधारों की आवश्यकता है जिसके लिए किसान प्रदर्शनकारी दबाव डाल रहे हैं। 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के पंजाब के खनूरी में आमरण अनशन ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है जो न्यूनत समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

कृषि क्षेत्र में देश के 45 प्रतिशत कामगारों को काम मिलता है और यह देश की 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण जनता का भरण-पोषण करती है। लेकिन उत्पादकता में ठहराव, घटती आमदनी तथा नीतिगत अनदेखी ने किसानों को संकट में डाल दिया है। ऐसे में बजट को कृषि को पुनर्जीवित करने पर ध्यान देना चाहिए जो न केवल अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है, बल्कि समावेशी वृद्धि के लिए एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। बजट, 2025 द्वारा कृषि क्षेत्र में परिवर्तनकारी कदम उठाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च बढ़ाने के कदम उठाए जा सकते हैं जो वर्तमान समय में कुल उपभोग में 60 प्रतिशत योगदान करता है। कृषि एवं संबंधित क्षेत्रों के लिए केन्द्रीय बजट में केवल 3 प्रतिशत आबंटन किया जाता है जिसे कम से कम 7.5 प्रतिशत करने की आवश्यकता है।

इस श्रेणी में खर्च न होने वाली रकम को अगले बजट में शामिल कर फसल भंडारण एवं प्रसंस्करण में शोध, शिक्षा तथा ढांचागत संरचना निर्माण में खाई पाटने के लिए किया जाना चाहिए। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन झेलने में सक्षम फसलों की किस्में विकसित करने पर कृषि शोध संस्थानों को जोर देना चाहिए तथा उत्पादकता बढ़ाने के लिए टिकाऊ कृषि तकनीकों के प्रयोग को प्रेरित करना चाहिए। कृषि खोज को बढ़ावा देने में सार्वजनिक-निजी सहभागिता से इस क्षेत्र की तेज प्रगति सुनिश्चित होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग इस क्षेत्र के जोखिमों को उजागर करती है। एमएसपी को एम.एस. स्वामीनाथन कमीशन की संस्तुति के आधार पर किया जाना चाहिए। कानूनी दर्जा देने से निजी खरीदार किसानों का शोषण नहीं कर सकेंगे। इस सुधार से सरकार पर भारी वित्तीय दबाव पड़ेगा पर इससे किसानों को अपनी फसलों को औने-पौने दाम पर बेचने से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही एमएसपी लागू करने के लिए एक जीवन्त व्यवस्था बनाने तथा ज्यादा फसलों को इसके दायरे में लाने से किसानों की आमदनी में सुधार हो सकता है। खरीद प्रक्रियाओं में डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने तथा स्थानीय बाजार समितियों से एमएसपी को जोड़ने से व्यवस्था ज्यादा विश्वसनीय बन सकती है।

सरकार पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 10 करोड़ छोटे व सीमान्त किसानों को 6,000 रुपये वार्षिक सहायता देती है जिसमें 2018 से कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि, पिछले 6 साल में औसत मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत रही है, पर इसे मुद्रास्फीति से नहीं जोड़ा गया है। सरकार को इस समर्थन को बढ़ा कर 12,000 करने पर विचार करना चाहिए जिससे किसानों की बढ़ती वित्तीय जरूरतें पूरी होंगी। इस वृद्धि से छोटे व सीमान्त किसानों को बहुत लाभ होगा जो बीज, उर्वरक व सिंचाई के बढ़ते खर्च के कारण गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। किसान क्रेडिट कार्ड-केसीसी योजना 3 लाख रुपये तक ब्याज सब्सिडी के साथ किसानों को अल्पकालीन कर्ज लेने में सहायता करते हैं। लेकिन भुगतान की कठोर समयसीमा अक्सर किसानों को निजी सूदखोरों से कर्ज लेने पर मजबूर करती है। केसीसी को ज्यादा किसान-हितैषी बनाने की आवश्यकता है ताकि इसके अंतर्गत लिए जाने वाले कर्ज की सीमा बढ़ा कर 10 लाख हो सके तथा इसकी ब्याज दर सीमा 4 प्रतिशत हो।

कर्ज के प्रयोग पर लगे नियंत्रण हटाने से भी किसानों को दीर्घकालीन कृषि निवेशों के लिए कर्ज लेने में आसानी होगी। इसके साथ ही केसीसी प्रार्थना प्रक्रिया के सरलीकरण और इसके बारे में ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रमों से जागरूकता बढ़ाने से भी कर्ज तक किसानों की पहुंच मजबूत होगी। इस योजना का विस्तार कर इसमें बटाईदारों, ठेका किसानों तथा खेतिहर मजदूरों को शामिल किया जा सकता है जिससे कृषि क्षेत्र में समावेशी विकास सुनिश्चित होगा। भारत के किसानों के पास जीवन्त सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क नहीं है। इसके लिए 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले ऐसे छोटे और सीमान्त किसानों को बिना किसी योगदान के 3,000 रुपये प्रति माह पेंशन की व्यवस्था की जानी चाहिए जिनके पास 2 हेक्टर तक जमीन हो। इससे किसानों को बहु-प्रतीक्षित वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इस योजना में राज्य सरकारें अपना योगदान कर पेंशन की धनराशि बढ़ा सकती हैं। इस प्रकार की पेंशन योजना से वृद्ध किसानों में गरीबी उन्मूलन को प्रोत्साहन मिलेगा तथा परिवार पर उनकी निर्भरता घटेगी। कृषि जीडीपी में मवेशी पालन का योगदान 25 प्रतिशत है, पर दूध की कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा मवेशी पालन व व्यापार नीतियों में अनेक सीमाओं से पशुपालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निजी डेरियों द्वारा अमूल जैसी सहकारिताओं के बराबर दूध की कीमतें देने के कानूनी प्राविधान सार्थक योगदान कर सकते हैं। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन में दूध और अंडों के प्रयोग से किसानों की आमदनी बढ़ेगी तथा बच्चों में कुपोषण की समस्या भी कम होगी। पशु बीमा योजनाओं को प्रोत्साहन देने तथा पशु चिकित्सा के लिए बजटीय आबंटन बढ़ाने से पशुपालन की उत्पादकता में सुधार होगा। आधुनिक तकनीकों, जैसे कृत्रिम गर्भाधान व जेनेटिक सुधार से ग्रामीण आजीविका में इस क्षेत्र का योगदान और बढ़ सकता है।

उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार जरूरी है। हालांकि, किसानों को इसका लाभ होता है, पर एमएसपी का हिसाब लगाते समय सब्सिडी की धनराशि इससे निकाल दी जाती है। इससे किसानों को मिलने वाला वास्तविक लाभ घटता है। इसके बजाय एमएसपी की गणना निवेशों के बाजार मूल्यों पर की जानी चाहिए ताकि किसानों को ज्यादा लाभ मिले। सरकार को आर्गेनिक फार्मिंग को प्रोत्साहन दे कर उर्वरक प्रयोग में संतुलन को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके लिए बायो-उर्वरकों पर सब्सिडी दी जा सकती है। इसके अलावा उर्वरक सब्सिडी के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण से इसकी चोरी थमेगी तथा लक्षित लाभार्थियों तक पूरा लाभ पहुंचना सुनिश्चित होगा। पीएम फसल बीमा योजना में किसानों को मुआवजे का दावा करने में जटिल प्रक्रियाओं का पालन करना पड़ता है। सरकार को शुरुआत में सारा प्रीमियम स्वयं वहन करना चाहिए जिसमें राज्य का हिस्सा भी शामिल हो। इससे दावा करने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इससे किसानों पर पड़ने वाला प्रशासनिक बोझ घटेगा तथा फसल में नुकसान होने पर उनको समय पर मुआवजा मिलना सुनिश्चित होगा। उपग्रह छवियों तथा एआई-संचालित नुकसान आंकलन माडल जैसी तकनीकों के प्रयोग से मूल्यांकन प्रक्रिया सहज बनेगी तथा विवाद बहुत कम होंगे।

फसल कटने के बाद होने वाले नुकसानों तथा प्राकृतिक आपदाओं तक बीमा कवरेज के विस्तार से यह योजना ज्यादा समग्र तथा किसान-हितैषी बनेगी। निर्यात प्रतिबंध, कृषि उत्पादों की भंडारण सीमा तथा भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई द्वारा बाजार मूल्य से कम पर अनाज का भंडारण करने से किसानों का मुनाफा घटता है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण तथा किसानों को लाभ दिलाने के बीच संतुलन बनाने के दृष्टिकोण से इन हस्तक्षेपों का पुन: मूल्यांकन होना चाहिए। अतिरिक्त कृषि उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के साथ बेहतर भंडारण ढांचागत संरचना निर्माण से फसल कटने के बाद होने वाला नुकसान कम होगा। हालांकि, लंबे समय से भारत में कृषि क्षेत्र के विकास को न्यायोचित महत्व देने का दृष्टिकोण रहा है क्योंकि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन इसके बावजूद किसानों को व्यवस्थागत अनदेखी और असमानता का सामना करना पड़ा है। 2025 का बजट इसे दूर करने का एक अवसर प्रदान करता है।

सरकार किसानों के जीवन में सुधार कर ग्रामीण मांग बढ़ा सकती है जिससे जीडीपी वृद्धि में तेजी सुनिश्चित होगी तथा ज्यादा समतापूर्ण व टिकाऊ कृषि भविष्य की नीव पड़ेगी। समय आ गया है कि अन्नदाता किसानों के साथ पूरी तरह न्याय किया जाए।

# बदलते दौर में भारत की विदेश नीति

> "राष्ट्र ने क्वाड, ब्रिक्स और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे प्रमुख समूहों के साथ मुद्दा-आधारित साझेदारी को अपनाया है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



**भा**रत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। राष्ट्रपति ट्रम्प का शपथ ग्रहण अपने आप में वैश्विक अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। भारत ने कुछ दिन पहले नानी पालकीवाला के स्मारक व्याख्यान में विदेश मंत्री के संबोधन के दौरान अपनी विदेश नीति के दृष्टिकोण को रेखांकित किया था। उन्होंने उल्लेख किया कि 2025 में भारत की विदेश नीति बहुपक्षवाद के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, लेकिन एक बदलती वैश्विक व्यवस्था की प्रतिस्पर्धी वास्तविकताओं को भी पहचानती है।

राष्ट्र ने क्वाड, ब्रिक्स और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे प्रमुख समूहों के साथ मुद्दा-आधारित साझेदारी को अपनाया है। कई सदस्यता और साझेदारी को संतुलित करने की भारत की क्षमता इसकी विकसित कूटनीतिक रणनीति को रेखांकित करती है, जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रेरित है। भारत की विदेश नीति के केंद्र में वैश्विक दक्षिण के साथ एक मजबूत एकजुटता है, यह अनूठा दृष्टिकोण भारत को पारंपरिक गठबंधन संरचनाओं से अलग करता है, क्योंकि यह अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाते हुए विकासशील देशों के अधिकारों की वकालत करता है।



जबकि भारत वैश्विक संवादों में संलग्न होना जारी रखता है, यह गुटनिरपेक्षता के अपने मूल सिद्धांत और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के आधार पर भागीदारों को चुनने की स्वतंत्रता को बनाए रखता है। भारत की घरेलू नीतियों में हाल के बदलावों - राजनीति, अर्थशास्त्र और सुरक्षा में - ने इसके विदेशी संबंधों को प्रभावित किया है। विशेष रूप से, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत के संबंध बदल गए हैं, ऐतिहासिक झिझक को पीछे छोड़ते हुए एक गहरी रणनीतिक साझेदारी को अपनाया है। यह सहयोग सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और विज्ञान तक फैला हुआ है, जिससे दोनों देशों को लाभ हो रहा है। भारत का प्रवासी समुदाय भी द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए एक जीवंत सेतु के रूप में कार्य करते हुए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिका में कभी-कभार नीतिगत बदलावों के बावजूद, एक मजबूत रिश्ते की नींव अब मजबूती से स्थापित हो गई है। हालाँकि, चीन के साथ भारत का जुड़ाव एक जटिल चुनौती बना हुआ है। एक अरब से अधिक लोगों वाले दो सबसे बड़े एशियाई देशों के रूप में, उनकी गतिशीलता ऐतिहासिक विवादों और अलग-अलग राजनीतिक प्रणालियों द्वारा आकार लेती है। 2020 से तनावों से बढ़े सीमा मुद्दे ने द्विपक्षीय संबंधों को जटिल बनाना जारी रखा है। चीन के प्रति भारत के दृष्टिकोण के मार्गदर्शक सिद्धांत पारस्परिक सम्मान, संवेदनशीलता और साझा हित हैं, जिसमें दीर्घकालिक स्थिरता और बहुध्रुवीय एशिया पर जोर दिया गया है। इंडो-पैसिफिक में, भारत ने अपनी एक्ट ईस्ट नीति का विस्तार किया है, जापान, ऑस्ट्रेलिया और आसियान देशों के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा दिया है और क्वाड गठबंधन को मजबूत किया है।

यह साझेदारी जलवायु कार्रवाई, समुद्री सुरक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ी है। इसी तरह, रूस के साथ भारत का सहयोग उसकी विदेश नीति का एक स्तंभ बना हुआ है, जिसमें बढ़ते आर्थिक संबंध और साझा रणनीतिक हित शामिल हैं।

भारत यूक्रेन संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में कूटनीति की वकालत करता है और खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक समस्याओं का समाधान प्रदान करना चाहता है। इसने संकट के दौरान छोटे पड़ोसियों की सहायता की है, जिसमें श्रीलंका को 2023 वित्तीय सहायता शामिल है, जो एक क्षेत्रीय नेता के रूप में इसकी भूमिका को मजबूत करता है। हालांकि, सीमा पार चल रहे आतंकवाद के कारण पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत राजनीतिक जटिलताओं के बावजूद अपने लोगों से लोगों के संपर्क को बनाए रखते हुए म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने में भी लगा हुआ है। भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षाएं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में इसकी बढ़ती भूमिका में परिलक्षित होती हैं। बहुपक्षीय सुधार के समर्थक के रूप में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र में बदलावों के लिए जोर दिया है, वैश्विक दक्षिण के अधिक प्रतिनिधित्व की वकालत की है।

यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन जैसी पहलों का भी नेतृत्व करता है। ये प्रयास जलवायु परिवर्तन, डिजिटल शासन और मानवीय संकट जैसे दबाव वाले मुद्दों को संबोधित करने के लिए समर्पित एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत की बढ़ती जिम्मेदारी को उजागर करते हैं।

## आप की बात

### सैफ अलियों का क्या योगदान

**सैफ** अली पर किसी ने चाकू से हमला किया, बहुत ग़लत है, सलमान की भी हत्या का प्रयास ग़लत था। किसी की भी हत्या करना या हत्या का प्रयास अपराध है और अपराधी को दण्ड भी अवश्य मिलना चाहिए। किन्तु प्रश्न यह है कि क्या एक सेलिब्रिटी के जीवन का मूल्य एक सामान्य नागरिक से अधिक है? विशेष रूप से आज का बालिवुड जो समाज को अपसंस्कृति की तरफ़ धकेल रहा है, उसके इन कथित कलाकारों का जीवन क्यों इतना महत्वपूर्ण है जो इनके खांसने, इनके उठने - बैठने , इनके खाने ,इनके आने - जाने को भी ब्रेकिंग न्यूज के रूप में परोसा जाता है? इनका देश और समाज के उत्थान में क्या योगदान है? सिवाय इसके कि ये पश्चिम की अपसंस्कृति को परोसकर देश के युवाओं को भौतिकवाद की अन्धेरी गलियों में भटकने को प्रेरित करते हैं। संचार माध्यमों ने सैफ अली पर हुए हमले को तीन दिन तक दर्शकों को देखने व सुनने के विवश किया। जबकि मात्र 1 प्रतिशत से भी कम लोग इस समाचार को देखने की इच्छा रखते होंगे। आशंका तो यह भी की जा रही है कि जिस व्यक्ति पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला हुआ हो,वह मात्र तीन चार दिन में ही पूर्णत: स्वस्थ कैसे हो गया। जब सैफ को अस्पताल से निकलते हुआ दिखाया जा रहा था तो ऐसा नहीं लग रहा था कि यह व्यक्ति तीन दिन पहले गम्भीर घायल रहा होगा।

- **डॉ नरेंद्र तोमर**, टोंक, मेरठ

### भारतीय ईवीएम

**भारत** के चुनावी तंत्र ने न केवल देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया है, बल्कि अब यह वैश्विक मंच पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की सफलता का उदाहरण हाल ही में भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय ईवीएम के उपयोग से भूटान में चुनाव प्रक्रिया अधिक कुशल और पारदर्शी बनी है। यह गर्व का विषय है कि भारतीय सार्वजनिक उपक्रम, बीईएल और ईसीआईएल द्वारा निर्मित ईवीएम आज भूटान, नेपाल और नामीबिया जैसे देशों में भी उपयोग की जा रही हैं। इससे न केवल भारतीय तकनीक की श्रेष्ठता सिद्ध होती है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता भी झलकती है। ईवीएम ने जहां मतगणना को तेज और सटीक बनाया है, वहीं यह प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर लोगों का भरोसा जीतने में सफल रही है। भारत का यह योगदान केवल तकनीकी सहायता नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों को साझा करने का एक प्रयास है। यह दर्शाता है कि भारतीय चुनाव प्रणाली दुनिया के लिए एक आदर्श बन रही है। भारतीय ईवीएम का यह सफर तकनीकी विकास और लोकतांत्रिक मजबूती का एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो आने वाले समय में और भी देशों को लाभान्वित करेगा।

- **रितेश कुमार जैन**, बड़वानी, मप्र

### मतदाता दिवस

**भारत** में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है, भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं।हमारे देश में साक्षर और शिक्षित लोगों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन फिर भी चुनाव में मतदान का प्रतिशत लगभग 70त्न से कम ही रहता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग अक्सर सरकार की आलोचना करने में व्यस्त रहते हैं और मतदान के दिन को घूमने-फिरने और पिकनिक मनाने के अवसर के रूप में देखते हैं। उनका तर्क होता है कि एक वोट से क्या होने वाला है, लेकिन यह भूलना कि एक वोट से ही अटल जी की सरकार गिर गई थी और कई उम्मीदवार मात्र एक या दो वोट से हारे या जीते हैं। लोगों को यह समझाना कि उनका एक वोट कितना महत्वपूर्ण है और कैसे यह देश के भविष्य को आकार दे सकता है। मतदान प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने से लोगों को मतदान करने में आसानी होगी। लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न अभियान और कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि पढ़े-लिखे और समझदार शहरी मतदाताओं की तुलना में ग्रामीण मतदाता अधिक मतदान करते हैं।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### शराब पर प्रतिबंध

**मध्य** प्रदेश के सीएम मोहन यादव जी ने नरसिंहपुर जिले में, इस बात का औपचारिक ऐलान कर दिया की, प्रदेश के 11 जिलों में आने वाले 17 धार्मिक स्थलों में शराबबंदी लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने ये भी कहा की जहां जहां राम चंद्र जी के एवं कृष्ण जी के कदम पड़े हैं उन धामों में शराब को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जायेगा । जसिमे प्रमुख रूप से शामिल है उज्जैन, अमरकंटक, महेश्वर, ओंकारेश्वर, चित्रकूट एवं मंदसौर आदि। नरसिंहपुर के कार्यक्रम में उन्होंने शारब से होने वाले परिवार के सेहत पर नुक्सान के बारे में भी बताया। मुझे एक बात समझ में नहीं आती, कमोबेश भारत में जितने भी राजनीतिज्ञ हैं, उनके भाषणों में शराब की खराबियां एवं उससे होने वाले बिमारियों का ही भरपूर जिक्र होता है। वे सभी चतुर राजनीतिज्ञ लोगों से अपील करते पाए जाते हैं की कृपया शराब के सेवन से दूर रहे हैं इससे आपका सेहत ख़राब होता है । अरे जब इन नेताओं को लोगों के सेहत का इतना ही चिंता है तो फिर वे लोग शराब के उत्पादन एवं विपणन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का ऐलान क्यों नहीं करते हैं?

- **जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# आठ साल में यूपी बना उत्तम प्रदेश, अब उद्यम प्रदेश बनने की ओर अग्रसरः जगदीप धनखड़



## उप राष्ट्रपति ने सीएम योगी के महाकुम्भ आगमन के निमंत्रण को स्वीकारा पहली फरवरी को सपरिवार संगम में लगाएंगे डुबकी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि आठ साल में यूपी उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब यह उद्यम प्रदेश बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि वे दृढ़संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश के विकास के लिए समर्पित हैं। उप राष्ट्रपति ने महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि पूरी दुनिया आश्चर्यचकित है कि प्रयागराज में इतना बड़ा आयोजन आखिर कैसे इतने सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रहा है। उन्होंने प्रदेश में अपराध में आई गिरावट की तारीफ की और कहा कि इससे ईज ऑफ डुइंग बिजनेस में उल्लेखनीय उछाल आया है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ के नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' का समर्थन करते हुए कहा कि उनके इस विचार को पूरे देश ने अपना समर्थन दिया है। उप राष्ट्रपति ने देश में अवैध शरणार्थियों की मौजूदगी पर भी चिंता व्यक्त की।

उप राष्ट्रपति शुक्रवार को राजधानी के अवध शिल्पग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है और आगामी एक फरवरी को परिवार के साथ महाकुम्भ में डुबकी लगाउंगा। ये मेरे लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने प्रदेश की जनता को राज्य के स्थापना दिवस की बधाई दी। कहा कि सीएम योगी ने इस बात को चरितार्थ किया है कि यूपी अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि 2018 से राज्य स्थापना दिवस मनाने की परंपरा सराहनीय कदम है। हर स्थापना दिवस पर एक योजना प्रारंभ की गई है। आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान का शुभारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत 10 लाख उद्यमी ही नहीं बनेंगे, बल्कि ये उद्यमी औरों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि यूपी की पहचान इसकी तीव्र और ऐतिहासिक प्रगति के रूप में झलक रही है। ये आसान काम नहीं था। किसी ने सोचा नहीं था ऐसा होगा, इसके लिए योगी आदित्यनाथ साधुवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय संस्थागत ढांचे के निर्माण में यूपी सबसे आगे है। पूरी दुनिया के लिए ये एक उदाहरण है। तकनीकी और व्यापार के विस्तार में भारत की लंबी छलांग में यूपी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। एक जमाना था जब यूपी की पहचान कानून व्यवस्था की चिंता से होती थी। उससे निकलने का रास्ता नहीं दिखता था। प्रांत एक चक्रव्यूह में फंस गया था। संभावनाएं कुंठित हो गई थी। योगी जी ने इसे सुशासन वाले प्रदेश की पहचान दी है। इस प्रगति की चर्चा देश-विदेश में है। इस प्रदेश पर श्रीराम, श्रीकृष्ण, काशी विश्वनाथ और संकटमोचन बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त है। गोरखनाथ मठ के महंत इसका नेतृत्व कर रहे हैं। जब नेतृत्वकर्ता मजबूत होता है तो विकास गुणात्मक होता है। इस प्रदेश में योगियों की लंबी श्रृंखला रही है।

आज इस प्रदेश का नेतृत्व एक योगी के हाथ में है। भगवान बुद्ध ने यहां प्रथम संदेश दिया। उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता आंदोलन की गाथाओं से ओत प्रोत है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि 26 साल की उम्र में और बीते 26 साल से योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा के लिए खुद को दृढ़संकल्प के साथ समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें महंत अवैद्यनाथ के साथ सांसद बनने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि लगातार दो बार मुख्यमंत्री बनने वाले इस प्रांत में केवल योगी आदित्यनाथ हैं। इनका कार्यकाल किसी भी पहले के मुख्यमंत्री से ज्यादा रहा है। कहा कि देश और व्यक्ति के जीवन में ऐसे मौके आते हैं जब हालात चुनौतीपूर्ण हों, तब बात असरदार और धारदार होनी चाहिए।

## किसान, युवा और उद्यमी उत्तर प्रदेश के विकास के वाहकः राज्यपाल

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि अपने दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों से यूपी नित नया कीर्तिमान रच रहा है। ये गौरवपूर्ण अवसर है। यूपी ने 2018 से स्थापना दिवस को उत्सव और भव्यता के साथ मनाने की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यूपी भारत की आत्मा है। यहां धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास के असीमित अवसर हैं। इस पावन भूमि पर भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, महात्मा बुद्ध और कबीर जैसी महान विभूतियों ने जन्म लिया। प्रदेश में 500 साल बाद भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना और प्रयाग में 144 वर्ष बाद महाकुम्भ हो रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पर्यटन की दिशा में यूपी अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण के कार्य हुए हैं। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में अभिनव कदम उठाए गये हैं, जो अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरक बने हैं। आज यूपी अपने प्राचीन गौरव को बनाए रखने के साथ विकास के नये आयाम पर पहुंचा है।

## यूपी अगले चार वर्षों में 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनेगाः मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की गौरवशाली यात्रा और उपलब्धियों को समर्पित उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारंभ लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में हुआ। 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल की लॉन्चिंग की गई और 25,000 युवा उद्यमियों को उनके उद्यम की स्थापना के लिए ऋण और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही प्रदेश छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस राज्य की समृद्धि और गौरव का उत्सव है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपी में महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। बीते 10 दिनों में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पूज्य संतों के सानिध्य में गंगा स्नान कर पुण्य प्राप्त किया। यह श्रद्धालु यहां से देशभर में एकता का संदेश लेकर जा रहे हैं।



सीएम योगी ने कहा कि यह वर्ष विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित संविधान 26 नवंबर 1950 को संविधान सभा को सौंपा गया था। इस संविधान को लागू करने के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। साथ ही 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। यह दिन हमारे लिए गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए कहा कि 1775 से 1833 तक यह क्षेत्र फोर्ट विलियम (बंगाल) के अधीन था। 1834 में इसे बंगाल से अलग कर आगरा प्रेसिडेंसी बनाया गया और 1836 में इसका नाम नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज पड़ा। 1902 में इसे 'नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध' और 1937 में 'यूनाइटेड प्रोविंसेज' नाम दिया गया।

## छह लोगों को मिला उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने अवध शिल्प ग्राम, लखनऊ में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। 24 से 26 जनवरी तक प्रदेश भर में चलने वाले इस भव्य आयोजन में प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, विकास की यात्रा और आर्थिक सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया जा रहा है।

प्रदेश की छह विभूतियों को मिला उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान* प्रदेश के विकास और गौरव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले छह विशिष्ट व्यक्तियों को 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। इनमें वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल, वृंदावन मथुरा के उद्यमी एवं पर्यावरणविद् हिमांशु गुप्ता, कानपुर के कृषि उद्यमी मनीष वर्मा, बुलंदशहर की महिला उद्यमी कृष्णा यादव, बुलंदशहर के ही कृषि विशेषज्ञ कर्नल सुभाष देशवाल, और बहराइच के केला उत्पादन विशेषज्ञ डॉ. जय सिंह शामिल हैं। इन सभी को उपराष्ट्रपति द्वारा 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के ई-पोर्टल का शुभारंभ किया।

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षा मंत्री ने दी यूपी दिवस की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर देश के शीर्ष नेताओं ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास पर अग्रसर के साथ सुख समृद्धि की मंगल कामनाएं कीं। उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि उत्तर प्रदेश दिवस पर राज्य के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। देश के आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक विकास में यह राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# मिल्कीपुर से मोईद खान के भक्तों को नहीं राष्ट्रवादियों को जिताना है चुनावः योगी

## मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में की जनसभा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर व अन्य महापुरुषों का विरोध करती है, लेकिन माफिया से प्यार करती है। यह लोग माफिया के मरने पर आंसू बहाते हैं और मर्शिया पढ़ने जाते हैं। उन्होंने कहा कि देख सपाई, बिटिया घबराई। दलित बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाला मोईद खान सपा का हीरो होता है। बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करना ही सपा का वास्तविक चरित्र है। दुर्भाग्य से अयोध्या से बने सपा के सांसद मोईद खान को सिर पर लेकर ढोते हैं। उसकी पैरवी करते हैं, फोटो खिंचवाने में उन्हें गौरव होता है। सीएम ने अपील की कि मोईद खान के भक्तों को चुनाव नहीं जिताना है। इसे सिर आंखों पर बैठाने वाले लोग बेटियों की सुरक्षा में खतरा है। भदरसा का चेयरमैन दलितों की जमीन पर कब्जा करके बैठा था, लेकिन उसे बताया गया कि जबर्दस्ती यहां नहीं चलती है। यहां दलित-गरीब की सुनवाई होगी, माफिया-अपराधी की नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हाल में हुए उपचुनाव में 9 में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। मिल्कीपुर को रिकॉर्ड तोड़ना है और राष्ट्रवादियों को चुनाव जिताना है। हम सौभाग्यशाली कि देश-विदेश के श्रद्धालुओं की सेवा का प्राप्त हो रहा अवसर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी पूरी कैबिनेट ने परसों (22 जनवरी) को प्रयागराज में मां गंगा, यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी पर डुबकी लगाई। हम सौभाग्यशाली हैं कि देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हो रहा है। 10 दिन में प्रयागराज में 10 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान किया। 45 करोड़ से अधिक आबादी सिर्फ भारत और चीन की है, लेकिन प्रयागराज महाकुम्भ में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। यहां बिना जाति, भेदभाव के लोग संगम में स्नान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ का एक ही संदेश- एकता से ही अखंड से रहेगा यह देश, लेकिन जातिवाद-परिवारवाद एकता के मार्ग में सबसे बड़ी चुनौती और विकास में बाधा है।

# यूपी के ब्रोकेड और जरदोजी का दिल्ली में दिखेगा जलवा

## लोक संवर्धन पर्व के दूसरे संस्करण में बनारसी ब्रोकेड, जरदोजी और लकड़ी के उत्पादों की लगेगी प्रदर्शनी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** की राजधानी नई दिल्ली में लोक संवर्धन पर्व का दूसरा संस्करण 27 जनवरी से शुरू होगा। 2 फरवरी तक चलने वाले इस पर्व में उत्तर प्रदेश की विशेष कला और शिल्प का जादू देखने को मिलेगा। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के बनारस ब्रोकेड, लकड़ी के सामान और ज़री युक्त कपड़ों (जरदोज़ी) को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। यह पर्व न केवल राज्य की विशिष्ट कलाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि देशभर से आए लोगों को इन शिल्प कलाओं से रूबरू होने का अवसर भी देगा। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित स्टेट एम्पोरिया कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले लोक संवर्धन पर्व के दूसरे संस्करण में देश के विभिन्न भागों से 90 शिल्पी भाग लेंगे और अपनी कला शिल्प वस्तुएं प्रदर्शित करेंगे। इस मंच ने कारीगरों को अपनी स्वदेशी कला, शिल्प और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है। यह आयोजन न केवल अल्पसंख्यक समुदायों की परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए बल्कि कारीगरों के लिए एक अभिनव और उद्यमशील वातावरण को बढ़ावा देने के लिए भी डिजाइन किया गया है। उत्पादों के विपणन, निर्यात तथा ऑनलाइन व्यापार, डिजाइन, जीएसटी और बिक्री आदि जैसे क्षेत्रों में उनके कौशल को बढ़ाने के लिए मंत्रालय ने हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की मदद से दैनिक कार्यशालाएं आयोजित करेगा। इससे उनकी प्रतिभा को सशक्त बनाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लोक संवर्धन पर्व में बनारसी ब्रोकेड की साड़ियां और अन्य परिधान प्रदर्शित किए जाएंगे, जो भारतीय परंपरा और आधुनिकता का मेल दिखाएंगे। बनारस ब्रोकेड, जिसे बनारसी साड़ी और वस्त्रों के लिए जाना जाता है, उत्तर प्रदेश की पहचान है। बनारसी ब्रोकेड अपनी जटिल कढ़ाई, रेशमी धागों की बुनाई और पारंपरिक डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। इन कपड़ों पर सोने और चांदी की ज़री से की गई बारीक कारीगरी इन्हें विश्वभर में खास बनाती है।

## जजों व अदालतों की कमी पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सूबे** में जजों और अदालतों की कमी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चिंता जताई है। पीठ ने कहा है कि अधीनस्थ अदालतों में लम्बित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रतिदिन बहुत से मैसेज हमारे समक्ष आते हैं।

ऐसा जजों और अदालतों की कमी के कारण है। पीठ ने इस विषय को जनहित याचिका के तौर पर दर्ज किया। साथ ही इसकी सुनवाई के लिए निर्देश देने हेतु इसे चीफ जस्टिस के समक्ष भेजने का आदेश रजिस्ट्री को दिया। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश बहराइच निवासी कृष्ण चंद्र सिंह की शीघ्र निस्तारण की मांग वाली याचिका पर दिया है।

याचिकाकर्ता की एक पुनरीक्षण याचिका बहराइच की सेशंस कोर्ट के समक्ष 14 वर्ष से लम्बित थी। पीठ ने इस मामले की सुनवायी के दौरान सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक मामले में दिए गए निर्देशों के क्रम में अदालतों के गठन की स्थिति का ब्यौरा राज्य सरकार से तलब किया।

## बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष की कैद

**लखनऊ**(विसं)। चार वर्ष की एक मासूम बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो की विशेष अदालत ने आरोपी गोपाल को दोषी करार दिया है। यह ठाकुरगंज इलाके के भुहर गांव का रहने वाला है। विशेष जज मोहम्मद कमरुज्जमा खान ने इसे 20 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी ठोका है। तीन मई 2023 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता के पिता ने थाना ठाकुरगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शैलेश कुमार सिंह के मुताबिक चार वर्षीय पीड़िता को आरोपी ने पैसा देने के बहाने बुलाया। फिर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर उसका पिता मौके पर पहुंच गया। वहां आरोपी उससे लड़ाई झगड़ा करने लगा। विवेचना के पश्चात पुलिस ने इस मामले में मात्र छह दिन में आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

## संविधान को बदलकर आरएसएस की विचारधारा लागू करना भाजपा की मंशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम रेहरया, पोस्ट सोनौली, ब्लाक-बनीकोडर, विधानसभा क्षेत्र दरियाबाद, जनपद बाराबंकी में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी कार्यक्रम 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' के तहत संविधान महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय बाराबंकी के सांसद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया तथा प्रदेश के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अब्दुल्ला शेर खां ने किया। इस दौरान अजय राय ने कहा कि 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' कार्यक्रम जरूरत आज इसलिए पड़ी कि जबसे भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से लगातार बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान पर हमला किया जा रहा है। इनकी पहले दिन से मंशा रही है कि किसी तरह से संविधान को बदल कर आरएसएस की विचारधारा को लागू किया जाए। इन लोगों को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर और संविधान से नफरत है, बाबा साहब के आदर्शों से नफरत है। इसीलिए संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी कुंठा ज़ाहिर करते हुए बाबा साहब का अपमान किया।

## भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सबसे बड़ी भूमाफिया है। भाजपा के लोग जमीनों पर कब्जा कर रहे है। सरकार गरीबों और किसानों की जमीनों को कम कीमतों में जबरन अधिग्रहण कर भाजपाइयों को बेच रही है।

अयोध्या से लेकर पूरे प्रदेश के किसान भाजपा की जमीन कब्जाने की नीति से पीड़ित है। किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार अपराधियों, माफियाओं को संरक्षण देती है। अपराधी सत्ता के संरक्षण में खुलेआम गरीबों पर अत्याचार कर रहे है। भाजपा सरकार विकास विरोधी और पीडीए विरोधी है। पीडीए के साथ भेदभाव करती है। पीडीए को हर जगह प्रताड़ित किया जा रहा है। अधिकारियों, कर्मचारियों को हर तरह से परेशान किया जा रहा है।




अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया। महंगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। किसान, नौजवान महिलाएं त्रस्त है। मुख्यमंत्री के पास जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है। मुख्यमंत्री जी के पास झूठ और लफ्फाजी के अलावा कुछ नहीं है। नफरत और नकारात्मक राजनीति ही मुख्यमंत्री की पहचान है। वह पीडीए से घबराए हुए है। पीडीए के अधिकारियों, कर्मचारियों से नफरत करते है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा का कोई भान नहीं है। संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर रहे है। जनता अब इनकी नकारात्मक राजनीति का अंत करने को तैयार है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष का अधिकार सीज करने वाले आदेश पर लगी रोक हाईकोर्ट ने बढ़ाई

विधि संवाददाता। लखनऊ

**जिला** पंचायत अध्यक्ष आरती रावत के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार सीज करने सम्बंधी आदेश पर लगाई गई अंतरिम रोक को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अग्रिम आदेशों तक के लिए बढ़ा दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश आरती रावत की याचिका पर दिया है। शुक्रवार को पीठ के समक्ष राज्य सरकार के वकील राजेश तिवारी ने याचिकाकर्ता का अधिकार सीज करने से पूर्व सुनवाई का अवसर नहीं देने की बात स्वीकार की। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि 23 जनवरी के आदेश में अदालत ने इस मामले की चल रही फाइनल जांच पर भी अंतरिम रोक लगा दी है। लिहाजा इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से सरकारी वकील की इस बात का विरोध किया गया। तर्क दिया गया कि फाइनल जांच उसी प्राथमिक जांच व अधिकार सीज करने के आदेश पर हो रही है जिसमें सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया। ऐसे में उक्त फाइनल जांच भी जारी नहीं रहनी चाहिए।



पीठ ने दोनों पक्षों की बहस के पश्चात पारित अपने आदेश में फाइनल जांच को जारी रखने का निर्देश दिया। लेकिन उक्त जांच के आधार पर कोई भी निर्णय नहीं पारित करने का भी आदेश दिया। गौरतलब है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच की। इस जांच में आरोपों की पुष्टि हुई। जिसके बाद छह दिसंबर 2024 को याचिकाकर्ता के वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया और जिला पंचायत के संचालन के लिए तीन निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों की समिति गठित कर दी गई थी।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर जनकल्याणकारी योजनाओं की लगायी प्रदर्शनी

## ● आयोजन का प्रभारी मंत्री ने उद्घाटन, सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन विकास व विरासत की प्रगति पर उप्र की थीम पर सरदार पटेल प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह की उपस्थित में संपन्न हुआ। विभिन्न विभागो में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की लगायी गयी प्रदर्शनी यथादृशिक्षा विभाग, कृषि, उद्यान, पशुपालन, बाल विकास, महिला कल्याण, रेशम, उद्योग, मत्स्य, पंचायती राज, जैविक उत्पाद आदि एवं उप्र मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रीअन्न/मिलेट्स उपभोग, विकास एवं जागरूकता (मिलेट्स रेसिपी) का कार्यक्रम का राज्यमंत्री ने फीता काटकर उद्घाटन किया। विभिन्न विभागो की लगाई गई प्रदर्शनी में लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया।

उप्र दिवस समारोह का उक्त जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र/छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं संस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जनप्रतिनिधियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। तत्पश्चात लखनऊ में आयोजित उप्र दिवस समारोह एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के पोर्टल की लॉन्चिंग एवं उप्र गौरव सम्मान 2024-2025 का वितरण महामहिम उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़, राज्यपाल उप्र आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ



द्वारा किया गया, जिसका सजीव प्रसारण अतिथियों व अधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों की उपस्थिति में प्रेक्षा गृह में देखा व सुना गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जनपद में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 केयर टेकर, 02 ग्राम पंचायत अधिकारी, 01 ग्राम विकास अधिकारी, 02 खंड प्रेरक, 03 सफाईकर्मी, 01 पंचायत सहायक को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट वितरण योजना के तहत आईटीआई के 07 छात्रों को एवं अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज की 05 छात्र/छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 10 लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरित की गई। सीएम युवा अभियान के अंतर्गत जनपद के 06 युवा उद्यमी को 05-05 लाख रुपए का ऋण वितरीत किया। कृषि के क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने वाले 06 कृषकों को सम्मानित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण टॉप 10 छात्राओं को 10000-10000 रुपए की धनराशि देकर सम्मानित किया गया एवं कन्या जन्मोत्सव पर नवजात 07 बच्चियों बेबी किट दी गई। 05 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिलेट्स रेसिपी कार्यक्रम के अंतर्गत हाइड आउट स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट फतेहपुर को प्रथम 5000 रु0, डेजर्ट हैवेन स्वीट्स को द्वितीय 3000 रु0, मे0 अमित स्वीट्स को तृतीय 2000 रु0 की धनराशि से सम्मानित किया गया। शेष होटल/प्रतिष्ठानों एवं डायट प्रशिक्षुओ को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही फार्म मशीनरी बैंक के तहत 01 कृषकों को 80 प्रतिशत अनुदान एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के तहत 01 कृषक को 40 प्रतिशत अनुदान पर ट्रैक्टर की चाबी दी गई। आयुष्मान योजना, के तहत 02 लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किए गए। जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ने उप्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना का 75वें वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश ऊंचाईयों की नए शिखर को छू रहा है, हमारी डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश विकास की ओर तेजी से अग्रसर है।

# हमीरपुर में जांच में चार सौ पचासी वक्फ संपत्तियां पायी गयी अनाधिकृत, केवल पांच संपत्ति है वक्फ संपत्ति

**हमीरपुर।** पिछले वर्षो में वक्फ बोर्ड द्वारा जिले में बनायी गयी संपत्ति का खुलासा जांच के दौरान हो गया है,जिले में चार सौ 85 बक्फसंपत्तियों का दावा खारिज कर सरकारी जमीन होने का दावा किया गया है। रिपोर्ट शासन को भेज दी गयी है। शासन ने पिछले दिनों पूरे प्रदेश में बक्फ संपत्तियों की जांच करायी थी,जिसमे हमीरपुर में भी बक्फ संपत्तियों की जांच करायी गयी थी,जांच राजस्व विभाग की टीम ने किया जिसमे पाया गया कि 485 संपत्तियां जिसमे वक्फ बोर्ड ने मुहर लगा दी थी मगर जांच में वह वक्फ संपत्ति नही साबित हो पायी,इसी प्रकार 55 संपत्तियां ऐसी है जो निजी भूमि मे है उनको भी वक्फ संपत्ति माना गया था। केवल पांच संपत्ति ऐसे ही जो वक्फसंपत्ति के दायरे में आयी है उनका म्यूटेशन हो चुका है। राजस्व विभाग की टीम ने बारीकी से जांच कर शासन को रिपोर्ट भेज दी है,शासन स्तर पर शीघ्र ही होने वाली जेपीसी की बैठक में यह मामला रखा जायेगा और इसके बाद इस संपत्ति के निस्तारण का फैसला किया जायेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में वक्फसंपत्ति दर्ज न होने का अर्थ है कि सरकारी भूमि है। सबसे ज्यादा मौदहा में वक्फसंपत्ति होने का दावा किया गया था मगर जांच में स्पष्ट हो गया है कि बक्फ संपत्ति न होकर सरकारी भूमि के दायरे में आती है। मौदहा में 79 नं रकवा का वक्फ संपत्ति होने का जो दावा दो पार्टियों द्वारा किया जा रहा उसमे में निजी भूमि पायी गयी है। वह भी वक्फसंपत्ति के दायरे में नही आती है। कई लोग सरकारी भूमि के वक्फसंपत्ति मान कर अभी भी कब्जा किये हुये है हालाकि जांच में खुलासा होने के बाद लोगो के चेहरे से हवाईया उड़ना शुरु हो गयी है लोगो का कहना है कि पिछले सालों जो जमीन सरकारी पायी गयी थी उसमे वक्फकुछ लोगो ने साजिशन वक्फबोर्ड की जमीन होने का दावा कर दिया था। जेपीसी की बैठक में जो पूरे प्रदेश में वक्फ संपत्ति की जो जांच की गयी है उसके बारे में फैसला किया जायेगा।

## चीफ इंजीनियर ने एक्सियन मीटर का एक दिन को वेतन रोका

**हमीरपुर।** विद्युत विभाग के हमीरपुर के एक्शियन मीटर राकेश कुमार के मंडलीय बैठक में न पहुचने पर चीफ अभियंता ने जवाब तलब करते हुये एक दिन का बेतन रोक दिया है, पिछली बैठक में चीफइंजीनियर आर के गर्ग ने मंडलीय बैठक बुलायी थी, एक्शियन मीटर राकेश कुमार गैर हाजिर रहे जिससे समीक्षा में हमीरपुर जिले की कोई चर्चा नही हो पायी इस पर नाराजगी जाहिर करते हुये चीफ इंजीनियर ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये एक दिन का बेतन रोक दिया है।

# नवजात शिशु की हत्या की घटना का खुलासा करते हुए किया गिरफ्तार

## ● मुअसं.02/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस में वांछित थी अभियुक्ता



**कानपुर देहात।** नवजात बच्चों संबंधी अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में 24.01.2025 को नवजात शिशु हत्या कर देने के संबंध में थाना राजपुर पर मुअसं 02/2025 धारा 103(1)/238 बीएनएस बनाम अभियुक्ता पूनम पत्नी भूपेन्द्र निवासिनी ग्राम हसनपुर थाना कुठौन्द जनपद जालौन व हाल निवास मोहल्ला लोहियानगर कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। वांछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर तलाश की जा रही थीए जिसमें मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24.01.2025 को वांछित अभियुक्ता पूनम पत्नी भूपेन्द्र निवासिनी ग्राम हसनपुर थाना कुठौन्द जालौन व हाल निवास मोहल्ला लोहियानगर कस्बा व थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात को राजपुर सिलहरा रोड से सलेमपुर की तरफजाने वाली खडन्जा की सड़क से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली थाना राजपुर पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम उनि सूरजपाल सिंह हे.का. 204 सनवेद सिंह म.का. 1146 रोशनी की भूमिका प्रमुख रूप से रही।

# हत्या की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## ● अभियुक्त की निशानदेही पर प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया

**कानपुर देहात।** अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना डेरापुर पर वादिनी द्वारा उसके पति की हत्या की लिखित सूचना दी गयी जिसके आधार पर थाना डेरापुर पर 20.01.2025 को मु0अ0सं0 014/2025 धारा 103(1)/49/352/ 351(2) बीएनएस बनाम 03 नफर नामजद अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया था। मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित नामजद अभियुक्त बोबी उर्फ पुष्पराज पुत्र सिद्धनाथ निवासी ग्राम मवई मुक्ता थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को मुंगीसापुर हाइवे पुल के नीचे से 23.01.2025 को समय करीब 23.30 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही



पर ग्राम मवई मुक्ता में सरकारी ट्यूब वैल के सामने सड़क पर सरसों के खेत में लगभग 20 कदम की दूरी पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद लकड़ी का डण्डा बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि 19.01.2025 को ग्राम बेड़ामऊ में मेरा अपने पिता से सम्पत्ति को लेकर विवाद हो गया था। फिर मैंने दारू के नशे में रात्रि लगभग 08.00 बजे बाइक से आ रहे सिद्धनाथ व अमित उर्फ बीरू को छुन्ना उर्फ बृजेन्द्र शुक्ला के मकान के पास ग्राम मवईमुक्ता में रोड के किनारे पड़े डण्डे से पीट पीट कर हत्या कर दी।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली के अनियंत्रित होकर पलटने से महिला सहित दो की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली के अचानक अनियंत्रित होकर पलटने से ट्रॉली में सवार दो लोगों ट्रॉली में दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। जरिया थाना क्षेत्र के दाँदौ गांव निवासी 54 वर्षीय बालचंद गांव के शैलेंद्र कुमार के ट्रैक्टर ट्राली में अपनी गेहूं और मूंगफली की फसल बेचने के लिए राठ की नवीन गल्ला मंडी में आया हुआ था। कस्बे के रोडवेज बस स्टैंड के पास दाँदौ गांव निवासी 27 वर्षीय रामकुमारी पत्नी ज्ञानसिंह अपने मायके ग्राम अटकौंहा से वापस अपनी ससुराल ग्राम दाँदौ जाने के लिए उसी ट्रैक्टर ट्राली में जाकर बैठ गई। वापस अपने गांव लौटने के दौरान रास्ते में खेड़ा शिलाजीत गांव के पास अचानक तेज रफ्तार टैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर की ट्रॉली में सवार किसान बालचन्द और महिला रामकुमारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतक महिला रामकुमारी के पिता राजेंद्र ने ससुरालीजनों पर पुत्री को ठीक से न रखने एवं आए दिन उसके साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए साजिश के तहत ट्रैक्टर ट्रॉली को पलटाकर पुत्री रामकुमारी की हत्या करने का आरोप लगाया है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## क्विक न्यूज

### पुलिस की दो गौकश से मुठभेड़, एक घायल, एक फरार

**फतेहपुर।** इंटेलिजेंस विंग व हथगाम थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चम्पतपुर में गौकशों को घेर लिया। जिस पर गौकशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हो गया, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग जाने में सफल रहा। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि इंटेलिजेंस विंग प्रभारी निरीक्षक अरूण चतुर्वेदी मय टीम व थाना हथगांव पुलिस टीम की संयुक्त टीमें कस्बा छिवलहा पर चेकिंग कर रही थीं। तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति ग्राम चम्पतपुर में रमेश चन्द्र तिवारी के आम के बाग में गौकशी करने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची और अभियुक्तों को घेर लिया। जिस पर अभियुक्तगणों ने पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त शब्बीर कुरैशी पुत्र सद्दीक निवासी कस्बा व थाना चिल्ला जनपद बांदा हाल पता दरियापुर मजरे दुदौली थाना हथगांव के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। घायल अभियुक्त को पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज हेतु सीएचसी हथगांव भेजा। एएसपी ने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के गौवध से संबंधित अपराधी है। इनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, तमंचा में एक खोखा कारतूस 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक तराजू व एक किलो का बाट, तीन चाकू, एक लकड़ी का ठीहा, एक कुल्हाड़ी लोहा लकड़ी की, चार बोरी व दो पैकेट काली प्लास्टिक की पन्नी, एक राशि गोवंश (बछड़ा), एक रस्सी का टुकड़ा, एक मोटर साइकिल नंबर यूपी-90एडी/9188 स्पलेन्डर प्लस बरामद की।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**खागा (फतेहपुर)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव के चौराहे पर रोड पार करते समय बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के पुरइन गांव निवासी बलवंत का 35 वर्षीय पुत्र बच्चा गांव के चौराहे पर रोड पार कर रहा था। तभी रोड से निकले अपाचे बाइक सवार ने उसको ज़ोरदार टक्कर मार दिया जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो तुरंत मौके पर पहुंचकर उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया, जहाँ डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खंती में पलटा ई-रिक्शा, युवक की पानी में डूबकर मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बसोहनी गांव में स्थित स्कूल के समीप पानी भरी खंती में ई-रिक्शा पलट गया। जिससे रिक्शे में सवार युवक की पानी में डूब कर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बसोहनी गांव निवासी लक्ष्मी कुमार साहू का 39 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार साहू उर्फ पिंटू साहू ई-रिक्शा पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था, जब रिक्शा गांव के समीप स्थित स्कूल के पास पहुंचा। तभी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पानी भरी खंती में जाकर गिर गया। जिससे रिक्शे पर सवार दिनेश कुमार साहू की पानी में डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### ट्रक पलने से दबकर चालक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 पर स्थित कैंची मोड पर अनियंत्रित ट्रक पलट गया। जिससे ट्रक चालक की दबकर मौत हो गई। कानपुर देहात जनपद के मंगलपुर थाना क्षेत्र के रेवा गाँव निवासी राम सनेही का 25 वर्षीय पुत्र देवेंद्र कुमार उर्फ छोटे पेशे से ट्रक चालक था। ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रोज की भांति वह ट्रक पर भाड़ा लादकर राजस्थान जा रहा था। जब उसका ट्रक मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर कैंची मोड पर पहुंचा। तभी अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ट्रक चालक देवेंद्र कुमार की दबकर मौत हो गई।

# गणतन्त्र दिवस के आयोजन के लिये युद्धस्तर पर हो रही तैयारियाँ

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** गणतंत्र दिवस का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर विभिन्न प्रशासनिक दफ्तरों व गैर प्रशासनिक दफ्तरों, गांव, मोहल्लों और कॉलेज, संस्थाओं को सजाया जा रहा है। जगह-जगह ध्वजारोहण होगा और मिष्ठान का वितरण होगा। गणतंत्र दिवस पर्व से पहले रसूलाबाद क्षेत्र में लोगों ने विशेष तैयारी की। कस्बे के झींझक रोड तिराहा पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शानो.शौकत के साथ तिरंगा फहराया जाएगा। परंपरा के अनुसार रसूलाबाद तहसील के उपजिलाधिकारी द्वारा झींझक रोड तिराहा पर ध्वजारोहण किया जाता है। 26 जनवरी को उपजिलाधिकारी सर्वेश सिंह झण्डारोहण करेंगे। तिरंगा कमेटी तेजी से तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर होने वाली सजावट की ख्याति दूर.दूर तक है। जहां शुक्रवार को पूरे दिन युवाओं ने नगर पंचायत की टीम के साथ मिलकर सजावट की तो वहीं अगले दिन भी पूरी रात जाकर सजावट की जाएगी।

# बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव का हुआ भव्य स्वागत

## ● अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य करूंगा: मुशीर

**संवाददाता।** गुरसहायगंज, कन्नौज

**अभी** हाल ही मे हुये कन्नौज बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नगर निवासी एडवोकेट मुशीर अहमद महासचिव पद पर निर्वाचित हुए हैं। उनकी जीत की खुशी मे समाजसेवी/एडवोकेट शाहनवाज खान के नेतृत्व मे नगर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित उनके निजी प्रतिष्ठान पर नवनिर्वाचित महासचिव का फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि नवनिर्वाचित महासचिव द्वारा अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम मे नवनिर्वाचित महासचिव मुशीर अहमद को फूल मालाएं पहनाकर एवं शाल ओडाकर स्वागत किया करनें के उपरान्त समाजसेवी/ एडवोकेट शहनबाज खॉन नें महासचिव की काबिलियत और उनके नेतृत्व कौशल की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि उनके कार्यकाल में बार एसोसिएशन नए आयाम स्थापित करेगा।

नवनिर्वाचित महासचिव मुशीर अहमद ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गर्व की बात है। मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अधिवक्ताओं के कल्याण और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करूंगा। इस अवसर पर सपा नेता वसीम उर्फ लल्ला दुबे, विमल त्रिवेदी, नसीम खान उर्फ़ बाबा, सलीम आबदीन, मोनू, अंसार अहमद, मुकीम अहमद, शान मोहम्मद उर्फ शानू, एडवोकेट राहिद खान, गिरीश चंद्र तिवारी, मास्टर कमरुल एजाज अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एजाज हुसैन व संचालन पूर्व सभासद नफीस अहमद ने किया।

# लोक अदालत में छोटे-छोटे विवादों को आसानी से सुलझाएं



विद्यालय में छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों को जागरूक करतीं पीएलवी।

## ● पीएलवी ने आगामी लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी 08 मार्च 2025 को लोक अदालत की सफलता और इसके महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यालयों में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को लोक अदालत के कार्य, इसकी प्रक्रिया, और इसके माध्यम से त्वरित न्याय प्राप्त करने के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ग्राम मझपुर्वा स्थित एसयूएन इण्टर कॉलेज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पैराविधिक वॉलिन्टियर सीमा बानों ने बताया कि लोक अदालत न केवल विवादों को शीघ्रता से निपटाने का मंच है, बल्कि यह न्याय प्रक्रिया को सुलभ, कम खर्चीला और सरल बनाता है। मोहल्ला सीमांतनगर स्थित डा. जाकर हुसैन इण्टर कॉलेज में आयोजित शिविर में उन्होनें छात्रों को लोक अदालत की प्रक्रिया, इसकी कानूनी वैधता, और विवाद समाधान में इसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोक अदालत के माध्यम से छोटे-छोटे विवाद बिना किसी जटिल कानूनी प्रक्रिया के सुलझाए जा सकते हैं। समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे अपने लंबित मामलों को लोक अदालत के माध्यम से हल करने के लिए आगे आएं।

# डीएम की पहल मिशन मैदान के तहत सभी परिषदीय विद्यालयों में हुई खेल प्रतियोगिताएं

## ● मिशन मैदान: 3106 परिषदीय स्कूलों के खेल मैदानो में दिखा उत्साह, जोश का संगम ● खिली धूप, मैदानों में खेलते दिखे नौनिहाल ● खेतौसा, पीरपुर में डीएम ने किया खेल मैदान और प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**शुक्रवार** को खिली धूप और मिशन मैदान के तहत सभी 3106 परिषदीय स्कूलों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं नौनिहालो के चेहरों पर चहकन लेकर आई, जहां एक ओर सुबह से ही निकली धूप ने मन आनंदित कर दिया। जो खेल के मैदान सूने पड़े हुए थे, उनमें खुशमिजाजी के साथ ढेरों बच्चे खेलते हुए दिखाई दिए। यूपी दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर मिशन मैदान के तहत तैयार आउटडोर खेल मैदान और इंडोर गेम मिंग जोन में एक साथ व्यापक स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वप्रथम ब्लाक लखीमपुर के परिषदीय विद्यालय खेतासा पहुंचकर मिशन मैदान के तहत रोशन हुए खेल मैदान का प्रमुख, क्षेत्र पंचायत दिव्या सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी संग फीता काटकर उद्घाटन किया। विभिन्न खेलो के तैयार खेल मैदान देखे। खो.खो और कबड्डी के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर हाथ मिलाया और परिचय जाना। उन्होंने लूडो, कैरम, चेस सहित छोटे शिशुओं को दुलारते हुए उन्हें खिलाए जा रहे खेलो को देखा। बैडमिंटन कोर्ट पर बच्चों संग बैडमिंटन खेला और बच्चों में खेल के प्रति उत्साह का संचार किया।

### रूफटॉप गेमिंग जोन देख गदगद हुए नौनिहाल, इंडोर गेम में दिखाई प्रतिभा



इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्राथमिक विद्यालय पीरपुर पहुंचकर रूफ्टॉप इनडोर गेमिंग जोन का विद्यालय की नन्ही बालिका नैंसी के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। गेमिंग जोन की सौगात प्रकार नौनिहाल खुशी से झूम उठे। बच्चों ने दौड़कर अपनी अपनी कुर्सियों पर स्थान लिया और लूडो, कैरम और के जैसे इंडोर गेम खेलते नजर आए। डीएम के साथ बच्चों ने गेमिंग जोन की दीवार पर टंगे बोर्ड पर निशाना भी लगाया। डीएम ने बच्चों को दुलारते हुए संवाद किया। इस गेमिंग जोन में बच्चों संग खेलकर डीएम ने अपने बचपन को भी याद किया।

### पीरपुर में डीएम ने ब्लॉक प्रमुख संग चखा मिड डे मील गुणवत्ता मिली आल इज वेल

परिषदीय विद्यालय पीरपुर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रसोईया द्वारा तैयार मिड डे मिल के तहत तैयार तहरी की गुणवत्ता परखी। गुणवत्ता बेहतर मिलने पर उन्होंने रसोइया की सराहना की और उसे प्रशंसा पत्र देने की बात कही। इस दौरान ग्राम प्रधान ने प्राथमिक विद्यालय में कराए गए अपने विकास कार्य भी दिखाएं। दिव्यांग शौचालयए रसोई घर सहित अन्य व्यवस्थाएं मिलने पर ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापिका की भी सराहना की। बताते चलें कि डीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर उप्र के स्थापना दिवस पर मिशन मैदान के तहत जिले के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयों में इनडोर, आउटडोर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में परिषदीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर तालियां बटोरी। इन खेलों के आयोजन से बच्चों मे जोश, उत्साह व उमंग का संचार हुआ। इन सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

# किसानों की फ़सलों को बर्बाद कर रहे हैं छुट्टा गोवंश, रात भर जागने को विवश हैं किसान

**संडीला (हरदोई)।** क्षेत्र में आवारा और छुट्टा गोवंशों के कारण जहां किसानों की फ़सल बर्बाद हो रही हैए वहीं सरकारी अमला कागज़ों में गोशालाओं में गोवंशों को रखे जाने के फ़र्जी दावे कर रहा है। किसानों द्वारा काफ़ी परिश्रम और खाद, बीज और सिंचाई आदि में अच्छाखासा पैसा खर्च करके खेतों में रबी की फ़सल बोई गयी है जो अब लगभग 1 फुट ऊंचाई की हो गयी है। इस फ़सल पर आवारा और छुट्टा गोवंशों ने आफ़त मचा रखी है। यह गोवंश रात के समय झुंड के झुंड खेतों में जाकर वहां खड़ी फ़सलें चर रहे हैं। काफ़ी ताकतवर यह पशुओं के झुंड किसानों द्वारा लगाई गई बाड़ को भी पहले अपने सीघों से तोड़ डालते हैं और इसके बाद आराम से खेतों में प्रवेश कर खड़ी फ़सल की दावत उड़ाते हैं। यहां यह गौरतलब है कि गांवों और विशेष रूप से संडीला नगर में कुछ लोगों ने गायें पाल रखी हैं लेकिन उनका लेना देना केवल उनके दूध से है। वे समय पर इन गायों को दुह लेते हैं और रात के समय इन्हें खोल देते हैं। संडीला नगर की यह छुट्टा गाएं और बैल नगर के आसपास के गांवों के खेतों में पहुंच जाते हैं और रातभर में आराम से अपना पेट भरकर सुबह होते ही वापस लौट आते हैं।

क्षेत्र में पचासों सांड जिनमें कुछ सांड तो इतने बड़े और शक्तिशाली हैं कि सामने आने वाले किसी भी व्यक्ति को सीघों पर उठाकर पटक देते हैं। अभी कुछ समय पूर्व एक गांव में एक किसान को उठाकर पटक दिया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी। संडीला लूमामऊ मार्ग पर स्थित ग्राम लोनीखेड़ा, हकीमखेड़ा, रानीखेड़ा में एक नई मुसीबत किसानों के लिए पैदा हुई है। बताया जाता है कि लोनी ड्रेन के वनक्षेत्र में बड़ी संख्या में नगर विशेष रूप से मण्डई और हरिजन सरांय के लोग शर्तें लगाकर पतंगे उड़ाने जाते हैं और इनमें कटने वाली पतंगों को लूटने के लिए मण्डई, इमलियाबाग, इमाम चौक मलकाना और हरिजनसरांय के पचासों लड़के और युवा खेतों में खड़ी फ़सलों को कुचलते हुए खेतों में घुंसते हैं जिससे किसानों की फ़सलें बर्बाद हो रही हैं। इसको लेकर आए दिन किसानों से कहा सुनी और हाथापाई तक होती रहती है। प्रदेश सरकार अपने स्तर पर गायों के संरक्षण के लिए गोशालाओं को स्थापना और उनमें रखे जाने वाले गोवंशों के चारे पाने के लिए पर्याप्त धनराशि दे रही है लेकिन इस धनराशि में जमकर बंदरबांट हो रहा है। जो पैसा गोवंशों के चारापानी पर खर्च होना चाहिए, बिचौलियों और अधिकारियों की जेब में जा रहा है और इनमें रखे जाने वाले गोवंश भूख प्यास से तड़पते रहते हैं और अब तक दर्जनों की मौत भी हो चुकी है जिन्हें खामोशी के साथ गड्ढा खुदवाकर जेसीबी की सहायता से कहीं दूर जंगल में गड़वा दिया जाता है। छुट्टा गोवंशों से परेशान किसान रातों को इस भीषण ठंड के मौसम में जागकर रखवाली कर रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली , शनिवार, 25 जनवरी, 2025



# हिंदू महासभा ने ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आयोजन का विरोध किया

**भाषा।** आगरा

**हिंदू** महासभा के सदस्यों ने ताजमहल को तेजो महालय बताते हुए वहां शाहजहां के उर्स के आयोजन के खिलाफ शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने मॉल रोड स्थित भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। उन्होंने ताजमहल को तेजो महालय के रूप में दर्शाने वाली तख्तियां थामे रखी थीं, जिसके गुंबद पर भगवा झंडा लहराता नजर आ रहा था।पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों को एएसआई कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके कारण वे गेट पर बैठ गए और काफी देर तक नारे लगाते रहे। उसने बताया कि बाद में एएसआई अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों का ज्ञापन स्वीकार कर लिया। हिंदू महासभा के प्रवक्ता संजय जाट ने कहा, हम तेजो महालय (ताजमहल) में आयोजित होने वाले उर्स का विरोध करते हैं। सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन से पता चला है कि इस कार्यक्रम का आयोजन एएसआई करता है। अगर ऐसा है, तो इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समिति को क्यों सौंपी गई है? ताजमहल हमारा है और हम वहां उर्स के आयोजन का विरोध करना जारी रखेंगे। इस साल शाहजहां की 370वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में 26, 27 और 28 जनवरी को ताजमहल के अंदर उर्स का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय समारोह में एएसआई के अधिकारी और स्थानीय समिति के सदस्य हिस्सा लेंगे। अंतिम दिन।,640 मीटर लंबी चादर चढ़ाई जाएगी। सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद नीरज ने बताया, हमें हिंदू महासभा से ज्ञापन मिला है और हम उचित निर्णय लेने के लिए इसे उच्च अधिकारियों के पास भेजेंगे। सहायक पुलिस आयुक्त (सदर) विनायक भोसले ने कहा, कोई भी संगठन शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन अगर वह कानून-व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।





## दहेज की मांग को लेकर पति ने पत्नी के गहने बेचे भदोही में प्राथमिकी दर्ज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक महिला ने अपने पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज में कार मांगने, उसके गहने बेचने और उसे प्रताड़ित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि कोइरोना की रहने वाली चांदनी (25) की शादी 10 साल पहले गोपीगंज क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी कमलेश से हुई थी। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शादी के तुरंत बाद उसके पति ने दहेज में मिली मोटरसाइकिल के अलावा एक कार की मांग शुरू कर दी। मांगलिक ने शिकायत के हवाले से कहा कि चांदनी को उसके पति और ससुरालवालों ने कथित तौर पर शारीरिक एवं मानसिक यातनाएं दीं तथा कई बार सार्वजनिक तौर पर उसके साथ मारपीट की। मांगलिक के अनुसार, चांदनी ने आरोप लगाया कि कार की मांग पूरी न होने पर उसके पति ने 18 जनवरी की सुबह उसके गहने और दहेज का अन्य सामान बेच दिया। उन्होंने बताया कि चांदनी का आरोप है कि शाम को उसके पति, सास, ससुर, देवर और ननद ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सीमा सिंह ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और दहेज निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा, महिला का बयान दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। जांच के निष्कर्ष के आधार पर आगे की कार्वाई की जाएगी।

## बारात में तमंचे से अचानक गोली चलने से युवक की मौत छह के खिलाकेस दर्ज

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह में एक युवक के तमंचा लोड करने के दौरान उससे अचानक गोली चल गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मामले में दो नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राजेश कुमार सिंह ने बताया कि लालापुर गांव निवासी अमर सिंह यादव की बेटी की बृहस्पतिवार रात बारात आई थी, जिसमें प्रयागराज के कुछ युवक शामिल थे। उन्होंने बताया कि इनमें से एक युवक तमंचा लोड कर रहा था, तभी उससे अचानक गोली चल गई और यह बगल में खड़े उसके साथी सुनील (22) को लग गई। सिंह के अनुसार, सुनील को गंभीर अवस्था में नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आई महिला की मौत

इटावा। जानवरों के लिए चारा लेने जा रही एक महिला शुक्रवार सुबह आगरा-इटावा राजमार्ग पर सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जसवंत नगर थाना प्रभारी राम सहाय सिंह ने बताया कि डुडहा गांव की ओमवती (48) अपने मवेशियों के लिए चारा लेने खेत जा रही थी, तभी वह राजमार्ग पर सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे एक वाहन की चपेट में आ गई।

## संभल की शाही जामा मस्जिद में तिरंगा बांटा गया

**संभल।**(भाषा) उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद नमाजियों ने एकता एवं अखंडता का संदेश देने के लिए तिरंगा बांटा और गणतंत्र दिवस को सद्भाव से मनाने का संकल्प लिया। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने बताया, शाही जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद नमाजियों ने एक-दूसरे को तिरंगा बांटकर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने शांति और सद्भाव से रहने का संकल्प भी लिया। नमाज में शामिल सैयद अख्तर ने कहा कि गणतंत्र दिवस करीब आने के मद्देनजर नमाजियों ने मस्जिद के गेट पर तिरंगा बांटा, ताकि सभी को ईद, होली और दिवाली की तरह इस अवसर को भी हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। अख्तर ने कहा, हम लोगों से अपने घरों, दुकानों और कार्यालयों पर तिरंगा फहराने का आग्रह करते हैं, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र के गौरव और सम्मान का प्रतिनिधित्व करता है। नमाज में हिस्सा लेने वाले मोहम्मद नाजिम सैफी ने कहा, हमने 1950 में हमारे संविधान को अपनाए जाने की याद में राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया, जो हमारे इतिहास का एक ऐतिहासिक क्षण था। हम लोगों से अपने घर, दुकान और दफ्तर पर तिरंगा फहराने का आग्रह करते हैं। एक अन्य नमाजी हाजी एहतेशाम अहमद ने कहा, 26 जनवरी वह दिन है, जब हमें अपना संविधान प्राप्त हुआ था। हर नागरिक को इसकी रक्षा करनी चाहिए। हिंदुओं और मुसलमानों को एक साथ आना चाहिए और इस दिन को खुशी के साथ मनाना चाहिए। अहमद ने कहा, आज मस्जिद में नमाजियों ने शांति, सद्भाव, एकता और हमारे देश की अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। पिछले साल 24 नवंबर को संभल के कोट गर्वी इलाके में स्थित शाही जामा मस्जिद में अदालत के आदेश पर किए जा रहे सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। हिंसा के बाद से मस्जिद और संभल सुर्खियों में हैं।

## बंधुआ मजदूरों के रूप में तस्करी किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर मतभेद नहीं: न्यायालय

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि बंधुआ मजदूर के रूप में तस्करी किए गए लोगों के मूल अधिकारों को लागू करने की याचिका पर कोई मतभेद नहीं है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने यह टिप्पणी की। इससे पहले, अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि शीर्ष अदालत के 21 नवंबर 2024 के निर्देश के अनुपालन में एक समिति गठित की गई और इस मुद्दे पर सिफारिशें की गईं। शीर्ष अदालत ने नवंबर 2024 के अपने आदेश में, केंद्र से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक बैठक बुलाने को कहा था ताकि बंधुआ मजदूरों की अंतर-राज्यीय तस्करी के मुद्दे का समाधान किया जा सके। शुक्रवार को वेंकटरमणी ने कहा कि केंद्र ने एक हलफनामा दाखिल किया है और कहा है कि इस मुद्दे पर एक समिति गठित की गई है और कुछ सिफारिशें की गई हैं। पीठ ने कहा कि यह किसी मतभेद वाला मुकदमा नहीं है। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि वे इस मामले में अपने सुझाव देंगे, जिसके बाद पीठ ने सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए निर्धारित कर दी। नवंबर 2024 के अपने आदेश में, पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील की इन दलीलों पर गौर किया कि मुक्त कराए गए बच्चों सहित बंधुआ मजदूरों को तत्काल वित्तीय सहायता देने के संबंध में विभिन्न कठिनाइयां पेश आईं। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के आंकड़े चिंताजनक हैं क्योंकि मुक्त कराए गए 5,264 बंधुआ मजदूरों में से केवल।,101 को तत्काल वित्तीय सहायता मिली, जबकि 4,167 को नहीं मिली। न्यायालय ने कहा था कि बच्चों सहित बंधुआ मजदूरों की अंतर-राज्यीय तस्करी के मुद्दे का समाधान केंद्र और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को करना चाहिए तथा एक एकीकृत रुख अपनाया जा सकता है।

## न्यायालय ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न मामले में समिति के सदस्यों से संबंधित याचिका को अहम बताया

**नई दिल्ली।**(भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के लिए आंतरिक शिकायत समितियों (आईसीसी) के सदस्यों की नौकरी की सुरक्षा के लिए याचिका से जुड़ा मामला महत्वपूर्ण है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने के बावजूद न तो कोई पेश हुआ और न ही कोई जवाब दाखिल किया गया। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसे इस मामले में उठाया गया है। हम इसपर गौर करेंगे। आप सॉलिसिटर जनरल को इसकी प्रति दें। अगर अगली तारीख पर कोई भी पेश नहीं होता है, तो हम एक न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) नियुक्त करेंगे। याचिकाकर्ता आईसीसी समिति की पूर्व सदस्य जानकी चौधरी और पूर्व पत्रकार ओल्गा टेलिस हैं। पीठ ने अगले सप्ताह सुनवाई निर्धारित की है। शीर्ष अदालत ने छह दिसंबर को याचिका पर विचार करने के लिए सहमति जताते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को नोटिस जारी किया। जनहित याचिका में निजी कार्यस्थलों पर कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पीओएसएच अधिनियम) के तहत गठित आंतरिक शिकायत समितियों के सदस्यों के लिए कार्यकाल की सुरक्षा और बदले की कार्वाई से संरक्षण की मांग की गई थी। अधिवक्ता मुनव्वर नसीम के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि निजी क्षेत्र में कार्यरत महिला आईसीसी सदस्यों को उसी स्तर का कार्यकाल का संरक्षण प्राप्त नहीं है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की आईसीसी सदस्यों को प्राप्त है। याचिका में कहा गया है कि आईसीसी सदस्यों को किसी कंपनी में यौन उत्पीड़न की शिकायतों पर निर्णय लेने का दायित्व सौंपा जाता है, लेकिन यदि निर्णय निजी कार्यस्थल के वरिष्ठ प्रबंधन के विरुद्ध जाता है तो उन्हें बिना कोई कारण बताए तीन महीने के वेतन दिए जाने के साथ सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है। इसमें कहा गया, इससे हितों का गंभीर टकराव पैदा होता है और आईसीसी सदस्यों के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और पक्षपात रहित निर्णय लेने में बाधाएं पैदा होती हैं... यदि वे ऐसा निर्णय लेती हैं जो वरिष्ठ प्रबंधन की इच्छा के विरुद्ध जाता है, तो उन्हें उत्पीड़न और प्रतिशोध में अनुचित बर्खास्तगी और पदावनत करने जैसी कार्वाई का सामना करना पड़ सकता है। याचिका में कहा गया कि निजी क्षेत्र के आईसीसी सदस्यों के पास प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई सहारा नहीं है, न ही वे अपनी बर्खास्तगी (उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के आधार पर) को उचित मंच पर चुनौती दे सकते हैं।

## श्रद्धानंद ने दया याचिका पर विचार के लिए राष्ट्रपति को निर्देश देने का अनुरोध किया है: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** (भाषा) केंद्र सरकार ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि अपनी पत्नी की हत्या के मामले में 30 साल से अधिक समय से जेल में बंद स्वामी श्रद्धानंद की याचिका में अनुरोध किया गया है कि राष्ट्रपति को उसकी दया याचिका पर निर्णय लेने के लिए निर्देश दिया जाए। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा (84) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने प्राधिकारों को दिसंबर 2023 में राष्ट्रपति के समक्ष दायर उसकी दया याचिका पर फैसला करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने याचिका को लेकर न्यायालय से कहा, याचिका में राष्ट्रपति को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। क्या ऐसी याचिका पर विचार किया जा सकता है? कृपया याचिका पर गौर करें। श्रद्धानंद की ओर से पेश अधिवक्ता वरुण ठाकुर ने कहा कि याचिकाकर्ता 30 साल से अधिक समय से जेल में है और बीमारियों से ग्रस्त है। पीठ ने कहा, आपको (श्रद्धानंद) इस अदालत को धन्यवाद देना चाहिए कि उस बार आप बच गए। इसके साथ ही पीठ ने सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए निर्धारित की है। जुलाई 2008 में उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने श्रद्धानंद के मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलते हुए निर्देश दिया था कि उसे उसके जीवनकाल में जेल से रिहा नहीं किया जाएगा। पिछले वर्ष अक्टूबर में उच्चतम न्यायालय ने श्रद्धानंद की उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उसने पूरे जीवन जेल से रिहा किए जाने पर रोक लगाने के शीर्ष अदालत के फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया था।

श्रद्धानंद की पत्नी शाकिरा मैसूर रियासत के पूर्व दीवान सर मिर्जा इस्माइल की पोती थीं। श्रद्धानंद ने जुलाई 2008 के फैसले पर पुनर्विचार का आग्रह किया था।

## ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम का पंजीकरण रद्द करने की याचिका के खिलाफ फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग द्वारा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का पंजीकरण रद्द करने का अनुरोध करने वाली याचिका के खिलाफ फैसले को बरकरार रखा है। पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गडेला की पीठ ने 16 जनवरी के फैसले में एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमति जताई। इसके बाद खंडपीठ ने तिरुपति नरसिम्हा मुरारी की अपील खारिज कर दी। पीठ ने कहा, एकल न्यायाधीश ने माना था कि निर्वाचन आयोग के पास उक्त याचिका में अपीलकर्ता द्वारा बताए गए आधारों पर एआईएमआईएम का पंजीकरण रद्द करने की शक्तियां नहीं है।

## मुलायम सिंह पर टिप्पणी को लेकर हनुमानगढ़ी के पुजारी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 17 फरवरी को

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह के बारे मे आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप मे हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी राजू दास के खिलाफ दायर मानहानि मामले में वाराणसी की एक अदालत 17 फरवरी को सुनवाई करेगी। मुकदमा दायर करने वाले अधिवक्ता प्रेम प्रकाश यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यादव ने कहा, राजू दास ने गरीबो के मसीहा मुलायम सिंह के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुईं। इस सिलसिले में वाराणसी सिविल अदालत में एक याचिका दायर की गई। अदालत ने याचिका का संज्ञान लिया और सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख तय की। यादव ने कहा, हम चाहते है कि अदालत राजू दास को सख्त सजा दे, ताकि अन्य लोग महान नेताओ के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने से बचें। सपा प्रवक्ता मनोज राय धूपचंडी ने कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजू दास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए वाराणसी के पुलिस आयुक्त से संपर्क किया था। हालांकि, हमारी शिकायत पर कोई कार्वाई नही की गई। अब अदालत ने मामला स्वीकार कर लिया है, लेकिन वाराणसी पुलिस को भी उनके खिलाफ उचित कार्वाई करनी चाहिए। महंत राजू दास ने हाल ही मे सोशल मीडिया मंच एक्स पर महाकुंभ मे एक शिविर मे स्थापित मुलायम सिंह की प्रतिमा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## महाकुंभ में मनाया गया भारतीय विरासत का जश्न

प्रयागराज। भारत की अग्रणी पीवीसी पाइप और फिटिंग विनिर्माताए फिनोलेक्स पाइप्स एंड फिटिंग्स ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागमए महाकुंभ मेला 2025 में अपनी भागीदारी की घोषणा की है। यह पहल फिनोलेक्स के भारतीय परंपराओं का सम्मान करने और इस विशेष आयोजन के दौरान भक्तों से जुड़ने के प्रयास को दर्शाती है। फिनोलेक्स पाइप्स एंड फिटिंग्स अभियान के अंग के रूप में टोपीए वॉकिंग स्टिक और अगरबत्ती ;धूपद्ध के पैकेट का सामूहिक वितरण करेगी। उल्लेखनीय है कि ये अगरबत्ती के पैकेट उन गैर सरकारी संगठनों से लिए गए हैं जो दृष्टिहीनए दृष्टिबाधित और वंचित समुदायों के साथ काम करते हैं। फिनोलेक्स पाइप्स एंड फिटिंग्स के अध्यक्ष बिक्री एवं विपणनए श्री प्रदीप वेदुला ने इस अभियान पर अपनी टिप्पणी में कहारू महाकुंभ मेला भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान के सार को दर्शाता हैए जो लाखों लोगों को भक्तिए विश्वास और साझा उद्देश्य के आधार पर एकजुट करता है।

## न्यायालय ने बेंगलुरु बार निकाय में कोषाध्यक्ष का पद महिला अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करके शुक्रवार को बेंगलुरु अधिवक्ता संघ के कोषाध्यक्ष का पद महिला वकीलों के लिए आरक्षित कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कहा कि बार निकाय के लिए चुनाव दो फरवरी को निर्धारित था और नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई थी।पीठ ने कहा कि वह संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए यह निर्देश देना उचित समझती है कि कोषाध्यक्ष का पद विशेष रूप से महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया जाएगा। अदालत ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के विभिन्न निर्वाचित निकायों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने का यह उचित समय है और संघ की महिला उम्मीदवारों के लिए सीट निर्धारित करने वाले ज्ञापन और उपनियमों में कोई स्पष्ट प्रावधान नही थे। पीठ ने चुनाव की निगरानी के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति और बार निकाय चुनावों के लिए मुख्य रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन आमंत्रित करने की तारीख बढ़ाने का निर्देश दिया और कहा कि यदि आवश्यक हो तो चुनाव को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाए। शीर्ष अदालत एक महिला वकील द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय बार संघ के मामले में जारी महिला आरक्षण के निर्देशों को लागू करने का अनुरोध किया गया है। अदालत ने पिछले साल कोषाध्यक्ष के पद सहित महिला वकीलों के लिए सीट आरक्षित करने का निर्देश दिया था। मामले में पेश वरिष्ठ वकील लक्ष्मी अयंगर ने पीठ से शासी परिषद में युवा वकीलों की अधिक भागीदारी की अनुमति देने के लिए 10 साल के अनुभव मानदंड में ढील देने का अनुरोध किया जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

## स्किल डेवलपमेन्ट सेन्टर खुलेगा

वाराणसी। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और नानक चंद एंग्लो संस्कृत कॉलेज ने ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए रोजगार और कौशल बढ़ाने की दिशा में एक कदम उठाते हुए आज कॉलेज में एक स्किल डेवलपमेन्ट सेन्टर स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन ;एमओयूद्ध पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उद्योग.संबंधित कौशल में प्रशिक्षित करनाए प्रतिस्पर्धी जॉब मार्केट में सफल होने के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग करना और उन्हें नए उभरते ट्रेंडों में भविष्य के लिए तैयार करना है।एनएसडीसी के प्रतिनिधि ने समझौते पर हस्ताक्षर करते समय कहा,नानक चंद एंग्लो संस्कृत कॉलेज के साथ साझेदारी मेरठ के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सीखने और नौकरी पाने के बीच के गैप को कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह समझौता ज्ञापन छात्रों को बीएफएसआई और पर्यटन एवं आतिथ्य जैसे क्षेत्रों से उपयोगीए नौकरी से संबंधित कौशल सीखने का मौका देगाए जिससे उन्हें अच्छी नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाएगी।

## महाकुंभ में अब साधु-संत भी करेंगे मन की बात

महाकुंभनगर। रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम मन की बात की तर्ज पर प्रयागराज महाकुंभ में साधु कहें मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें साधु-संत सनातन धर्म के प्रमुख विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखेंगे। कार्यक्रम के प्रवक्ता श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद ने बताया कि महाकुंभ के सेक्टर-20 में हरि धाम सनातन सेवा ट्रस्ट में 25 जनवरी को दोपहर दो बजे इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। स्वामी प्रकाशानंद के मुताबिक, इस आयोजन में संन्यासी, बैरागी और उदासीन सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों के अलावा सभी हिंदू संप्रदायों के साधु-संत हिस्सा लेंगे, जिनमें तपोनिधि श्री पंचायती आनंद अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, महामंडलेश्वर कनकेश्वरी देवी, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़े के श्री महंत माधवदास, शनि धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस दाती महराज, श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़े के संपूर्णानंद ब्रह्मचारी, श्री दिगंबर अखाड़े के महामंडलेश्वर कंप्यूटर बाबा शामिल है। स्वामी प्रकाशानंद के अनुसार, महाकुंभ में लाखों साधु-संत अपने विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संकल्पों को लेकर श्रद्धालुओं के बीच आते है। ऐसा विशाल आयोजन श्रद्धालुओं को साधु-संतों से जुड़ने का मौका तो देता है, लेकिन इसमें आम तौर पर श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक उन्नति और मुक्ति जैसे विषयों पर ही प्रवचन या सत्संग के कार्यक्रम होते है।

## न्यायालय ने हत्या मामले में अभिनेता दर्शन और अन्य की जमानत रद्द करने से इनकार किया

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने रेणुकास्वामी हत्याकांड में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, पवित्रा गौड़ा और पांच अन्य को दी गई जमानत रद्द करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, लेकिन कर्नाटक सरकार की याचिका पर गौर करने पर सहमति जताई और नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के जमानत आदेश के खिलाफ सरकार की याचिका पर दर्शन और अन्य को नोटिस जारी किया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार को आशंका है कि अन्य सह-आरोपियों को उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का लाभ मिल सकता है।पीठ ने कहा,"चूंकि सरकार जमानत रद्द करने का अनुरोध कर रही है।

## पेज 1 का शेष

### आयुध कारखाने ...

(55), अजय नागदेवे (51) और अंकित बरई (20) के रूप में हुई है। जिला अधिकारियों ने बताया कि घायलों में एन पी वंजारी (55), संजय राउत (51), राजेश बडवाइक (33), सुनील कुमार यादव (24) और जयदीप बनर्जी (42) शामिल हैं। विस्फोट स्थल पर मौजूद कलेक्टर कोल्ते ने पीटीआई को बताया कि एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, एफएसएल टीमें, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और औद्योगिक सुरक्षा टीमें बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

### विरोध के ...

हुआ।समिति की बैठक हंगामेदार ढंग से शुरू हुई और विपक्षी सदस्यों ने अध्यक्ष पर कार्यवाही में बाधा डालने और मनमानी से बैठक का एजेंडा बदलने का आरोप लगाया। एक संक्षिप्त स्थगन के बाद दोबारा बुलाई गई समिति की बैठक में विरोध और हंगामा जारी रहने के कारण 10 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया।

बनर्जी ने कहा, 21 जनवरी को हमारी बैठक के बाद, अध्यक्ष ने सदस्यों को सूचित किया था कि अगली बैठक 24-25 जनवरी को होगी। विपक्षी सदस्यों ने विरोध किया और ए राजा ने भी पत्र लिखकर 30 या 31 जनवरी के बाद बैठक निर्धारित करने का अनुरोध किया। लेकिन अध्यक्ष ने हमारी बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की बैठक का एजेंडा गुरुवार देर रात बदल दिया गया और आधी रात के करीब सदस्यों को सूचित किया गया। बनर्जी ने कहा, सभापति विपक्षी सदस्यों के साथ घरेलू सहायकों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और उन्हें इधर-उधर जाने का आदेश दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही में तेजी लाई जा रही है। तृणमूल कांग्रेस नेता ने कहा कि जब बैठक चल रही थी तो पाल को कई फोन आए और उन्होंने आरोप लगाया कि वह कार्यवाही के संचालन के लिए सरकार से आदेश ले रहे हैं। भाजपा सदस्य अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। इससे पहले, संसदीय समिति की बैठक में हंगामा हुआ और विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि मसौदा विधेयक में प्रस्तावित बदलावों के अध्ययन के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि समिति 29 जनवरी को अपनी अंतिम रिपोर्ट स्वीकार करेगी।वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गत आठ अगस्त को लोकसभा में पेश किया था और इसके बाद इसे संयुक्त समिति को भेज दिया गया था।समिति की बैठक से पहले मीरवाइज ने संवाददाताओं से कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं।उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा तथा ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा जो मुसलमानों को महसूस कराए कि उन्हें शक्तिहीन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, वक्फ का मुद्दा बहुत गंभीर मामला है, खासकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए। क्योंकि यह एक मुस्लिम बहुल राज्य है। कई लोगों को इस बारे में चिंताएं हैं और हमने इन चिंताओं के बिंदुवार समाधान के लिए एक विस्तृत ज्ञापन तैयार किया है। हम चाहते हैं कि सरकार वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने से बचे। मीरवाइज ने कहा, हमारा मानना है कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाना चाहिए जिससे जम्मू कश्मीर में माहौल खराब हो। इससे पहले मीरवाइज, पाल से उनके आवास पर मिलने वाले थे। यह पहली बार है जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है।

### अमूल ने ...

लिए प्रोत्साहित करना है। दिल्ली में अमूल गोल्ड दूध की कीमत 68 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 67 रुपए कर दी गई है, जबकि अमूल ताजा की कीमत अब 56 रुपए प्रति लीटर से घटकर 55 रुपए हो जाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में जीसीएमएमएफ का कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपए हो गया। मेहता ने पहले कहा था कि सहकारी समिति को मजबूत मांग के दम पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद है।जीसीएमएमएफ ने गत वित्त वर्ष 2023-24 में औसतन प्रतिदिन 310 लाख लीटर दूध का प्रसंस्करण किया। इसकी कुल वार्षिक दूध प्रसंस्करण क्षमता लगभग 500 लाख लीटर है। घरेलू बाजार के अलावा जीसीएमएमएफ करीब 50 देशों को दुग्ध उत्पादों का निर्यात कर रहा है।

### खेती का...

बेरी की खेती किसी भारतीय जेल में अपनी तरह की पहली घटना है। जेल अधिकारियों ने हाल ही में कैदियों और कर्मचारियों के मूड को बेहतर बनाने के प्रयास में स्ट्रॉबेरी और विभिन्न प्रकार के फूल लगाने शुरू किए हैं। उन्होंने कहा, इस बार पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर बहु-फसल खेती की गई। हम यह जांचना चाहते थे कि जमीन खेती योग्य है या नहीं। चूंकि हमें संतोषजनक परिणाम मिले हैं, इसलिए हम अगले वित्त वर्ष में इसे और अधिक पेशेवर तरीके से करने की कोशिश करेंगे। बारपेटा नागरिक प्रशासन ने जिला जेल में कृषि पद्धतियों पर ध्यान दिया है तथा सरमा और काकाती के प्रयासों की सराहना की है। बारपेटा के अतिरिक्त जिला आयुक्त जयंत बोरा, जिन्होंने हाल ही में इस सुविधा केंद्र का दौरा किया था, ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि से जुड़ने से कैदियों को अनजाने में ही अपराध की जिंदगी से दूर रहने और ईमानदार नागरिक बनने में मदद मिल सकती है।उन्होंने कहा, सरकार के लिए राजस्व उत्पन्न करने के अलावा, जेल में कृषि से कैदियों को अपनी दिनचर्या से बाहर निकलने का अवसर मिलेगा और वे अधिक उत्पादक नागरिक बनने के लिए प्रेरित होंगे।प्रारंभ में इसे बारपेटा शहर में एक अस्थायी जेल के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे 1970 में शहर से केवल दो किलोमीटर बाहर, इसके वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया था।

## कोहरे के कारण हुए सड़क हादसों में तीन की मौत, दो घायल

**बलिया।** बलिया जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के बलिया बांसडीह मार्ग पर बृहस्पतिवार की रात्रि मोटरसाइकिल और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें मोटरसाइकिल सवार शुभम सोनी (25), मनीष जायसवाल (23) तथा लव जायसवाल (22) के साथ ही टेंपो चालक शिवम वर्मा (26) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुचीं पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने शुभम सोनी व शिवम वर्मा को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य युवक मनीष एवं लव को गंभीर हालत में वाराणसी ले जाया गया है।

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व विकास देखा, 2047 तक विश्व गुरु बनेगा : धनखड़

भाषा। समस्तीपुर



**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने शुक्रवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि देश ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व विकास देखा है, जिससे लोगों की आकांक्षाएं बढ़ गई हैं। समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की 101वीं जयंती के अवसर पर समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में आयोजित एक समारोह में धनखड़ ने कहा, पिछले 10 वर्षों में देश ने जो विकास देखा है, वह दुनिया में बेमिसाल है। हम पहले से ही पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे[8230] विकसित भारत अब कोई सपना नहीं रह गया है, यह 2047 तक साकार हो जाएगा, जब हम देश की आजादी की शताब्दी मनाएंगे। भारत विश्व गुरु बनेगा। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जुनून के साथ ऐसी योजनाएं शुरू कीं, जिनसे आम लोगों को गैस कनेक्शन, बिजली और शौचालय मुहैया कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना संभव हुआ। उन्होंने कहा, लोगों को अब विकास का चसका लग गया है। उनकी आकांक्षाएं आसमान छू रही हैं। धनखड़ ने युवाओं से आग्रह किया कि वे सरकारी नौकरियों के बारे में सोचकर खुद को सीमित न रखें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी असीमित क्षमता का इस्तेमाल कर अवसरों का पूरा लाभ उठाएं। उपराष्ट्रपति ने केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों पर कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह जैसे लोगों को सम्मान देने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि जब कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, तब राज्यसभा में कितना उत्साह था। मेरे मन में एक विचार आया, यह सम्मान ठाकुर को उनके निधन के 36 साल बाद मिला। ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? अब निश्चित रूप से बदलाव आया है। हमारे नायकों को गुमनामी से बाहर निकाला जा रहा है और उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। धनखड़ ने कर्पूरी ठाकुर को सामाजिक न्याय का मसीहा बताते हुए कहा, कर्पूरी हमेशा समानता, बंधुत्व और सभी के लिए न्याय में विश्वास रखते थे। उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल गरीबों और वंचितों के हित में किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वह (ठाकुर) भारत में सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण के पर्याय थे, जिन्होंने बिहार के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। धनखड़ ने कहा, "कर्पूरी ठाकुर एक सच्चे राजनेता थे... वह एक अपवाद थे और उन्हें जननायक के रूप में जाना जाता था। उन्हें देश में सामाजिक न्याय के विचार को विकसित करने का श्रेय दिया जाता है। उन्हें भारत रत्न देने का सरकार का फैसला हाशिए पर पड़े लोगों के एक मसीहा तथा समानता और सशक्तीकरण के एक दिग्गज के रूप में उनके सतत प्रयासों का प्रमाण है।

# चुनाव प्रचार अभियान विभाजनकारी नही होना चाहिएः मुख्य चुनाव आयुक्त

भाषा। नई दिल्ली



**मुख्य निर्वाचन** आयुक्त राजीव कुमार ने इस तरह के चुनाव प्रचार अभियान चलाने पर शुक्रवार को जोर दिया जो न तो विघटनकारी हों और न ही विभाजनकारी। उन्होंने निराधार विमर्श गढ़े जाने के खिलाफ बात की, क्योंकि इससे युवाओं का मोहभंग होता है और वे चुनाव प्रक्रिया से दूर हो जाते हैं। कुमार ने 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा कि चुनावों के दौरान विश्व ध्रुवीकृत अभियानों के युग , बाहरी हस्तक्षेप की संभावनाओं और साइबर सुरक्षा की बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस, निर्वाचन आयोग की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आयोग की स्थापना 25 जनवरी 1950 को हुई थी।कुमार ने कहा, यह सभी का कर्तव्य है कि चुनाव प्रचार अभियान विघटनकारी या विभाजनकारी न हों और निराधार विमर्श न गढ़े जाएं क्योंकि इससे युवाओं का मोहभंग होता है और वे चुनावी प्रक्रिया से दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि गलत सूचना और फर्जी विमर्श तीव्र गति से फैलते हैं। उन्होंने कहा कि एक खतरनाक प्रवृत्ति उभर रही है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं, जो मतदाताओं के विश्वास और राष्ट्रीय ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, लोकतंत्र हम सभी का है। भारतीय लोकतंत्र हमारी साझा विरासत है, जिसे पिछले 75 वर्षों में पोषित और मजबूत किया गया है - एक ऐसी विरासत जिस पर मतदाता गर्व करते हैं। इस विरासत को राजनीतिक दल भी गर्व के साथ साझा करते हैं, जो मतदाताओं के बाद लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण हितधारक हैं। उन्होंने कहा, मैं सभी पात्र नागरिकों से अपील करता हूं कि वे बिना चूके मतदाता के रूप में पंजीकरण कराएं और प्रत्एक चुनाव में मतदान करें। कस्बों और शहरों के मतदाताओं और युवाओं से विशेष अपील है कि वे चुनावी भागीदारी में ईमानदारी से रुचि लें और मतदान करें।

## पाकिस्तान की हिरासत में भारतीय मछुआरे की मौत, दो साल में आठवीं मौत

नई दिल्ली। कराची जेल में सजा पूरी होने के बाद भी बंद एक भारतीय मछुआरे की मौत हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मछुआरे की पहचान बाबू के रूप में हुई है और बृहस्पतिवार को उसकी मौत हो गई।सूत्रों ने कहा कि वह पिछले दो वर्षों में पाकिस्तान में जान गंवाने वाला आठवां भारतीय मछुआरा है। एक सूत्र ने कहा, बाबू को 2022 में पाकिस्तानी अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

## उत्कर्ष ने नए बैंकिंग आउटलेट का किया उद्घाटन

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। उत्कर्ष स्मॉल फ इनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ गोमती नगर लखनऊ और नागरा, बलिया, उत्तर प्रदेश में अपने नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करने की घोषणा करता है। इस लॉन्च के साथए बैंक ने उत्तर प्रदेश में कुल 215 बैंकिंग आउटलेट्स और देशभर में 1043 आउटलेट्स की उपस्थिति सुनिश्चित की है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुएए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन के विस्तार की दिशा में हमारी यात्रा में एक रोमांचक अध्याय है। सुलभ और किफायती बैंकिंग समाधान प्रदान करकेए हमारा लक्ष्य पारंपरिक वित्तीय प्रणालियों और समुदाय की उभरती जरूरतों के बीच की खाई को पाटना है।

## पिरामल ने यामी गौतम को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

मुंबई। पिरामल फार्मा लिमिटेड के इंडिया कंज्यूमर हेल्थकेयरने आज अपने प्रमुख बेबी केयर ब्रांड लिटिल के लिए अपने नए अभियानए रूैपजबीज्वैवजिमत की शुरुआत की घोषणा की। इस अभियान में अभिनेत्री यामी गौतम को ब्रांड के नए एंबेसडर के रूप में दिखाया गया है और लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट पेश किए गए हैं। जो 12 घंटे के अवशोषण को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर आयातित सामग्रियों से तैयार किए गए हैं, एक एंटी.रैश फॉर्मूला और शिशुओं के लिए चौतरफा सुरक्षा और बढ़ी हुई कोमलता के लिए एक नमी सूचक है। पिरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के सीईओ साई रमना पोनुगोटी ने कहा कि शहरीकरण के बढ़नेए वैश्विक रुझानों के बारे में अधिक जानकारी और बाल स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथए भारत में नई माताओं की शिशु देखभाल उत्पादों के लिए अपेक्षाएँ काफी बढ़ गई हैं। आजनई माताएँ ऐसे डायपर की माँग करती हैं जो न केवल अवशोषण की गारंटी देता हो बल्कि नाजुक शिशु की त्वचा की रक्षा के लिए कोमल कोमलता भी प्रदान करता हो। लिटिल के फ्लफी सॉफ्ट डायपर पैंट को आरामए सुरक्षा और नवीनता के साथ इन जरूरतों को पूरा करने के लिए सोच.समझकर डिज़ाइन किया गया है।

## ओरा देगा लाभ

मुंबई। ओरा फाईन ज्वेलरी ने अपने ग्राहकों को ष्डायमंड फेस्टिवलष् के लिए आमंत्रित किया है। इस एक्सक्लुसिव फेस्टिवल में उन्हें फाईन ज्वेलरी का यादगार अनुभव मिलेगा। यहाँ ग्राहक ओरा के लेटेस्ट कलेक्शन और मोहक डिज़ाईन में सबसे खूबसूरत डायमंड्स देख सकेंगे। डायमंड फेस्टिवल एक लग्ज़री उत्सव है। 18 जनवरी से लेकर 17 फरवरी तक ग्राहकों को डायमंड फेस्टिवल में मंत्रमुग्ध कर देने वाली डायमंड ज्वेलरी देखने का मौका मिलेगाए जो इस सीज़न की जीवंत ऊर्जा को प्रतिबिंबित करेगी। ओरा भी पहली बार डायमंड के मूल्य पर एक्सक्लुसिव डिस्काउंट दे रहा है जो ज्वेलरी खरीदने के लिए बहुत ही आकर्षक प्रस्ताव है। आपके इस अनुभव को और ज्यादा खास बनाने के लिए ओरा द्वारा अपने चुनिंदा कलेक्शन पर अतिरिक्त डिस्काउंट और स्पेशल ऑफर दिए जाएंगे।

## इनडोर एयर क्वालिटी में सुधार लाने का प्रयास करना जरूरी

**नई दिल्ली।** लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स खतरनाक स्तर तक बढ़ा हुआ है। यहाँ पर एक्यूआई 400 के पार पहुँच गया हैए जिसके कारण यह भारत के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से एक है। इससे हमारे सामने एक गंभीर समस्या उजागर होती है जिसका हम सभी अपने.अपने घरों में सामना कर रहे हैं।वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट 2023 के मुताबिकए भारत दुनिया के पाँच सबसे ज्यादा प्रदूषित देशों में से एक थाए जहाँ पर हवा में औसत पीएम2ण्5 डब्लूएचओ की वार्षिक गाईडलाईन के मुकाबले 10 गुना ज्यादा था। ठंडे मौसम में प्रदूषण के कण हवा में फँसे रह जाते हैंए जिसके कारण हमारे घरों के अंदर समस्या और ज्यादा गंभीर हो जाती है। घर के अंदर प्रदूषित हवा से निपटने के लिए डायसन इंजीनियरए थियो जोन्स हमारे घरों के अंदर इनडोर एयर क्वालिटी के बारे में महत्वपूर्ण बातें बता रहे हैंए जिनसे हवा के प्रदूषण से बचने में मदद मिलेगी। घर के अंदर की एयर क्वालिटी को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एयर प्योरिफायर सबसे प्रभावशाली उपाय हैं। इनमें हेपा और कार्बन फिल्टर जैसी आधुनिक फिल्ट्रेशन तकनीकें होती हैंए जो डस्टए पॉलेनए पेट डैंडरए और धुएं जैसे अनेक प्रदूषण के कणों को हवा में से छानकर साफ कर देती हैं। डायसन की लेटेस्ट मशीनों के हेपा फिल्टर में प्रदूषण के कण फँस जाते हैंए और वापस नहीं आ पाते। ये फिल्टर फॉर्मेल्डिहाईड सेंसिंग और कूलिंग एयरफ्लो प्रदान करके पूरे साल घर के अंदर की एयर क्वालिटी बनाए रखते हैं।घर के अंदर विभिन्न गतिविधियों के कारण प्रदूषण के कण उत्पन्न

# जयशंकर ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुबियांतो से मुलाकात की

भाषा। नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो का गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच प्रगाढ़ मित्रता का उपयुक्त उत्सव होगा। जयशंकर ने सुबियांतो से मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति तीन दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार रात यहां पहुंचे। वह रविवार को कर्तव्य पथ पर भारत के 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जयशंकर ने एक्स पर कहा, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत की राजकीय यात्रा के आरंभ में उनसे मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। विदेश मंत्री ने कहा, हमारे बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों के विकास के लिए उनके मार्गदर्शन और सकारात्मक भावनाओं की सराहना करता हूं। भारत के 76वें गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति सबियांतो की भागीदारी हमारी प्रिय मित्रता का उपयुक्त उत्सव होगा" इंडोनेशियाई नेता शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत करेंगे। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि वार्ता में रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश, स्वास्थ्य सेवा, ऊर्जा, संपर्क, पर्यटन और लोगों के बीच संबंधों सहित द्विपक्षीय सहयोग के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। राष्ट्राध्यक्ष के रूप में यह सुबियांटो की पहली भारत यात्रा है।

## प्रशासनिक असमर्थता ने मणिपुर के लोगों में विभाजन कियाः कांग्रेस

भाषा। इंफाल

**मणिपुर** कांग्रेस के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य का प्रशासन संभालने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की अक्षमता ने लोगों के बीच विभाजन पैदा कर दिया जिससे विमर्श के लिए कोई जगह नहीं बची है।पार्टी की युवा शाखा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के अभिनंदन कार्यक्रम में मेघचंद्र ने कहा कि कांग्रेस समाज के सभी समुदायों को समायोजित करती है। राज्य में मई 2023 से मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए (जिसमें 250 से अधिक लोग मारे गए और हजारों लोग बेघर हो गए) राज्य भर में कष्ट और पीड़ा है और इनका समाना करने के लिए युवा नेताओं के समर्पण की आवश्यकता है। मेघचंद्र ने कहा, मणिपुर में प्रशासन चलाने में अधिकारियों की अक्षमता के कारण लोगों के बीच विभाजन हो गया है।

## राज्यसभा के पूर्व सदस्य ने निर्माताओं से छावा फिल्म को इतिहासकारों को दिखाने को कहा

पुणे। राज्यसभा के पूर्व सदस्य संभाजीराजे छत्रपति ने शुक्रवार को कहा कि मराठा योद्धा राजा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर बनी फिल्म छावा में तथ्यों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए रिलीज से पहले यह इतिहासकारों को दिखाई जानी चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज पूर्व सांसद की यह टिप्पणी कुछ वर्गों द्वारा फिल्म में अभिनेता विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के नृत्य दृश्य पर आपत्ति जताए जाने के बीच आई है। फिल्म में कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज और रश्मिका ने महारानी एसुबाई की भूमिका निभाई है। इस सप्ताह की शुरुआत में रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर में एक दृश्य है, जिसमें कौशल और रश्मिका महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़े पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्र लेजिम के साथ नृत्य करते नजर आ रहे हैं। संभाजीराजे छत्रपति ने कहा, यह सराहनीय है कि फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन और उनके वीरतापूर्ण शासन को दर्शाती है। निर्देशक लक्ष्मण उटेकर और उनकी टीम ने मुझे फिल्म का ट्रेलर दिखाया। मैंने उनसे कहा कि मैं रिलीज से पहले पूरी फिल्म देखना चाहूंगा। मैंने उन्हें इतिहासकारों से संपर्क करने की भी पेशकश की, ताकि इस महत्वपूर्ण कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के सामने प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए त्रुटियों को दूर किया जा सके।

## भंडारा आयुध कारखाने में विस्फोट के पीड़ितों में 20 वर्षीय प्रशिक्षु भी शामिल

नागपुर। महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध कारखाने में हुआ विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि आसपास के तीन गांवो के निवासियो ने इसका प्रभाव महसूस किया। यह जानकारी पीड़ितों में शामिल 20 वर्षीय प्रशिक्षु के रिश्तेदारों ने दी।अंकित बरई उन चार मृतकों में शामिल है जिनके शव बरामद कर लिए गए है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के अनुसार, जवाहर नगर स्थित कारखाने में हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई है। अंकित बरई के चाचा भैयाराव बरई ने बताया कि अंकित पिछले साल ही प्रशिक्षु के तौर पर कारखाने में शामिल हुआ था। उनके चचेरे भाई गुलाब बरई ने बताया कि वह सुबह 7:30 बजे की शिफ्ट में काम करता था। उन्होंने बताया कि कारखाने के आसपास के तीन गांवो के निवासियो ने विस्फोट का असर महसूस किया। उन्होंने कहा, "हम तुरंत कारखाने पहुंचे। उन्होंने मांग की कि अंकित के भाई को स्थाई नौकरी मिलनी चाहिए तथा उसके परिवार को वित्तीय सहायता मिलनी चाहिए तथा यदि कोई राहत नही दी गई तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिलाधिकारी संजय कोलटे ने बताया कि जिस "एलटीपी सेक्शन" में विस्फोट हुआ वहां 13 से 14 लोग काम कर रहे थे। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहा है।

## महाकुंभ पर शुरू की गई यह पहल प्रत्येक भारतीय के लिए समावेशी डिजिटल कनेक्टिविटी का युग

लखनऊ । भारत का विश्वसनीय टेलीकॉम पार्टनरए भारत संचार निगम लिमिटेड-बीएसएनएल ने आज यूपी ईस्ट में आईएफटीवी सेवा का विस्तार किया। यह एक क्रांतिकारी पहल है जो लाखों भारतीयों के लिए मनोरंजन का तरीका बदलने जा रही है। बीएसएनएल का आईएफटीवी यूपी ईस्ट में एफटीटीएच उपयोगकर्ताओं के लिए प्रीमियम चैनलों सहित 500 से अधिक लाइव टीवी चैनल मुफ्त लाता है। पुडुचेरी में इसके पायलट लॉन्च की सफलता के बादए यह एफटीटीएच उपयोगकर्ताओं के लिए पायलट के रूप में यूपी में सेवा का पहला रोलआउट है। यह विस्तार अत्याधुनिक मनोरंजन को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत करने की बीएसएनएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सेवा उच्च गुणवत्ता वाला मनोरंजन प्रदान करती हैए जिससे सभी बीएसएनएल उपयोगकर्ताओं के लिए डिजिटल सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती हैए चाहे उनकी योजना कुछ भी होय उत्तर प्रदेश पूर्व के अपने सभी एफटीटीएच ग्राहकों के लिए कोई शुल्क नहीं। अनलिमिटेड मनोरंजनरू लाइव टीवी के अलावाए कई भाषाओं में फिल्म, वेब सीरीज और डॉक्यूमेंट्री का आनंद लेंए वह भी मुफ्त में। बीएसएनएल के सुरक्षित मोबाइल इंट्रानेट द्वारा संचालित आईएफटीवी बिना रुके स्ट्रीमिंग और बेहतरीन वीडियो गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। अविनाश मुदालियर सह.संस्थापक और सीईओ ओटीटीप्ले ने कहारू श्नई आईएफ टीवी इनोवेशन के साथए हमें गर्व है कि हम बीएसएनएल के ग्राहकों को पूरे भारत में विश्व स्तरीय मनोरंजन प्रदान कर रहे हैं।

## अल्प्राजोलम बनाने वाली फैक्टरी का भंडाफोड़

**अहमदाबाद।** गुजरात के आणंद जिले में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अल्प्राजोलम बनाने वाली एक फैक्टरी का पर्दाफाश किया और वहां से 107 करोड़ रुपए मूल्य की प्रतिबंधित दवा जब्त कर छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी ।आरोपी खंभात शहर के समीप किराए पर ली गई एक फैक्टरी में अल्प्राजोलम नाम की दवा बनाते थे। अल्प्राजोलम नींद के लिए ली जाने वाली गोलियां हैं। एसीपी हर्ष उपाध्याय ने कहा कि अल्प्राजोलम का नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किया जाता है, जिसके कारण ए स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के दायरे में आती है।

# प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को भागलपुर का दौरा कर सकते हैं : शिवराज



**पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने किसानों के हित में किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ वितरित करने के लिए बिहार आ सकते हैं। राज्य के एक दिवसीय दौरे के समापन के बाद शिवराज ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की। उन्होंने कहा, "24 फरवरी को प्रधानमंत्री का भागलपुर दौरा संभावित है। वह किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ वितरित कर सकते हैं। मोदी अपने कार्यकाल के दौरान कृषि को अधिक उत्पादक और विविध बनाने के लिए उठाए गए ऐतिहासिक कदमों के बारे में भी बात कर सकते हैं। मध्यप्रदेश के पूर्वमुख्यमंत्री ने अगले महीने दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव और बिहार में एक साल से भी कम समय में होने वाले चुनाव के बारे में पूछे जाने पर कहा, "आजकल चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़े और जीते जाते हैं। बिहार में चुनाव अभी बहुत दूर है। लेकिन दिल्ली में मैं भाजपा की जीत की भविष्यवाणी कर सकता हूं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता से बाहर होने वाली है। शिवराज ने बिहार में जद(यू) सुप्रीमो नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की तारीफ करते हुए कहा केंद्र द्वारा कृषि के लिए दी गई बजटीय सहायता का राज्य सरकार ने "पूरा उपयोग" किया है। उन्होंने कहा, "राज्य के किसानों को आश्वस्त रहना चाहिए कि अगले बजट में उन्हें और अधिक मदद मिलेगी" केंद्रीय कृषि मंत्री ने बिहार के किसानों द्वारा मखाना और लीची जैसी फसलों की खेती की प्रशंसा करते हुए कहा, "सरकार किसानों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील है।

## मणिपुर संघर्ष के मूल मुद्दे को समझना अब भी बाकी : मुख्यमंत्री

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अधिकतर लोग राज्य में जातीय संघर्ष के पीछे के मूल मुद्दों को अभी तक नहीं समझ पाए हैं और वे भावनाओं में बह रहे हैं।मणिपुर तीन मई 2023 से मेइती और कुकी समुदायों के बीच हिंसा की चपेट में है, जिसमें 250 से अधिक लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।सिंह ने कहा, "अब भी अधिकतर लोग संघर्ष के मूल मुद्दों को नहीं समझ सके हैं। कई लोगों को अब भी यह एहसास नहीं है कि समुदाय को कितने बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है और वे भावनाओं में बह रहे हैं"सिंह एक पुरस्कार समारोह "शुमंग लीलो" (कोर्टयार्ड ड्रामा) को संबोधित कर रहे थे।

## अच्छे सिबिल सीसीआर में होगा फायदा

**मुंबई।** सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पंजीकरण पोर्टल ;यूआरपीद्ध के अनुसारए भारत में 63 मिलियन एमएसएमई हैं। जैसे.जैसे भारत 2030 तक 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैए ये एमएसएमई भी देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये एमएसएमई रोजगार प्रदान करनेए नवाचार को प्रोत्साहित करने और निर्यात क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं।सिबिल एमएसएमई रैंक ;सीएमआरद्ध और कंपनी क्रेडिट रिपोर्ट ;सीसीआरद्ध जैसे वित्तीय वित्तीय साधन किसी व्यवसाय की ऋण स्थिति के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करते हैंए जिससे एमएसएमई को अपने व्यावसायिक उद्देश्यों का समर्थन करने और विकास को गति देने के लिए ऋण विकल्पों तक पहुँचने में मदद मिलती है।सिबिल एमएसएमई रैंकए जो 1 ;न्यूनतम जोखिमद्ध से 10 ;उच्चतम जोखिमद्ध के बीच होती हैए कंपनी की क्रेडिट योग्यता अर्थात साख का संकेत देती है। यह एमएसएमई के सीसीआर का एक अंक में सारांश प्रदान करता हैए जिसमें व्यवसाय का क्रेडिट इतिहास और ऋण चुकौती व्यवहार शामिल होता है। कम रैंक मजबूत साख का संकेत देती है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मिलते आंध्र प्रदेश के सीएम नायडू

# पवार ने कहा, उम्मीद है उद्धव कोई अतिवादी रुख नहीं अपनाएंगे

भाषा। पुणे

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के आगामी स्थानीय निकाय में अपने संगठन के अकेले चुनाव लड़ने के संकेत देने के बाद कोई अतिवादी रुख नहीं अपनाएंगे। पवार ने कहा कि यद्यपि ठाकरे ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर अपनी राय व्यक्त की है, विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटक महसूस करते हैं कि इस मुद्दे को सहयोगियों के बीच सौहार्दपूर्ण ढंग से हल किया जाना चाहिए। एमवीए में कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र) और शिवसेना (उबाठा) शामिल हैं। कोल्हापुर शहर में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक के दौरान भारतीय कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करना और उन्हें निवेश के रूप में पेश करना भ्रामक है।

## फिटनेस को पोषक तत्वों से संवारा जाए

**नई दिल्ली।** हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नज़र डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें। कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। भारतीयों के आहार के लिए आईसीएमआर-एनआईएन के दिशा-निर्देशों में बादाम को एक पौष्टिक नट के रूप में माना गया है।

## महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं की आध्यात्मिक यात्रा का मार्ग रोशन किया

प्रयागराज। भव्य स्तर के आध्यात्मिक आयोजनए महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में अब तक 9 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुँच चुके हैं। इस साल इस विशाल धार्मिक समागम में 45 करोड़ लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। महाकुंभ 2025 के इस आध्यात्मिक सफर में लाइटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनीए सिग्निफाई अपने इनोवेटिव और सस्टेनेबल लाइटिंग समाधानों द्वारा श्रद्धालुओं का आध्यात्मिक अनुभव बेहतर बना रही है। अपने इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने विमान मंडपमए शास्त्री ब्रिज को रोशन किया हैए तथा कुंभ मेला ग्राउंड्स में सोलर लाइटें लगाई हैं। सिग्निफाई ने कुंभ मेला स्थल पर पवित्र संरचनाए विमान मंडपम में फिलिप्स यूनि डायनामिक कलर.चेंजिंग लीनियर ग्रेज़र्स और फ्लड लाइट्स के साथ एक लीनियर लाइटिंग डिज़ाइन का निर्माण किया हैए जिसने इसकी वास्तुकला को निखारकर चारों ओर जीवंत और रंगबिरंगी रोशनी फैला दी है। ये लाइट्स स्थापित करने में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। काफी ऊँचाई पर काम करने से लेकर जटिल संरचनाओं पर लाइट लगाने और मंडपम की संरचना को कोई नुकसान न होए इसके लिए कम से कम ड्रिलिंग करने तक लाइटिंग के लिए एक मल्टी.लेयर दृष्टिकोण के साथ काम किया गयाए जिससे श्रद्धालुओं के लिए एक भव्य और दिलचस्प अनुभव का निर्माण हुआ। सिग्निफाई ने प्रयागराज और वाराणसी के बीच महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित करने वाले शास्त्री ब्रिज को विमान मंडपम में लगाए गए फिलिप्स यूनि डायनामिक कलर.चेंजिंग आरजीबीडब्ल्यू लीनियर ग्रेज़र्स और फ्लड लाइट्स की आकर्षक रोशनी से जगमगा दिया। यह इनोवेटिव रोशनी ब्रिज के क्षैतिज डेक और ऊर्ध्वाधर स्तंभों को उभारती हैए जिससे एक संतुलित और समन्वयपूर्ण लाइटिंग डिज़ाइन निर्मित होता है। डीएमएक्स.कंट्रोल्ड फिक्स्चर से अनेक लाइटिंग थीम्स और इफेक्ट्स का निर्माण होता हैए जिससे यह ब्रिज शहर के जीवंत प्रतीक में बदल जाता है।

## आईफोन पर भी काम करने लगा है ट्रूकॉलर

नोएडा। ट्रूकॉलर दुनिया में संचार का अग्रणी प्लेटफ़ॉर्म ह जिसने आज आईफ़ोन के लिए अब तक के सबसे बड़े अपडेट की घोषणा की है। इस नए अपडेट के बाद अब आईफ़ोन यूजर्स ट्रूकॉलर की स्पैम एवं स्कैम ब्लॉकिंग की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकते हैं! अब यह सभी प्रकार के कॉल्स की पहचान करने में सक्षम हैए जिसके बाद आईफ़ोन में उपलब्ध सुविधाएँ भी एंड्रॉयड फोन के बराबर हो गई हैं। एप्पल के लाइव कॉलर आईडी लुकअप फ्रेमवर्क की वजह से ही यह संभव हो पाया हैए जिसे खास तौर पर ट्रूकॉलर जैसे ऐप्स के लिए विकसित किया गया है ताकि गोपनीयता बनाए रखते हुए लाइव कॉलर आईडी उपलब्ध कराई जा सके। यह एपीआई अत्याधुनिक होमोमॉर्फिक एन्क्रिप्शन का उपयोग करता है और ट्रूकॉलर दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफ़ॉर्म है जिसने इसे कॉलर आईडी के लिए बड़े पैमाने पर लागू किया है। ट्रूकॉलर पिछले 15 सालों से अनचाहे संचार को फ़िल्टर करने का काम कर रहा है। यह अपडेट ट्रूकॉलर की नवीनतम एआई क्षमताओं और ग्लोबल डेटाबेस का लाभ उठाकर ज़्यादा.से.ज़्यादा कॉल की पहचान करने में सक्षम है। अआईफ़ोन पर ट्रूकॉलर में अब प्रीमियम फैमिली प्लान का सब्सक्रिप्शन लेने की सुविधा भी शामिल है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी 2025



# पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए, जेलेंस्की बातचीत के लिए तैयार: ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन के साथ समझौता करना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति के साथ यथाशीघ्र मुलाकात करेंगे। इससे पहले उन्होंने अपने रूसी समकक्ष को यूक्रेन में बेवकूफी भरी जंग खत्म करने या फिर ऊंचे शुल्क और प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी थी। 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले ट्रंप ने बुधवार को अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर यह बात कही। बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मुझे लगता है कि उन्हें (पुतिन को) समझौता करना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि रूस पर प्रतिबंध पुतिन को बातचीत करने के लिए मजबूर करेंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता।

उन्होंने कहा, रूस को एक समझौता करना चाहिए। हो सकता है कि वे समझौता करना चाहते हों। मुझे लगता है, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। और हम जल्द से जल्द मिलेंगे। मैं तुरंत मिलूंगा। युद्ध के मैदान में सैनिक मारे जा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ऐसा कोई युद्धक्षेत्र नहीं देखा गया... और मेरे पास ऐसी तस्वीरें हैं जिन्हें आप नहीं देखना चाहेंगे। हर दिन इतनी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं, जैसा हमने दशकों में नहीं देखा। इस युद्ध को समाप्त करना अच्छा होगा। यह एक हास्यास्पद युद्ध है।

एक अन्य सवाल के जवाब में ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन समझौता करने के लिए तैयार है। ट्रंप ने कहा, वह (वोलोदिमिर जेलेंस्की) समझौता करने के लिए तैयार हैं। वह रुकना चाहते हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने बहुत सारे सैनिक खो दिए हैं। रूस ने भी ऐसा ही किया। रूस ने ज्यादा सैनिक खोए, उसने 8,00,000 सैनिक खो दिए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही युद्ध विराम समझौता नहीं हुआ, तो उनके पास रूस द्वारा अमेरिका और अन्य भागीदार देशों को बेची जाने वाली किसी भी वस्तु पर शुल्क, कर और प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा।

## श्रीलंका सरकार ने मंत्रियों के विशेषाधिकारों में कटौती की

**कोलंबो।** श्रीलंका सरकार ने अपने मंत्रियों को दिए जाने वाले लाभों को सीमित करने के लिए सख्त नए नियमों की घोषणा की है। इस कदम का उद्देश्य राजनीतिक विशेषाधिकार और जवाबदेही पर जनता की चिंताओं को दूर करना है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा जारी एक परिपत्र में कैबिनेट और उप-मंत्रियों के लिए दो सरकारी वाहनों की सीमा तय की है। उनके ईंधन भत्ते तथा कार्यालय, आवासीय और मोबाइल फोन व्यय के लिए मासिक भुगतान की भी नई सीमाएं तय कर दी गई हैं। कैबिनेट मंत्री के लिए सहायक कर्मचारियों की संख्या 15 तक सीमित है, तथा उप मंत्री 12 सहायक कर्मचारियों को रख सकेंगे। परिवार के सदस्यों या करीबी रिश्तेदारों को निजी सचिव, समन्वय सचिव, मीडिया सचिव या जनसंपर्क सचिव के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता। ये नियम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे पर अपना सरकारी आवास छोड़ने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा त्यागने के लिए डाले गए दबाव पर चल रही बहस के बीच आए हैं। दिसंबर में राजपक्षे की सुरक्षा में तैनात 300 से अधिक कर्मियों को घटाकर 60 कर दिया गया था।

# यूक्रेन युद्ध: तेल की कीमतें संबंधी ट्रंप के दावे की रूस ने खिल्ली उड़ाई

**मॉस्को।** रूस ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुझाव को खारिज करते हुए जोर देकर कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट आने से यूक्रेन युद्ध का अंत करने में कोई मदद नहीं मिल सकती। स्विट्ज़रलैंड के दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच के वार्षिक कार्यक्रम को व्हाइट हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन में लगभग तीन साल से जारी युद्ध के लिए तेल निर्यातक देशों का गठबंधन ओपेक जिम्मेदार है क्योंकि इसने तेल की कीमतें बहुत अधिक रखी हैं।

ट्रंप ने कहा, अगर कीमत कम हो गई तो रूस-यूक्रेन युद्ध तुरंत खत्म हो जाएगा। ईंधन सामग्री की बिक्री का रूस की कमाई में बड़ा योगदान है। ट्रंप की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति का कार्यालय) के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने अपने देश के उस विचार की पुष्टि की जिसमें कहा गया है कि यूक्रेनी संघर्ष रूसी सुरक्षा हितों को ध्यान में रखने से पश्चिम के इनकार के कारण शुरू हुआ। पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा, युद्ध तेल की कीमतों पर निर्भर नहीं करता। रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे, उन क्षेत्रों में रहने वाले रूसियों के लिए उत्पन्न खतरे और अमेरिकियों और यूरोपीय लोगों द्वारा रूस की सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने से इनकार करने के कारण यह संघर्ष जारी है। इसका तेल की कीमतों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने अमेरिकी समकक्ष ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं।

पेसकोव ने पुतिन के बयानों को दोहराया कि यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की योजना के परिणामस्वरूप रूस की सुरक्षा के लिए उत्पन्न खतरे को रोकने और वहां रहने वाले रूसी भाषी लोगों की सुरक्षा के लिए उन्हें फरवरी 2022 में यूक्रेन में सेना भेजनी पड़ी थी। यूक्रेन और पश्चिम ने मॉस्को की कार्वाई को आक्रामकता का अकारण कृत्य बताकर निंदा की है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के शांति समझौते के लिए राजी होने संबंधी ट्रंप के दावे के बारे में पूछने पर पेसकोव ने मॉस्को के साथ किसी भी तरह की बातचीत की संभावना को खारिज करने के यूक्रेनी नेता के पहले के फैसले की ओर इशारा किया। इसके पहले ट्रंप ने बुधवार को यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए समझौता नहीं होने पर रूस पर कठोर कर, सीमा शुल्क और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी।

## ब्रिटिश सांसद ने खालिस्तानी आतंकवादियो द्वारा इमरजेंसी फिल्म के प्रदर्शन में निंदा की

**लंदन।** ब्रिटेन में विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के एक सांसद ने उत्तर-पश्चिम लंदन में उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की स्क्रीनिंग के दौरान नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा धमकी दिए जाने के मामले में गृह मंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। बॉब ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स (ब्रिटिश संसद के निचले सदन) को बताया कि अत्यंत विवादास्पद फिल्म के प्रदर्शन को वोल्वरहैम्पटन, बर्मिंघम, स्लो, स्टेन्स और मैनचेस्टर में भी इसी प्रकार बाधित किया गया। इसके परिणामस्वरूप व्यू और सिनेवर्ल्ड ने ब्रिटेन में अपने कई सिनेमाघरों से फिल्म को हटाने का निर्णय लिया है। व्यू और सिनेवर्ल्ड ब्रिटेन में कई सिनेमाघरों का संचालन करते हैं।

ब्लैकमैन ने संसद को बताया, रविवार को मेरे कई मतदाताओं ने हैरो व्यू सिनेमा में इमरजेंसी फिल्म देखने के लिए टिकट लिए थे। फिल्म के प्रदर्शन के लगभग 30 या 40 मिनट बाद, नकाबपोश खालिस्तानी आतंकवादी घुस आए, दर्शकों को धमकाया और फिल्म को जबरन बंद करवा दिया।

यह फिल्म बहुत विवादास्पद है, और मैं इसकी गुणवत्ता या विषय-वस्तु पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा हूं, लेकिन मैं अपने और अन्य सदस्यों के मतदाताओं के इस फिल्म को देखने और इस पर निर्णय लेने के अधिकार का बचाव करता हूं। इसमें उस समय की कहानी है जब इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री थीं। क्या हम अगले हफ्ते गृह मंत्री (यवेट कूपर) से एक बयान की उम्मीद कर सकते हैं कि यह सुनिश्चित करने के लिए क्या किया जाएगा कि जो लोग ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिन्हें सेंसर द्वारा पारित किया गया है, वे शांति और सद्भाव में ऐसा कर सकें? मैं सिनेमाघरों के बाहर प्रदर्शन करने के लोगों के अधिकार का पूरी तरह से बचाव करता हूं, लेकिन फिल्म को दिखाए जाने को बाधित करने का नहीं।

# लॉस एंजिलिस में लगी आग पड़ी धीमी, दक्षिण कैलिफोर्निया में नई जगहों पर धधके शोले

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**अमेरिका** के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिलिस शहर में लगी भीषण आग पर दमकलकर्मियों ने काफी हद तक काबू पा लिया है, जिसके बाद बृहस्पतिवार को वह आदेश वापस ले लिया गया, जिसके तहत हजारों लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहा गया था। हालांकि सैन डिएगो में नई आग लगने के कारण कुछ समय के लिए ज्यादा लोगों को प्रभावित क्षेत्र खाली करना पड़ा। दक्षिण कैलिफोर्निया में आग को गंभीर बताते हुए रेड फ्लैग चेतावनी जारी की गई है। क्षेत्र में आग पर काबू पाने में खासी चुनौतियां पेश आ रही हैं और बृहस्पतिवार को हवाएं एक बार फिर तेज हो गईं।

ह्यूज इलाके में बुधवार सुबह आग लगी थी और एक दिन से भी कम समय में इस आग ने करीब 41 वर्ग किलोमीटर इलाके में लगे पेड़ों और झाड़ियों को जलाकर राख कर दिया। दमकलकर्मियों ने ह्यूज इलाके में लगी आग को बुझाने के प्रयास किए और दोपहर बाद एक तिहाई आग पर काबू पा लिया। बृहस्पतिवार को सैन डिएगो इलाके में दो जगह आग लगने की खबर मिली। इसके बाद निकासी आदेश जारी किया गया, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया गया।

### लॉस एंजिलिस की यात्रा से पहले ट्रंप ने कैलिफोर्निया की जल नीति पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जंगल में लगी भीषण आग से प्रभावित कैलिफोर्निया की यात्रा से पहले राज्य की जल नीति की आलोचना की। सात जनवरी को आग लगने के बाद से ट्रंप सोशल मीडिया और साक्षात्कारों के जरिए लॉस एंजिलिस शहर के दक्षिणी हिस्सों में पानी भेजने के बजाय बहुत ज्यादा जल प्रशांत महासागर में प्रवाहित करने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसिफिक पैलिसेड्स में आग लगने के शुरुआती घंटों के अंदर ही पानी छोड़ने वाले पंप सूख चुके थे। अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआती घंटों में, ट्रंप ने संघीय अधिकारियों को सेंट्रल वैली और राज्य के दक्षिणी भाग में घनी आबादी वाले शहरों में अधिक पानी पहुंचाने के लिए योजनाओं का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया था। दो दिन बाद उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कैलिफोर्निया के नेता पानी के मुद्दे पर राज्य का दृष्टिकोण नहीं बदलते तो वे संघीय आपदा सहायता रोक देंगे।

## अमेरिका में सीनेट ने जॉन रैटक्लिफ को सीआईए का प्रमुख नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने नए मंत्रिमंडल में दूसरा सदस्य मिल गया है, यहां सीनेट ने जॉन रैटक्लिफ को सीआईए निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने की मंजूरी दे दी है। ट्रंप के प्रथम कार्यकाल के दौरान रैटक्लिफ राष्ट्रीय खुफिया निदेशक थे और वे इस पद पर तथा देश की प्रमुख जासूसी एजेंसी सीआईए के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले पहले व्यक्ति हैं। टेक्सास रिपब्लिकन पूर्व में संघीय अभियोजक थे, जो ट्रंप पर लगे महाभियोग के दौरान सांसद के रूप में कार्य करते हुए ट्रंप के एक प्रखर रक्षक के रूप में उभरे थे। पिछले सप्ताह सीनेट की सुनवाई में रैटक्लिफ ने कहा कि रूस और चीन जैसे दुश्मनों से निपटने के लिए कृत्रिम मेधा जैसी तकनीक का इस्तेमाल करने के मामले में सीआईए को बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। अमेरिका को खुफिया क्षमताओं में सुधार करने की जरूरत है, साथ ही उसे अमेरिकियों के नागरिक अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### युवाओं को सुरक्षा बलों की भर्ती प्रक्रिया में सुधार कर रहा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय में हाल में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर ने कहा है कि देश अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 18 से 25 साल के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधार प्रक्रिया के अंतिम चरण में है। राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने पद संभालने के बाद विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन नए भर्ती विकल्प तलाश रहा है, क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली वर्तमान भर्ती प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। यूक्रेन ने पिछले साल कानून पारित कर भर्ती की आयु 27 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष कर दी थी, इन उपायों का उतना प्रभाव नही पड़ा है, जितना कि रूस से युद्ध में सैनिकों की संख्या बढ़ाने या युद्ध के मैदान में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक था। पालिसा के अनुसार यूक्रेन एक योजना पर काम कर रहा है, जिसमें वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गारंटी और सैनिकों व उनके कमांडरों के बीच संवाद सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओ को आकर्षित करना है, जिन्हे फिलहाल सैन्य सेवा से छूट प्राप्त है।

### भारतीय मूल के दो लोगों समेत पांच पर मामला दर्ज

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक व्यवसाई के घर में कथित रूप से बंदूक के बल पर डकैती डालने के आरोप में भारतीय मूल के दो व्यक्तियों सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। भूपिंदरजीत सिंह (26), दिव्या कुमारी (26), एलिजा रोमन (22), कोरी हॉल (45) और एरिक सुआरेज़ (24) ने न्यूयॉर्क के ऑरेंज काउंटी में एक घर में घुसकर कथित रूप से डकैती की थी। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अटॉर्नी कार्यालय द्वारा इस सप्ताह जारी एक बयान में कहा गया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें व्हाइट प्लेन्स संघीय अदालत में संयुक्त राज्य मजिस्ट्रेट न्यायाधीश विक्टोरिया रेजनिक के समक्ष पेश किया गया है। उन सभी पर डकैती की साजिश रचने का एक मामला और डकैती किए जाने का एक मामला भी दर्ज किया गया। अधिकतम 20 वर्ष की जेल की सजा का प्रावधान है। सिंह, रोमन, हॉल और सुआरेज़ पर हिंसा के अपराध को बढ़ावा देने के लिए हथियारों का उपयोग करने का अतिरिक्त आरोप लगाया गया है। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी एडवर्ड किम ने कहा कि पांचों ने कथित तौर पर डकैती की साजिश रची और उसे अंजाम दिया, चार बच्चों ने देखा कि उनके माता-पिता को बंदूक दिखाते हुए रस्सी से बांधकर रखा गया था, जबकि चार लोग नकदी और कीमती सामान की तलाश में उनका घर खंगाल रहे थे।

### भारतीय मूल के फिल्मकार अनंत सिंह को जीएसीसी में किया नियुक्त

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी फिल्म निर्माता अनंत सिंह को वैश्विक कला और संस्कृति परिषद (जीएसीसी) में नियुक्त किया गया है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के सत्र के दौरान बुधवार को जीएसीसी की शुरुआत की गई। रंगभेद, एचआईवीएड्स और लैंगिक आधार पर होने वाली हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाली सिंह की फिल्मों ने उन्हे कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए है। इन्ही में से एक फिल्म नेल्सन मंडेला के जीवन पर आधारित लॉन्ग वॉक टू फ्रीडम भी है। उन्हें 2001 में डब्ल्यूईएफ के क्रिस्टल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। सिंह ने कहा, दुनिया भर के कलाकार और रचनात्मकता से जुड़े लोग, जनता की आवाज हैं और मानवीय कहानियों के लिए उन्हे जाना जाता है। जीएसीसी दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां लाखों लोगों की (जीवन) यात्रा में योगदान देने के लिए कलाकारों की आवाज और अभिव्यक्ति को सुनने की आवश्यकता है। डब्ल्यूईएफ के सह-संस्थापक हिल्डे श्वाब और प्रोफेसर क्लाउस श्वाब ने वैश्विक कला और संस्कृति परिषद की स्थापना की। सिंह को दुनिया भर के अन्य प्रख्यात कला और संस्कृति दिग्गजों के साथ ही परिषद में नियुक्त किया गया।

### उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से बात करूंगा: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साक्षात्कार में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन को समझदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि वह उनसे बातचीत करेंगे। फॉक्स न्यूज पर सीन हैनिटी ने ट्रंप का साक्षात्कार लेते हुए पूछा कि क्या वह उत्तर कोरिया के अपने समकक्ष से बात करने की योजना बना रहे है तो ट्रंप ने कहा कि वह बात करेंगे। ट्रंप ने कहा, मैं काफी पहले उनसे मिला था। वह कोई धार्मिक कट्टरपंथी नही है। मैं उनसे दोबारा बातचीत करूंगा। ट्रंप ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में 2018 में सिंगापुर में किम से मुलाकात की थी।

### नेपाल में भारतीय नागरिक मृत पाया गया

**काठमांडू।** नेपाल के बारा जिले में एक प्रतीक्षालय में एक भारतीय नागरिक मृत पाया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के रहने वाले 42 वर्षीय रुद्र गिरी को बृहस्पतिवार को सिमरा उप-महानगरपालिका के चुरियामाई मंदिर के पास एक पहाड़ी पर स्थित सार्वजनिक प्रतीक्षालय में मृत पाया गया। अधिकारी ने बताया कि मौत के कारण का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अमेरिका में सीमाशुल्क की चोरी लिए भारतीय मूल के व्यक्ति को 30 महीने की सजा

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क में आभूषण कंपनियों का संचालन करने वाले एक भारतीय व्यक्ति को 1.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के आभूषणों के आयात के लिए सीमा शुल्क की चोरी करने और अन्य मामलों में 30 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। कार्यवाहक अमेरिकी अटॉर्नी विकास खन्ना ने कहा कि मुंबई और जर्सी सिटी, न्यू जर्सी के मोनीशकुमार किरणकुमार दोशी शाह (40) ने अमेरिकी जिला न्यायाधीश एस्तेर सलास के समक्ष वायर धोखाधड़ी (दूरसंचार या सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित वित्तीय धोखाधड़ी) करने की साजिश रचने और एक गैर-लाइसेंस प्राप्त धन प्रेषण व्यवसाय के संचालन में सहायता के दो-आरोपों में दोष स्वीकार किया था। सजा के अलावा न्यायाधीश ने वायर धोखाधड़ी योजना के लिए 7,42,500 अमेरिकी डॉलर की क्षतिपूर्ति तथा वायर धोखाधड़ी और बिना लाइसेंस के धन प्रेषण योजनाओं के लिए।,11,26,982.33 अमेरिकी डॉलर की राशि जब्त करने का आदेश दिया।

## हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में 2023 में जब्त पोत के चालक दल को रिहा किया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने नवंबर 2023 में लाल सागर में जब्त गैलेक्सी लीडर नामक वाणिज्यिक जहाज के चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ओमान की मध्यस्थता के बाद चालक दल को रिहा किया। ओमान की रॉयल एयर फोर्स का एक जेट बुधवार को यमन गया और चालक दल के सदस्यों को लेकर मस्कट लौटा। चालक दल में फिलीपीन, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन और मेक्सिको के 25 लोग शामिल थे। हुतियों ने एक समाचार एजेंसी को दिए बयान में कहा, चालक दल को रिहा करने का यह कदम गाजा में युद्धविराम समझौते के समर्थन का हिस्सा है।

फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने चालक दल के 17 फिलीपीनी सदस्यों की रिहाई की पुष्टि की और इसे ˆबड़ी खुशी का क्षणˆ बताया। बुल्गारिया के विदेश मंत्रालय ने अपने दो नागरिकों.. जहाज के कप्तान ल्यूबोमिर चानेव और सहायक कप्तान डेनियल वेसेलिनोव की रिहाई की जानकारी दी।

संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत हैंस ग्रुंडबर्ग ने चालक दल के सदस्यों की रिहाई को ˆसुकून भरी खबरˆ बताया। हूती विद्रोहियों से सभी समुद्री हमले रोकने और सकारात्मक प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। हूती विद्रोहियों ने कहा कि गैलेक्सी लीडर जहाज को इजराइली संबंध के कारण जब्त किया गया था। इजराइल के अरबपति अब्राहम उंगर जहाज के मालिक हैं। हूतियों ने जहाज पर हमला कर उसे जब्त कर लिया था और इसका वीडियो भी जारी किया था। हूती विद्रोहियों ने संकेत दिया कि गाजा पट्टी में युद्धविराम शुरू होने के बाद वे अब लाल सागर गलियारे में अपने हमलों को केवल इजराइल-संबद्ध जहाजों तक सीमित रखेंगे, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो व्यापक हमले फिर से शुरू हो सकते हैं।

# भारत जल प्रबंधन पर अन्य देशों के साथ सहयोग करने को तैयार: सीआर पाटिल

**भाषा।** दावोस



**जल शक्ति** मंत्री सीआर पाटिल ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान वैश्विक नेताओं से कहा कि भारत जल संरक्षण प्रयासों पर अन्य देशों के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। पाटिल ने पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान यहां एक चर्चा में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सतत जल प्रबंधन तौर-तरीकों को भी सूचीबद्ध किया। बैठक में उपस्थित वैश्विक नेताओं से कहा कि भारत विश्व समुदाय के लाभ के लिए उन्हें (सतत जल प्रबंधन तौर-तरीके) साझा करने को तैयार है।

पाटिल ने कहा, भारत संभावित जल प्रबंधन मुद्दों पर सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने इसके साथ ही दुनिया से जल संरक्षण प्रयासों में शामिल होने का आह्वान किया और उन चुनौतियों पर प्रकाश डाला जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। मंत्री ने सभी देशों से न्यायसंगत जल प्रबंधन के लिए आगे आने का भी आग्रह किया।

उन्होंने वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने और जल-सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए परिवर्तनकारी चर्चाएं शुरू करने की भारत की प्रतिबद्धता व तत्परता को दोहराया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं। जल संरक्षण, जल सुरक्षा और सभी के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एक समय था जब गुजरात के कई इलाकों में भीषण जल संकट था लेकिन उनके नेतृत्व में उठाए गए दूरदर्शी कदमों ने पूरे क्षेत्र में जल सुरक्षा और स्थिरता ला दी है। विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने वाले पहले भारतीय जल संसाधन मंत्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर जिले में कम से कम 75 अमृत झीलों का लक्ष्य रखा था जबकि आज 60,000 से अधिक झीलें बनाई या पुनर्जीवित की जा चुकी हैं, जो जल संसाधन और प्रबंधन प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

# सीनेट ने ट्रंप के रक्षा मंत्री के रूप में पीट हेगसेथ का नाम आगे बढ़ाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रक्षा मंत्री के रूप में पीट हेगसेथ का नाम को आगे बढ़ाया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने हेगसेथ पर लगे आरोपों और अमेरिकी सेना का नेतृत्व करने में अनुभव की कमी को लेकर उनके नाम पर कड़ी आपत्ति जताई। अलास्का की सीनेटर लीसा मुर्कोव्स्की और माइने की सीनेटर सुसान कोलिन्स ने भी हेगसेथ का समर्थन करने से इनकार कर दिया है और ट्रंप एवं उनके सहयोगियों से नाता तोड़ लिया है जो कि हेगसेथ के नाम पर पुष्टि के लिए व्यापक अभियान चला रहे हैं।

भूतपूर्व सैनिक और फॉक्स न्यूज के मेजबान रहे हेगसेथ पर अत्यधिक शराब पीने और महिलाओं के प्रति आक्रामक व्यवहार करने के आरोप रहे हैं, जिसका उन्होंने खंडन किया है। उनके नाम पर पुष्टि के लिए 49 के मुकाबले 51 वोट पड़े और अंतिम वोट शुक्रवार को होने की उम्मीद है। सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक शूमर ने अपने सहयोगियों से गंभीरता से सोचने का आग्रह किया और पूछा क्या हेगसेथ वह सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति हैं जो विश्व की सबसे बड़ी सेना का नेतृत्व कर सकते हैं? मुर्कोव्स्की ने कहा कि उनका व्यवहार सेना से अपेक्षित व्यवहार से बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने उनके पिछले बयानों पर भी ध्यान दिलाया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि महिलाओं को सैन्य लड़ाकू भूमिकाएं नहीं निभानी चाहिए। हेगसेथ ने पुष्टि प्रक्रिया के दौरान उन बयानों को लेकर रुख नरम करने की कोशिश की और अपना बचाव किया।

कोलिंस ने कहा कि वह हेगसेथ की साहसिक सैन्य सेवा तथा हमारे सैन्यकर्मियों और उनके परिवारों के प्रति उनकी सतत प्रतिबद्धता की सराहना करती हैं, लेकिन मुझे इस बात की चिंता है कि उनके पास इस कार्य में सफल होने के लिए आवश्यक अनुभव और दृष्टिकोण नहीं है। हेगसेथ पर 2017 में एक महिला का यौन उत्पीड़न करने का भी आरोप है जिसे उन्होंने 50,000 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया था। यह जानकारी उनके नाम की पुष्टि की प्रक्रिया के दौरान मैसाचुसेट्स से डेमोक्रेटिक पार्टी की सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन को दिए उनके जवाबों से मिली है। हेगसेथ के वकील टिमोथी पारलाटोरे ने बृहस्पतिवार को महिला को दी गई रकम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हेगसेथ ने उस समय पुलिस को बताया था कि दोनों सहमति से मिले थे और उन्होंने किसी भी गलत काम से इनकार किया। उन्होंने पिछले सप्ताह अपने नाम की पुष्टि को लेकर सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा था कि 2017 की घटना में उन पर झूठा आरोप लगाया गया था और जांच में उन्हें पूरी तरह से निर्दोष करार दिया गया था।

## हमास की ओर से रिहा किए जाने वाले अगले चार बंधकों के नामों की प्रतीक्षा कर रहे इजराइली

**तेल अवीव।** गाजा में बंधक बनाए गए लोगों के रिश्तेदारों ने शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सभी शेष बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी उनके रिश्तेदारों की रिहाई के लिए दबाव बनाए रखने की अपील की। इजराइल और हमास के बीच छह सप्ताह का युद्धविराम छठे दिन में प्रवेश कर गया है। इजराइल के लोग उन चार बंधकों के नामों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जिन्हें गाजा में बंधक बनाए गए 90 से अधिक लोगों में से मुक्त किया जाएगा।

हमास ने इस बारे में कोई सटीक सूचना जारी नहीं की है कि कितने बंधक अब भी जीवित हैं। युद्ध विराम समझौते के पहले चरण में, इजराइल द्वारा पकड़े गए सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों के बदले में 33 बंधकों को क्रमिक रूप से मुक्त किए जाने की उम्मीद है। रविवार को युद्ध विराम के पहले दिन, 90 फलस्तीनी कैदियों के बदले में पहले तीन इजराइली बंधकों को रिहा किया गया। इस युद्धविराम ने गाजा में 15 महीने से जारी रहे युद्ध को फिलहाल रोक दिया है।

गाजा में 47,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। समझौते के अनुसार, शुक्रवार को हमास द्वारा अगले दिन रिहा किए जाने वाले और चार बंधकों के नामों की घोषणा की जाएगी, जिसके बाद इजराइल भी इस बारे में एक सूची जारी करेगा कि किन फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। अएलेत समेरानो, जिनका बेटा योनातन समेराने बंधकों में शामिल है, ने कहा मैं यहां से प्रधानमंत्री और वार्ता दल से अपील करता हूं कि सभी को वापस लाने के लिए जो भी जरूरी हो, वह करें। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मौजूदा अवधि समाप्त होने से पहले समझौते के दूसरे चरण पर सहमति सुनिश्चित करें। हम अनिश्चितता में नहीं रह सकते। सभी बंधकों को वापस लाना होगा।

# यूएनएससी की समिति ने दिल्ली घोषणापत्र में की गई प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ने को लेकर सहमति जताई

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आतंकवाद रोधी समिति (सीटीसी) ने आतंकी गतिविधियों के लिए नई और उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों के उपयोग को रोकने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की है, जिसका उद्देश्य परिषद के अध्यक्ष के तौर पर भारत के कार्यकाल के दौरान आतंकवाद से लड़ने के लिए संयुक्त राष्ट्र निकाय द्वारा की गई प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ना है।

इस महीने की शुरुआत में अल्जीरिया की अध्यक्षता में आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) ने अल्जीरिया मार्गदर्शक सिद्धांतों पर सहमति व्यक्त की थी। सूत्रों ने बताया कि समिति ने अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांतों के आधार पर यह सहमति व्यक्त की है। अबू धाबी मार्गदर्शक सिद्धांत यूएनएससी सीटीसी द्वारा अपनाए गए दिशा-निर्देश हैं। इन सिद्धांतों में आतंकवादी गतिविधियों के लिए मानव रहित विमान प्रणालियों (यूएएस) के उपयोग से निपटने की जानकारी दी गई है, जिन पर दिसंबर 2023 में सहमति बनी थी।

ये आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती वित्तीय प्रौद्योगिकियों के उपयोग को रोकने के लिए सदस्य देशों के लिए गैर-बाध्यकारी मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। सूत्रों ने कहा कि ए मार्गदर्शक सिद्धांत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्हें अक्टूबर 2022 में आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने को लेकर सुरक्षा परिषद द्वारा अपने दिल्ली घोषणापत्र में की गई प्रतिबद्धताओं पर आगे बढ़ते हुए तैयार किया गया था।

अक्टूबर 2022 में, भारत की अध्यक्षता में सुरक्षा परिषद की आतंकवाद-रोधी समिति (सीटीसी) ने नई दिल्ली और मुंबई में आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के व्यापक विषय पर एक विशेष बैठक आयोजित की थी। विशेष बैठक के परिणामस्वरूप, समिति ने आतंकवादी उद्देश्यों के लिए नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के लिए दिल्ली घोषणा को मंजूरी दी थी। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्य के रूप में अपने 2021-2022 के कार्यकाल के दौरान, 2022 में सीटीसी की अध्यक्षता ग्रहण की थी।

# ज्वेरेव और सिनेर के बीच फाइनल

## जोकोविच दर्शकों की हूटिंग के बीच सेमीफाइनल से हटे

भाषा। मेलबर्न



**नोवाक** जोकोविच चोटिल होने के कारण शुक्रवार को यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल का पहला सेट हारने के बाद मैच से हट गए और कोर्ट से जाते समय दर्शकों की हूटिंग भी उन्हें झेलनी पड़ी। जोकोविच ने पहला सेट टाईब्रेकर में 7-6 (5) से गंवा दिया था। इसके बाद उन्होंने नेट के चारों ओर चक्कर लगाया और मैच से हटने का फैसला किया। इस तरह से ज्वेरेव फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। सैंतीस वर्ष के जोकोविच ने अपना रैकेट पैक किया और लॉकर रूम की तरफ बढे , फिर कुछ सेकंड रुके और हूटिंग कर रहे मेलबर्न पार्क के दर्शकों को दो थम्स अप दिखाकर जवाब दिया। कार्लोस अल्कराज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान जोकोविच की पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। जोकोविच ने बाद में संवाददाता सम्मेलन में अपने पैर में दर्द का जिक्र करते हुए कहा, यह और भी बदतर होता जा रहा था। मैं अगर पहला सेट जीत भी लेता तब भी मेरे लिए आगे खेलना मुश्किल होता। जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 11वां और कुल 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में थे। उनके और ज्वेरेव के बीच एकमात्र सेट एक घंटे 20 मिनट तक चला। अब दूसरी रैंकिंग वाले ज्वेरेव का सामना रविवार को फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी गत चैम्पियन यानिक सिनेर से होगा। सिनेर ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 7- 6, 6- 2, 6- 2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार ग्रैंड स्लैम में दूसरा अवसर है जबकि जोकोविच को चोट के कारण प्रतियोगिता के बीच से हटना पड़ा। वह पिछले साल घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल से हट गए थे। इसके बाद हालांकि उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई थी और फिर पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।जोकोविच से शुक्रवार को पूछा गया कि क्या उन्होंने मेलबर्न पार्क में अपना अंतिम मैच खेल लिया है तो इस खिलाड़ी ने कहा, मेरे लिए फिर से मौका हो सकता है। कौन जानता है। मैं सत्र में आगे अपने प्रदर्शन पर गौर करूंगा। मैं अभी खेलना जारी रखना चाहता हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। ज्वेरेव 2020 में अमेरिकी ओपन और 2024 में फ्रेंच ओपन के उपविजेता रहे थे। उन्होंने जोकोविच के मैच से हटने के फैसले का बचाव करते हुए दर्शकों से अपनी नाराजगी दूर करने का आग्रह किया। ज्वेरेव ने कहा, जब कोई खिलाड़ी चोट के कारण मैच से हटने का फैसला करता है तो कृपया उस पर अपना गुस्सा नहीं उतारें। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि हर किसी ने टिकटों के लिए भुगतान किया है और हर कोई पांच सेटों का शानदार मैच देखना चाहता है। लेकिन आपको यह समझना होगा कि नोवाक जोकोविच ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने पिछले 20 वर्षों से इस खेल को अपने जीवन का सब कुछ दिया है। जोकोविच ने कहा , ऐसा नहीं है कि हर ग्रैंडस्लैम में इस चिंता के साथ उतरूंगा कि कहीं चोट न लग जाए लेकिन पिछले कुछ साल से आंकड़े मेरे खिलाफ रहे हैं। लेकिन मैं संघर्ष करता रहूंगा। और ग्रैंडस्लैम जीतने की कोशिश करूंगा जब तक इन सबके बावजूद मेरे भीतर जीतने की ललक है , मैं खेलूंगा।

### गैडेकी और पीयर्स को मिश्रित युगल का खिताब

मेलबर्न। ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स ने शुक्रवार को यहां अपने घरेलू दर्शकों के सामने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता।गैडेकी और पीयर्स ने फाइनल में जॉन-पैट्रिक स्मिथ और किम्बर्ली बिरेल को 3-6, 6-4, 10-6 से पराजित किया। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोई जोड़ी यहां मिश्रित युगल में चैंपियन बनी।दिलचस्प बात यह है कि फाइनल में एक दूसरे का सामना करने वाली दोनों जोड़ियों को वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया था।पीयर्स का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल और अमेरिकी ओपन में मिश्रित युगल का खिताब जीत चुके हैं। उनके नाम पर पुरुष युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक भी दर्ज है।

# भारत की निगाह शमी की फिटनेस और विजय अभियान जारी रखने पर

● इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा वनडे आज

भाषा। चेन्नई



**तेज गेंदबाज** मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बीच भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पहले मैच का प्रदर्शन दोहरा कर विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य के साथ मैदान पर उतरेगी।भारत ने बुधवार को कोलकाता में पहला मैच सात विकेट से जीत कर पांच मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की थी। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी लेकिन यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा।भारत को हालांकि पहले मैच में इस 34 वर्षीय तेज गेंदबाज की कमी नहीं खली। इस मैच में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन करके भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी लेकिन यहां चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक मदद मिलने की संभावना है। ऐसी परिस्थितियों में वरुण, उप कप्तान अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई का अंतिम एकादश में बने रहना तय है।इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश करेंगे। जहां तक उसके तेज गेंदबाजों का सवाल है तो पहले मैच में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के सामने जोफ्रा आर्चर को छोड़कर उसका कोई भी गेंदबाज नहीं चल पाया था।अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और यह दोनों एक बार फिर से उसे दोहराना चाहेंगे। पिछले छह मैच में तीन शतक बनाने वाले सैमसन लंबी पारी नहीं खेल पाए थे लेकिन अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रन की तूफानी पारी खेली थी। सैमसन यहां पहले मैच की भरपाई करना चाहेंगे।अभिषेक और सैमसन की सलामी जोड़ी को अगर अगले साल भारत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा मजबूत रखना है तो उन्हें अपने प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी।इंग्लैंड भी अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। पहले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट दोनों ने मिलकर कुल सात गेंद का सामना करके चार रन बनाए थे।भारत को कप्तान सूर्यकुमार यादव से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले मैच में जल्दी आउट हो गए थे।

### आईटीएफ डब्ल्यू100 टूर्नामेंट में हारी सहजा

**बेंगलुरू।** भारत की सहजा यमलापल्ली को शुक्रवार को यहां केपीबी ट्रस्ट महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आठवी वरीय सारा बिजलेक के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।चेक गणराज्य की सारा ने सहजा को सीधे सेट में 6-4, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत लियोलिया जीनजीन से होगी। फ्रांस की लियोलिया ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए कनाडा की दूसरी वरी रेबेका मारिनो को 3-6, 7-5, 7-5 से हराया।एक अन्य सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय जर्मनी की तातयाना मारिया की भिड़ंत चेक गणराज्य की लिंडा फ्रुविरतोवा से होगी

### सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में

रांची। चार्लोट एंगलबर्ट की हैट्रिक से जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने शुक्रवार को यहां श्राची रार बंगाल टाइगर्स को 4-2 से हराकर पहली महिला हॉकी इंडिया लीग के फाइनल में जगह बनाई।फाइनल में सूरमा हॉकी क्लब की भिड़ंत रविवार को ओडिशा वारियर्स से होगी।एंगलबर्ट ने पहले 17वें और 47वें मिनट में गोल दागे जबकि हिना बानो ने सूरमा हॉकी क्लब की ओर से एक अन्य गोल नौवें मिनट में किया। बंगाल टाइगर्स की ओर से कप्तान वंदना कटारिया (48वें मिनट) और शिल्पी डबास (58वें मिनट) ने अंतिम क्वार्टर में गोल दागे।

### इनियान ने मलेशिया में खिताब जीता

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर इनियान पन्नीरसेल्वम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया में नौवें जोहोर इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। तमिलनाडु के इरोड के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने नौ बाजियों में 8.5 अंक हासिल किए। उन्होंने इस दौरान चार अंतरराष्ट्रीय मास्टर और एक ग्रैंड मास्टर को हराया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 1.5 अंक आगे रहे। गुरुवार को समाप्त हुए नौ दौर के टूर्नामेंट में आठ देशों के 84 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आठवें दौर में इंडोनेशिया के अंतरराष्ट्रीय मास्टर नायक बुद्धिधर्मा को हराकर 1.5 अंक की बढ़त हासिल करके पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर लिया था।

### वरुण चक्रवर्ती का सामना करने में मुश्किल हुई: ब्रूक

**चेन्नई।** इंग्लैंड के उप कप्तान हैरी ब्रूक का मानना है कि कोलकाता में शाम के समय धुंध के कारण रहस्यमई स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी का सामना करना दोगुना मुश्किल हो गया है लेकिन उन्हे उम्मीद है कि चेन्नई की हवा सफेद कूकाबुरा गेंद को देखने के लिए अपेक्षाकृत साफ होगी। चक्रवर्ती ने पांच मैच की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड पर भारत की सात विकेट की शानदार जीत में 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने जोस बटलर, लियाम लिविंगस्टोन और ब्रूक को आउट किया।

### घरेलू क्रिकेट का स्तर आईपीएल के समकक्ष

**चेन्नई।** भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने शुक्रवार को कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का स्तर आईपीएल के बराबर है और क्रिकेटरों को टी20 प्रारूप में अपना खेल बेहतर करने के लिए और घरेलू टूर्नामेंट खेलना चाहिए।चक्रवर्ती ने कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में तीन विकेट लेकर भारत की जीत में अहम योगदान दिया था। उन्होंने दूसरे मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा , घरेलू क्रिकेट का स्तर काफी ऊंचा है। मैं कहूंगा कि आईपीएल या बाकी अंतरराष्ट्रीय मैचों के बराबर। मैं सभी को सलाह दूंगा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खेलें क्योंकि हम छोटे मैदानों पर खेलते है। यह काफी चुनौतीपूर्ण है।

# जडेजा के 12 विकेट से सौराष्ट्र ने दिल्ली को दस विकेट से हराया

## रणजी ट्रॉफी : पंत फ्लॉप

भाषा। राजकोट

**रविंद्र जडेजा ने** स्पिनरों की मददगार पिच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 विकेट लिए जिसकी मदद से सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में दो दिन के भीतर ही दिल्ली को दस विकेट से हराकर उसे लगभग बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारत के नामी गिरामी बल्लेबाज जहां नाकाम रहे ,वहीं हरफनमौला जडेजा ने साबित कर दिया कि मददगार पिच पर वह कितने उपयोगी साबित हो सकते हैं। मेजबान टीम ने दिल्ली को दूसरी पारी में 25 . 2 ओवर में 94 रन पर आउट कर दिया। इससे पहले सौराष्ट्र ने 271 रन बनाकर पहली पारी में 83 रन की बढत बनाई। सौराष्ट्र ने जीत के लिए 12 रन 3 . । ओवर में बना लिए। मैच दो दिन और 150 ओवर के करीब ही खत्म हो गया। छह दौर के बाद सौराष्ट्र 18 अंक लेकर नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने के करीब है। ग्रुप डी में तमिलनाडु के पांच मैचों में 19 अंक हैं जबकि चंडीगढ के इतने ही मैचों में 18 अंक हैं। दिल्ली के 14 ही अंक है और उसका एकमात्र मैच रेलवे के खिलाफ बाकी है। इस मैच में सात अंक लेने पर भी उसे फायदा नहीं होने वाला अगर सौराष्ट्र या चंडीगढ आखिरी मैच जीत लेते हैं। ऋषभ पंत के प्रशंसकों को काफी निराशा हाथ लगी होगी जो पहली पारी में एक रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 17 रन ही बना सके। वह पहली पारी में बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा की गेंद पर आउट हुए। दूसरी पारी में रविंद्र जडेजा ने उन्हें पहली स्लिप में शेल्डन जैकसन के हाथों लपकवाया। दिल्ली के लिए कप्तान आयुष बडोनी (44) को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। जमशेदपुर में खेले जा रहे मैच में झारखंड ने छत्तीसगढ के खिलाफ चार विकेट पर 304 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज कुमार सूरज ने 104 रन बनाए जबकि शरणदीप सिंह ने 69 और उत्कर्ष सिंह ने 62 रन की पारियां खेली। झारखंड के पास अब 74 रन की बढत हो गई है जिसने छत्तीसगढ को पहली पारी में 230 रन पर आउट कर दिया था। सलेम में खेले जा रहे मैच में तमिलनाडु के स्पिनर अजित राम ने 34 रन देकर पांच और आर साइ किशोर ने 48 रन देकर तीन विकेट लिए जिसकी मदद से मेजबान टीम ने चंडीगढ को 204 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु को पहली पारी में 97 रन की बढत मिली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर बढत 124 रन की हो गई।

### उत्तराखंड के खिलाफ गुजरात की स्थिति मजबूत

**अहमदाबाद।** मनन हिंगराजिया और जयमीत पटेल के शतकों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तराखंड के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। हिंगराजिया (116) और पटेल (121) ने पांचवें विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी करके गुजरात की पकड़ मजबूत कर दी। इससे पहले सिद्धार्थ देसाई ने 36 रन देकर नौ विकेट लेते हुए उत्तराखंड को पहले दिन पहली पारी में 111 रन पर आउट कर दिया था। गुजरात ने पहली पारी में 393 रन बनाए जिसमें उर्विल पटेल ने 53 रन बनाए थे। उत्तराखंड के लिए बाएं हाथ के स्पिनर मयंक मिश्रा ने 142 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि आफ स्पिनर अवनीश सुधा और शाश्वत डांगवाल को दो दो विकेट मिले। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उत्तराखंड ने चार विकेट पर 74 रन बना लिए थे और वह गुजरात से 204 रन पीछे है। कप्तान रविकुमार समर्थ 45 रन बनाकर और अभय नेगी चार रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं हैदराबाद में सलामी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल के 327 गेंद में 177 रन की मदद से मेजबान टीम ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 565 रन बना लिए थे। अग्रवाल के अलावा कोडिमेला हिमतेजा ने 76, अभिरथ रेड्डी ने 73, राहुल राडेश ने 52 और 11वें नंबर के बल्लेबाज सरानु निशांत ने 71 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर हिमाचल प्रदेश ने एक विकेट पर 33 रन बना लिए थे और वह 532 रन से पीछे है। जयपुर में विदर्भ की टीम दूसरी पारी में चार विकेट पर 84 रन बनाने के बाद अब भी राजस्थान से 16 रन पीछे है। विदर्भ को 165 रन पर आउट करने के बाद राजस्थान ने कप्तान महिपाल लोमरोर के 72 और विकेटकीपर समर्पित जोशी के 78 रन की मदद से 265 रन बनाए। पुडुच्चेरी में मेजबान टीम ने आंध्र के पहली पारी के 303 रन के जवाब में पांच विकेट पर 209 रन बना लिए थे।

### शारदुल और तनुष ने मुंबई को जम्मू-कश्मीर के खिलाफ संकट से उबारा



**मुंबई।** शारदुल ठाकुर के जुझारू शतक से खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच के दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ वापसी करने की कोशिश की।पहली पारी में 86 रन से पिछड़ने के बाद मुंबई ने दूसरी पारी में 101 रन तक सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन शारदुल (नाबाद 113 रन, 119 गेंद, 17 चौके) ने तनुष कोटियान (नाबाद 58, 119 गेंद, छह चौके) के साथ आठवें विकेट के लिए 173 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला।दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने शारदुल और कोटियान की पारियों की बदौलत सात विकेट पर 274 रन बनाकर 188 रन की बढ़त हासिल कर ली है।शारदुल को इस पारी के दौरान पैर में जकड़न की समस्या से जूझना पड़ा। कोटियान ने भी एक बार फिर टीम को मुश्किल से बाहर निकालने में योगदान दिया। रोहित शर्मा (28) और यशस्वी जायसवाल (26) ने पहले विकेट के लिए तेजी से 54 रन जोड़कर दूसरी पारी में मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। श्रेयस अय्यर (17) और अजिंक्य रहाणे (16) ने क्रीज पर पैर जमाने के बाद विकेट गंवाए। मुंबई का स्कोर बिना विकेट के 54 रन से सात विकेट पर 101 रन हो गया लेकिन शारदुल और कोटियान ने अटूट शतकीय साझेदारी करके पारी को संवारा।नासिक में महाराष्ट्र ने शीर्ष पर चल रहे बड़ौदा के खिलाफ दूसरी पारी में अपनी बढ़त को 275 रन तक पहुंचाकर अपना पलड़ा भारी रखा। पहली पारी में 297 रन बनाने के बाद महाराष्ट्र ने बड़ौदा को 145 रन पर ढेर करके 152 रन की बड़ी बढ़त हासिल की।

### स्मरण के दोहरे शतक से कर्नाटक ने पंजाब पर शिकंजा कसा



**बेंगलुरू।** रविचंद्रन स्मरण के करियर के पहले दोहरे शतक की मदद से कर्नाटक ने पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां पहली पारी में 475 रन बनाकर 420 रन की बढ़त हासिल की।पंजाब को पहले दिन पहली पारी में 55 रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 199 रन से की। कल के नाबाद बल्लेबाज स्मरण ने 277 गेंद में 25 चौकों और तीन छक्कों से 203 रन बनाकर कर्नाटक के विशाल स्कोर की नींव रखीं। कर्नाटक की पारी के दूसरे शीर्ष स्कोरर अभिनव मनोहर रहे जिन्होंने 34 रन बनाए। स्मरण ने एक छोर संभाले रखा जबकि कुछ अन्य बल्लेबाजों ने उपयोगी पारियां खेलीं। कर्नाटक की टीम 122.1 ओवर में आउट हो गई। पंजाब की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और टीम ने 13 ओवर में 24 रन तक दो विकेट गंवा दिए हैं। कप्तान शुभमन गिल सात जबकि जसिंदर सिंह खाता खोले बिना खेल रहे हैं। पंजाब की टीम अब भी 396 रन से पीछे है। कल्याणी में अनुज ठकराल ने 31 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे हरियाणा ने बंगाल को पहली पारी में 124 रन पर समेट दिया। पहली पारी में 157 रन बनाने वाले हरियाणा ने पहली पारी के आधार पर 33 रन की बढ़त हासिल की।हरियाणा ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 158 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 190 रन तक पहुंचाई। दिन का खेल खत्म होने पर हिमांशु राणा (46) और निशांत सिंधू (26) क्रीज पर थे।

# बुमराह, जडेजा और जायसवाल को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह

**दुबई।** भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह, अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शुक्रवार को 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में जगह मिली। इंग्लैंड के चार खिलाड़ी भी इस टीम का हिस्सा है जबकि ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को कप्तान बनाया गया है। टीम में दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन सहित न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। आईसीसी की इस ऑल स्टार टीम में जगह बनाने वाले कमिंस एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर है। बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और प्रत्एक टीम तथा प्रत्एक उस बल्लेबाज पर दबदबा बनाया जिसे उन्होंने गेंदबाजी की। वह टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम की औसत से कम से कम 200 विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने और इतिहास में अपना नाम लिखवाया।बुमराह ने 2024 में 14.92 के औसत से 71 विकेट चटकाए और टेस्ट क्रिकेट में साल में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 32 विकेट चटकाए लेकिन भारत को पांच मैच की श्रृंखला में।-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### मंधाना व दीप्ति आईसीसी की महिला वनडे टीम में शामिल

**दुबई।** स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की शुक्रवार को जारी वर्ष 2024 की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है लेकिन पुरुष टीम में किसी भी भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली। भारत की इन दोनों खिलाड़ियों के अलावा महिला वनडे टीम में इंग्लैंड की तीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की दो दो तथा श्रीलंका और वेस्टइंडीज की एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ट को महिला वनडे टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है। मंधाना ने पिछले साल 13 मैच में 747 रन बनाए तथा वह 2024 में महिला वनडे में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रही। वह आईसीसी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर बनने की दौड़ में भी शामिल है।दीप्ति ने भी पिछले साल 13 मैच खेले जिसमे उन्होने 186 रन बनाने के अलावा 24 विकेट भी लिए। उन्हे ऑलराउंडर के रूप में आईसीसी की वर्ष की महिला वनडे टीम में शामिल किया गया है।

# 38वें राष्ट्रीय खेल : भव्य समारोह में यूपी के दल की रवानगी

## सीएम के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने झंडी दिखाकर यूपी के दल को किया रवाना



**लखनऊ।** 24 जनवरी 2025। उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की रवानगी शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत शुक्रवार को भव्य विदाई के साथ हुई।केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने ओलंपिक ध्वज दिखाकर उत्तर प्रदेश के दल को रवाना किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने किया।म ुख्य अतिथि अवनीश कुमार अवस्थी ने मौजूद खिलाड़ियों को किट प्रदान कर उत्तर प्रदेश दल को किट वितरण की शुरुआत की। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेलों को अभूतपूर्व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि बेहतरीन तैयारियों के चलते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इस बार अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित करेंगे।उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को अपने प्रेषित शुभकामना संदेश में कहा कि आप सभी मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें। हम सभी को आप पर गर्व है और हमें विश्वास है कि आप अपनी प्रतिभा से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। अब तक उत्तर प्रदेश की कलारीपयट्ट, ट्रायथलॉन, हैंडबॉल, बीच हैंडबॉल, योगासनए बास्केटबॉल,साइकिलिंग, तीरंदाजी व बाक्सिंग टीम को किट प्रदान की चुकी है। आज समारोह में उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डॉआरपी सिंहए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ सैयद रफ्त जुबैर रिजवी उत्तर प्रदेश दल के डिप्टी चीफ डि मिशन विनय कुमार सिंह कोषाध्यक्षहैंडबॉल एसोसिएशन मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### खेल मंत्री ने दिव्यांग भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने श्रीलंका के कोलंबो में शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेटरों की चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत के लिए शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। मंगलवार को कटुनायके के एफटीजेड क्रिकेट ग्राउंड्स में रोमांचक फाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 79 रन से हराया। मांडविया ने एक बयान में कहा, यदि आप दिव्यांग है तो इसका मतलब यह नही है कि आप देश को गौरवांवित नही कर सकते। आपकी जीत इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम ने कठिन चयन प्रक्रिया से लेकर श्रीलंका में अपने प्रदर्शन तक जो जुनून दिखाया है, वह आपके दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान पर जीत सहित छह में से पांच मैच जीतना कोई छोटी उपलब्धि नही है। भारतीय टीम का चयन उदयपुर में हुआ जहां 28 राज्यों के 450 से अधिक क्रिकेटरों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया।इस खिलाड़ियों में से 56 खिलाड़ियों का चयन जयपुर में चैलेंजर ट्रॉफी के लिए किया गया और अंत में 17 खिलाड़ियों को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया।

### रॉयल्स ने एसए 20 में डरबन सुपर जाइंट्स को हराया

डरबन। पार्ल रॉयल्स ने डरबन सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर एसए 20 के तीसरे सत्र में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रॉयल्स के अब 20 अंक है और प्लेआफ के लिए क्वालीफाई करने वाली वह पहली टीम बनने के करीब है। दूसरी ओर सुपर जाइंट्स आठ अंक लेकर तालिका में नीचे है और तीन लीग मैच बाकी रहते अब उसका क्वालीफाई करना मुश्किल है। लांस क्लूजनर की टीम अगर बाकी सारे मैच एक बोनस अंक के साथ भी जीतती है तो उसके अधिकतम 23 अंक होंगे। यह मैच अफगानिस्तान के स्पिनरों के बीच का मुकाबला भी था जिसमें रॉयल्स के लिए मुजीबुर रहमान और सुपर जाइंट्स के लिए नूर अहमद खेल रहे थे। मुजीब के दो विकेट की मदद से रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को सात विकेट पर 142 रन पर रोक दिया। सुपर जाइंट्स के लिए मैथ्यू ब्रीज्के (25) और क्विंटोन डिकॉक (43) ने पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की। मुजीब ने हेनरिच क्लासेन को दो रन पर आउट करके बीच के ओवरों में रनगति पर अंकुश लगाया।

### पाकिस्तान और नेपाल ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते

कुआलालंपुर। पाकिस्तान और नेपाल ने शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप में चौथे स्थान के प्लेऑफ मैच जीते। युवा तेज गेंदबाज हनिया अहमर के चार विकेट के दम पर पाकिस्तान ने समोआ को 52 रन से पराजित किया। दूसरी तरफ नेपाल ने कम स्कोर वाले मैच में मलेशिया को सात विकेट से हराया।पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 136 रन बनाए और फिर इसके बाद समोआ को 18.5 ओवर में 84 रन पर आउट कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से हनिया ने 20 रन देकर चार विकेट लिए।

### वन- 7 स्पोर्ट्स ने ओटीटी प्लेटफार्म का अनावरण

**नई दिल्ली।** वन7स्पोर्ट्स खेल स्ट्रीमिंग और प्रशंसकों की भागीदारी में एक नया बेंचमार्क स्थापित करते हुएए अपने बहुप्रतीक्षित ओवर-द-टॉप ओटीटी वन7लाइव प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा करता है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रशंसकों को विशेष सामग्री, निर्बाध स्ट्रीमिंग और इंटरैक्टिव अनुभवों के साथ कार्रवाई के करीब लाने का वादा करता है। वन7स्पोर्ट्स ओटीटी प्लेटफॉर्म को उन खेल प्रेमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो सिर्फगेम.डे से ज्यादा चाहते हैं। लाइव मैचों, पर्दे के पीछे के फुटेज, खिलाड़ियों के साक्षात्कार और मूल शो के एक क्यूरेटेड चयन के साथ मंच का उद्देश्य यह फिर से परिभाषित करना है कि प्रशंसक अपने पसंदीदा खेलों और एथलीटों के साथ कैसे जुड़ते हैं। इस अवसर पर उपस्थित अजय छांगानी सह.संस्थापक और सीईओ वन 7 स्पोर्ट्स ने टिप्पणी की कि ष्हमारा नया ओटीटी प्लेटफॉर्म केवल खेल देखने के बारे में नहीं हैए यह उन्हें जीने के बारे में है। हमने एक अद्वितीय अनुभव देने के लिए खेल के प्रति जुनून के साथ अत्याधुनिक तकनीक को जोड़ा है जो प्रशंसकों को एक्शन के दिल से जोड़ता है। हम स्थानीय खेलों के रोमांच को व्यापक दर्शकों के सामने लाने के लिए बेहद उत्साहित हैं। वन7 में हम मानते हैं कि प्रत्येक स्थानीय खिलाड़ी एक नायक है। वन7 स्पोर्ट्स के सह.संस्थापक अर्पित जैन ने कहा कि स्थानीय खेल हर समुदाय के दिल में होते हैं। वन7 स्पोर्ट्स इन एथलीटों को वह मान्यता देने के लिए समर्पित है जिसके वे हकदार हैं। यह मंच विश्व स्तर पर उपलब्ध होगाए जो सदस्यता योजनाओं की पेशकश करेगा जो विविध दर्शकों को पूरा करते हैं। बहुभाषी सामग्री और क्षेत्र.विशिष्ट पेशकशों के साथए वन7स्पोर्ट्स दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए समावेशिता सुनिश्चित करता है। उन्होंने आगे कहा ष्हमने सभी खेल प्रेमियों को अंतिम खेल स्ट्रीमिंग अनुभव प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी और जुनून को जोड़ने की कोशिश की है।वन7 स्पोर्ट्स विभिन्न क्षेत्रों में जमीनी स्तर के एथलीटों पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्थानीय खेलों को देखने और अनुभव करने के तरीके को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अभिषेक शर्मा को ट्रेनिंग के दौरान टखने में चोट लगी

**चेन्नई।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को इंग्लैड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से पहले चोट लगी जब शुक्रवार को यहां नेट सत्र में कैचिंग ड्रिल के दौरान उनका टखना मुड़ गया। इसके बाद अभिषेक की मैदान पर टीम के फिजियोथेरेपिस्ट ने जांच की और फिर टखने को आराम देने के लिए उन्हे ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया।पवेलियन लौटते समय उन्हे थोड़ा लंगड़ाते हुए देखा गया और उन्होंने नेट पर बल्लेबाजी भी नही की।चौबीस वर्षीय अभिषेक ने ड्रेसिंग रूम में फिजियो के साथ आधे घंटे से अधिक समय बिताया।कोलकाता में पहले मैच में अभिषेक ने 79 रन की तेज पारी खेली थी जिसकी बदौलत भारत ने सात विकेट से आसान जीत दर्ज की थी।अगर अभिषेक को शनिवार को यहां होने वाले मैच से बाहर बैठना पड़ता है तो भारत के पास वाशिंगटन सुंदर या ध्रुव जुरेल को अंतिम एकादश में शामिल करने का विकल्प है।ऐसी स्थिति में तिलक वर्मा को संजू सैमसन के साथ पारी का आगाज करने का मौका मिल सकता है। ोलकाता में पहला मैच सात विकेट से जीतकर भारत पांच मैच की श्रृंखला में।-0 से आगे है।

### अंपायर और चौकन्ने रहते तो मजा आता , जम्मू कश्मीर के कप्तान डोगरा ने कहा

मुंबई। जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने गत चैम्पियन मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में अंपायरिंग के स्तर पर निराशा जताते हुए कहा कि मैच अधिकारियों को और चौकन्ना रहना चाहिए था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 140 मैच खेल चुके 40 वर्ष के डोगरा ने कहा कि ऐसा कई सालों से चला आ रहा है। दूसरे दिन आईसीसी एलीट पैनल से बाहर किए गए अंपायर सुंदरम रवि मुंबई की पारी के दौरान श्रेयस अय्यर के बल्ले से गेंद टकराने की आवाज नही सुन सके जबकि वह सभी ने सुनी। उन्होने मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे को विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया। रहाणे सीमारेखा तक पहुंच चुके थे जब उन्हे वापिस बुलाया गया। रवि ने उमर नजीर की गेंद को नोबॉल करार दिया लेकिन इस बार उनकी गलती सुधारने के लिए रिप्ले नही था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001